संसेक्स 71,822.83 ▲ +267.64
डॉलर 83.0365 ▼ -0.0239

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 23.0 | 13.0 | 15.0 |
| धनबाद | 26.0 | 16.0 | 18.0 |
| जमशेदपुर | 28.0 | 17.0 | 19.0 |
| पलामू | 24.0 | 13.0 | 15.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





रांची, माघ शुक्ल पक्ष 06, विक्रम संवत 2080 | रांची, गुरुवार, 15 फरवरी 2024, वर्ष-25, अंक 16, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय — समान नागरिक संहिता पर केंद्रीय...08


रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित


प्रचंड बदलेंगे पार्टी का नाम 'माओवादी'...12 — देश विदेश







**रांची सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 61,530

चांदी (1 किलो) 75,500

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

# चंपई सोरेन मंत्रिमंडल का विस्तार कल चार-पांच नए चेहरों को मिलेगी जगह

## नए मंत्रियों में दो डिप्टी सीएम, एक झामुमो और दूसरे कांग्रेस कोटे से

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में चंपई सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार 16 फरवरी को होगा। यह तय माना जा रहा है कि नए मंत्रिमंडल में चार से पांच नए चेहरे होंगे। नए मंत्रियों में दो को डिप्टी सीएम का दर्जा मिलेगा। इनमें एक झामुमो और दूसरे कांग्रेस कोटे से होंगे।

हेमंत सोरेन की कैबिनेट में कांग्रेस कोटे से जिन चार चेहरों को जगह मिली थी, उनमें से एक आलमगीर आलम सीएम चंपई सोरेन के साथ विगत 2 फरवरी को शपथ ले चुके हैं। बाकी तीन चेहरों में से दो को बदले जाने की चर्चा है। इनमें डॉ. रामेश्वर उरांव पूर्व की सरकार में वित्त एवं योजना सह खाद्य आपूर्ति एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्री थे। वे 76 वर्ष के हैं और उन्हें उम्र के तकाजे के आधार पर ड्रॉप किया जा सकता है। हाल में एक कार्यक्रम में उन्होंने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य के पहले मुख्यमंत्री रहे बाबूलाल मरांडी के कार्यकाल की प्रशंसा की थी। इसकी खबर झारखंड कांग्रेस का एक खेमा पार्टी के शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचा चुका है। इसी तरह हेमंत सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे बन्ना गुप्ता भी एक महिला से बातचीत को लेकर वायरल वीडियो और विभागीय अनियमितताओं के कुछ मामलों को लेकर विवादों में रहे हैं।

## राज्य में कांग्रेस के 17 विधायकों में से चार महिलाएं

हालांकि, कांग्रेस के सभी मंत्रियों में वह सबसे ज्यादा मुखर रहे हैं। कांग्रेस कोटे के चौथे मंत्री बादल पत्रलेख संथाल परगना इलाके से आते हैं। उनकी जगह दीपिका पांडेय सिंह को मौका मिल सकता है, जो कि संथाल के ही महागामा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं। राज्य में कांग्रेस के 17 विधायकों में से चार महिलाएं हैं। इनमें से किसी एक को हेमंत सोरेन सरकार के वक्त से ही मंत्रिमंडल में जगह देने की मांग उठती रही है। दीपिका पांडेय सिंह को राहुल गांधी कैंप के विश्वस्त युवा नेताओं में गिना जाता रहा है। इस वजह से उनकी दावेदारी मजबूत मानी जा रही है।

## दीपिका पांडेय को राहुल कैंप के विश्वस्त नेताओं में गिना जाता है नोट

## झारखंड के बुनियादी ढांचा को मजबूत करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : सीएम



**सरायकेला।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य के बुनियादी ढांचा को मजबूत करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने चार वर्षों के कार्यकाल में विकास और जनकल्याण के लिए जो नीतियां और योजनाएं बनाईं, उसे और प्रभावी एवं बेहतर ढंग से धरातल पर उतारने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री सोरेन ने ये बातें बुधवार को सरायकेला-खरसावां के गम्हरिया प्रखंड स्थित अपने पैत्रिक गांव जिलिंगगोड़ा में मीडिया को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली, पानी, सड़क समेत तमाम आधारभूत संरचनाओं को मजबूत किया जाएगा।

## गढ़वा में अपराधियों ने ज्वेलरी प्रतिष्ठान से डेढ़ करोड़ के जेवरात लूटे




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के गढ़वा जिला मुख्यालय में एक ज्वेलरी प्रतिष्ठान से अपराधियों ने करीब डेढ़ करोड़ के जेवरात लूट लिए। लूटपाट के दौरान अपराधियों ने प्रतिष्ठान मालिक पर फायरिंग भी की, लेकिन वह बाल-बाल बच गए। इस वारदात से आक्रोशित लोगों ने सड़क पर उतरकर विरोध दर्ज कराया। वारदात मंगलवार की रात करीब नौ बजे की है। अपराधी गढ़देवी चौक स्थित रूप अलंकार ज्वेलर्स में ग्राहक बनकर घुसे। उन्होंने जेवरात दिखाने को कहा और फिर अचानक रिवॉल्वर निकाल लिया। प्रतिष्ठान के मालिक और कर्मचारियों को धमका कर सोने-चांदी के जेवरात बटोर लिए। उन्होंने करीब 20 मिनट तक लूटपाट की। अपराधियों की संख्या छह बताई गई है, जो दो बाइक पर सवार होकर आए थे। वारदात की जानकारी मिलने के बाद गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडे एवं अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस सीसीटीवी कैमरा भी खंगाल रही है। एसपी दीपक कुमार पांडे ने कहा कि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

**एक नजर**

## राज्य के 11 जिलों के जेलों में 150 कक्षपालों की होगी नियुक्ति

**रांची।** राज्य के जेलों में संविदा के आधार पर कक्षपालों की नियुक्ति होगी। इस संबंध में जेल आईजी सुदर्शन मंडल ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार 150 भूतपूर्व सैनिकों को एक साल के अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया जायेगा। जरूरत के अनुसार इस अनुबंध को बढ़ाया भी जा सकता है। अनुबंध पर नियुक्त किये गये भूतपूर्व सैनिकों को हर महीने 20 हजार वेतन मिलेगा। हर साल सेवा अवधि के विस्तार होने पर मानदेय में आठ प्रतिशत की बढ़ोतरी की जायेगी। इन कर्मियों को एक साल में सिर्फ 20 दिन का ही क्षतिपूर्ति अवकाश मिलेगा। ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर राज्य के पुलिस कर्मियों को जो राशि मिलती है, वही राशि इन कर्मियों को प्रदान की जाएगी। जारी आदेश के अनुसार 11 जिले में कक्षपालों की नियुक्ति होगी। इनमें केंद्रीय कारागार हजारीबाग में 52, मंडल कारा चतरा में एक, मंडल कारा लातेहार में दो, उपकारा बरही में नौ, उपकारा रामगढ़ में एक, मंडल कारा धनबाद में 21, बोकारो के मंडल कारा में पांच,मंडल कारा जामताड़ा में 12, उपकारा तेनुघाट में चार, केंद्रीय कारागार जमशेदपुर में 40 और मंडल कारा सिमडेगा में तीन शामिल हैं।

## रांची में 23 फरवरी से भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट मैच जेएससीए ने तय की टिकट दर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के जेएससीए स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा टेस्ट मैच खेला जाना है। इसे लेकर झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) ने टिकट दर भी तय कर दी है। यह मैच 23 फरवरी से 27 फरवरी के बीच आयोजित होगा। टेस्ट मैच को लेकर 20 फरवरी से काउंटर पर टिकट उपलब्ध हो जाएंगे। टिकट ए विंग लोअर, ए विंग लोअर टियर के लिए 400 रुपये प्रतिदिन और बी विंग के लिए 500 रुपये, लोअर टियर सी विंग के लिए 400 रुपये, लोअर टियर डी विंग के लिए 400 रुपये प्रतिदिन के दर से मिलेंगे। इसी तरह अमिताभ चौधरी पवेलियन का टिकट प्रतिदिन के लिए 700, प्रेसिडेंट एंक्लोजर का टिकट प्रतिदिन के लिए 2000, हॉस्पिटैलिटी ब्लॉक के लिए 1500 रुपये का टिकट प्रतिदिन और कॉर्पोरेट लॉन्च का टिकट प्रति दिन प्रति व्यक्ति 1200 रुपये के दर से उपलब्ध होगा। हालांकि इसमें खास बात यह है कि इसमें खाने पीने का पैसा शामिल नहीं है। उल्लेखनीय है कि भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा टेस्ट कल, गुरुवार से गुजरात के राजकोट में शुरू हो रहा है। फिलहाल सीरीज 1-1 से बराबरी पर है।

# राज्यसभा चुनाव : सोनिया गांधी ने राजस्थान से भरा नामांकन



**एजेंसी। पटना**

जयपुर, 14 फरवरी (हि.स.)। कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को राजस्थान से राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल किया। सोनिया गांधी ने राज्य विधानसभा के सचिव एवं रिटर्निंग ऑफिसर महावीर प्रसाद शर्मा को अपना नामांकन पत्र सौंपा। इस मौके पर सोनिया गांधी के साथ उनके पुत्र एवं सांसद राहुल और पुत्री प्रियंका गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली मौजूद रहे। सोनिया गांधी वर्तमान में उत्तर प्रदेश के रायबरेली से लोकसभा की सदस्य हैं। अब उन्होंने पहली बार राज्यसभा के लिए नामांकन भरा है। राजस्थान में राज्यसभा की 10 सीटें हैं, इनमें से तीन सीटों के लिए निर्वाचन होना है। ये सीटें 03 अप्रैल 2024 को रिक्त हो रही हैं। कांग्रेस के डॉ. मनमोहन सिंह और भाजपा के भूपेंद्र यादव का कार्यकाल 03 अप्रैल 2024 को पूरा हो रहा है, जबकि भाजपा के डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने विधानसभा चुनाव जीतने के बाद राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया था। विधायकों की संख्याबल के हिसाब से तीन में से दो सीट पर भाजपा और एक सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी की जीत तय है।

## विनोद सिंह और भानु बन सकते हैं सरकारी गवाह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बड़गाईं अंचल के तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद और विनोद सिंह 8.5 एकड़ जमीन कब्जा मामले में सरकारी गवाह बन सकते हैं। इस मामले में दोनों से ही ईडी को छानबीन में बहुत सहयोग मिला है। सूत्रों ने बताया कि इनसे मिले इनपुट के आधार पर ईडी को अनुसंधान में बहुत तथ्य मिले हैं, जो केस को मजबूती देंगे। छह अप्रैल 2021 को विनोद सिंह ने बैंक्वेट हॉल के निर्माण का नक्शा हेमंत सोरेन को चैट के जरिए भेजा था। ईडी का दावा है कि इस चैट में जो लोकेशन दिया गया है, वह बरियातु स्थित 8.5 एकड़ जमीन है। इधर ईडी ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के करीबी माने जाने वाले आर्किटेक्ट विनोद सिंह को फिर समन किया है। ईडी ने उन्हें समन भेजकर 15 फरवरी को पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे पहले ईडी ने बीते तीन जनवरी और 13 फरवरी को विनोद सिंह के कई ठिकाने पर छापेमारी की थी। शेष पृष्ठ 11 पर

## जेपी नड्डा गुजरात, महाराष्ट्र से अशोक चव्हाण व ओडिशा से अश्विनी वैष्णव से होंगे उम्मीदवार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को राज्यसभा चुनाव में गुजरात से पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। महाराष्ट्र से अशोक चव्हाण को उम्मीदवार बनाया गया है। चव्हाण मंगलवार को ही भाजपा में शामिल हुए थे। वही रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ओडिशा से उम्मीदवार होंगे जिन्हें बिजद का समर्थन प्राप्त है। भाजपा द्वारा जारी सूची में गुजरात से पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, गोविंदभाई ढोलकिया, मयंकभाई नायक, जशवंतसिंह सलामसिंह परमार हैं। महाराष्ट्र से अशोक चव्हाण, मेधा कुलकर्णी, अजीत गोपछड़े हैं।

## बोकारो में दूसरे दिन भी पुलिस-नक्सली मुठभेड़

**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**

बोकारो में बुधवार को दूसरे दिन भी पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। यह मुठभेड़ झुमरा और लुगू पहाड़ जंगल की सीमावर्ती जगेश्वर बिहार थाना क्षेत्र के हलवे (तिलैया) के डूमरपनिया के पास जंगल के इलाके में मुठभेड़ बुधवार सुबह करीब 9.30 बजे शुरू हुई। एक घंटे तक दोनों ओर से ताबड़तोड़ 25 से 30 राउंड गोलियां चलीं। इसके बाद भी रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। मालू हो कि मंगलवार को भी चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के चूट्टे पंचायत अंतर्गत सुरक्षाबलों और नक्सलियों में मुठभेड़ हुई थी। दो घंटे तक सैंकड़ों राउंड गोलियां चली थीं। बताया जा रहा है कि बिरसेन उर्फ काना के दस्ते के साथ ही सुरक्षाबलों की मुठभेड़ हो रही है, जिसमें 15 से 20 नक्सली शामिल हो सकते हैं। पुलिस के अनुसार मंगलवार को मुठभेड़ में शामिल नक्सलियों की सुरक्षाबलों द्वारा जंगल की टोह ली जा रही थी। इसी क्रम में मोढ़ा के आसपास जंगल में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई है।

## बिहार पेपर लीक माफिया से संबंध, चार अन्य गिरफ्तार

**जेएसएससी सीजीएल परीक्षा**

**रांची।**

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक की पूरी साजिश बिहार की राजधानी पटना में रची गई थी। इसमें झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मोहम्मद शमीम और उसके दो बेटों के साथ-साथ कई और लोग शामिल थे। मिली जानकारी के अनुसार प्रश्न पत्र लीक मामले में रांची पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अन्य चार लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रश्न पत्र लीक करने में बिहार का एक बड़ा गिरोह शामिल है।

यह गिरोह अक्सर प्रश्न पत्र लीक कर कई प्रतियोगी परीक्षाओं को प्रभावित करता रहा है। जानकारी के अनुसार मामले की जांच कर रही एसआईटी झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 (जेएसएससी) का प्रश्न पत्र लीक मामले में बिहार कनेक्शन के बिल्कुल पास पहुंच चुकी है। प्रश्न पत्र लीक मामले में बिहार के कई सरकारी अधिकारी के शामिल होने की आशंका जताई जा रही है। रांची पुलिस की दो टीमें अभी भी पटना में मौजूद हैं। जांच में यह बात सामने आ चुकी है कि झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मो शामीम ने एक अभ्यार्थी पवन कुमार को 25 जनवरी की रात पटना भेजा था। अवर सचिव ने उसे एक मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया था। कहा गया था कि पटना स्टेशन पहुंचकर वह उस मोबाइल नंबर पर बात करे।

## इंडिया — भारत में रचे बसे हैं एक सूत्र में बांधने वाले बासंतिक त्योहार



सुनील बादल

अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई की बहुलता और सोशल मीडिया से युवा पीढ़ी भले हग डे और वैलेंटाइन जैसे विदेशी त्योहारों के बाजार से भ्रम में हो पर भारत की जड़ों में इसकी नसों में इसकी अपनी संस्कृति रची-बसी है जो इसे भारतीयता से जोड़े रखती है। भारत बहुभाषी और बहुरंगी संस्कृतियों का संगमस्थल है जहां सभी भारतीय पर्व त्योहार कहीं न कहीं संस्कृति या प्रकृति से जुड़े हैं लोहड़ी,उगादि,पोंगल ओणम और बिषु तथा अन्य। पंजाब से लेकर पूर्वोतर तक और पश्चिम से लेकर दक्षिण तक विभिन्न रूपों में ऋतुओं का राजा फिल्मों तक में छाया हुआ है। जब शरद ऋतु की समाप्ति और न अधिक गर्मी न अधिक ठंढ के बीच फसल तैयार रहने से उल्लास और खुशी के त्यौहार, मंगल कार्य, विवाह, सुहाना मौसम, आम की मोहनी खुशबू, कोयल की कूक, शीतल मन्द सुरभित हवा, खिलते फूल, मतवाला माहौल, सुहानी शाम, फागुन के मदमस्त करने वाले गीत सब मिलकर अनुकूल समां बाधते हैं । इस दिन को सरस्वती और लक्ष्मी देवी का जन्म दिवस भी माना जाता है। सनातन संस्कृति में वसंत पंचमी मनाने को लेकर कई मान्यताएं हैं। वसंत ऋतु और वसंत पंचमी का महत्व भी अलग है। वसंत पंचमी माघ माह की शुक्ल पंचमी के दिन मनाई जाती है। कहा जाता है कि इसी दिन कामदेव मदन का जन्म हुआ था। लोगों का दांपत्य जीवन सुखमय हो इसके लिए लोग रतिमदन की पूजा और प्रार्थना हैं। देवी सरस्वती का जन्म वसंत पंचमी को हुआ था, इसलिए उस दिन उनकी पूजा की जाती है, और इस दिन को लक्ष्मी जी का जन्मदिन भी माना जाता है; इसलिए इस तिथि को 'श्री पंचमी' भी कहा जाता है। इस दिन सुबह अभ्यंग स्नान किया जाता है और पूजा की जाती है। वसंत पंचमी पर, वाणी की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती की पूजा और प्रार्थना का बहुत महत्व है। शास्त्रों के अनुसार, वाग्देवी सरस्वती ब्रह्मस्वरूप, कामधेनु और सभी देवताओं की प्रतिनिधि हैं। वह विद्या, बुद्धि और ज्ञान की देवी हैं। अमित तेजस्विनी और अनंत गुण शालिनी देवी सरस्वती की पूजा और आराधना के लिए माघ मास की पंचमी तिथि निर्धारित की गई है। देवी सरस्वती ने वाणी सहित सभी आत्माओं को ज्ञान और बुद्धि प्रदान की थी । ऐसा माना जाता है कि इस पंचमी को सरस्वती की जयंती के रूप में मनाया जाता है क्योंकि यह घटना माघ महीने की पंचमी को हुई थी। इस देवी के वागेश्वरी, भगवती, शारदा, वीणा वादिनी और वाग्देवी जैसे अनेक नाम हैं। संगीत की उत्पत्ति के कारण, उन्हें संगीत की देवी के रूप में भी पूजा जाता है। वसंत पंचमी के दिन ज्ञान और बुद्धि देने वाली देवी सरस्वती की पूजा की जाती है। वसंतोत्सव में पीले रंग का खास महत्व है, इसीलिए पीले रंग को बसंती रंग भी कहा जाता है। पीला रंग धमार्नुसार भी शुभ माना जाता है। हर शुभ काम में पीला वस्त्र धारण करने की परंपरा रही है।



वसंतोत्सव में युवा भी पीले रंग में रंगे नजर आते हैं।वसंत को ऋतुओं का राजा कहा जाता है। कालिदास की रचनाओं में वसंत प्रमुखता से है। रामचरित मानस में कहा गया है कि वसंत में धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों सुलभ होते हैं। सुभद्रा कुमारी चौहान ने वसंत का वर्णन करते हुए कहा है कि दुल्हन बनी धरती अंग-अंग से पुलकित है। बसंत का मौसम आदि काल से प्यार का मौसम कहलाता रहा है। धर्मशास्त्रों के अनुसार इस दिन वसंत का अवतरण होता है और इसी के साथ वसंतोत्सव की शुरूआत होती है। ह्यसरस्वती कंठाभरणह्व, मत्स्य सूक्त आदि ग्रंथों में इसकी चर्चा की गई है। प्रेम सागर में भी गोप-गोपियों के साथ श्रीकृष्ण के वसंतोत्सव मनाने का वर्णन है।

## एक नजर

### चान्हो-मांडर प्रखंडों में भक्ति भाव से की गई मां सरस्वती की पूजा अर्चना

**चान्हो / मांडर।** पूरे चान्हो-मांडर प्रखंड में सरस्वती पूजा व बसंत पंचमी धूमधाम से मनायी जा रही है। मां सरस्वती की दर्जनों प्रतिमाएं गांवों के मुहल्ले व प्रमुख जगहों पर स्थापित हैं। छात्र-छात्राएं मां की पूजा अर्चना व वरदान मांगने में लीन दिखे। प्रतिमा स्थलों, पंडालों व अखाड़ों को सजाया गया है। सुबह से ही मंदिरों में भीड़ उमड़ रही है। महिलाओं व छात्र-छात्राओं व युवाओं में अधिक उत्साह है। तक्षशिला इंस्टिट्यूट सोंस समेत ओपा ,पतरातु, बेतलंगी,गणेशपुर, रघुनाथपुर, सिलागाई, चोरिया, चामा , आरा आदि कई गांवों में विधि विधान से पुजा करते लोग दिखे। वातावरण माइक पर बज रहे गीतों से गुंजायन है। कई जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हैं। साथ ही साथ मांडर के पुनगी, ब्राम्बे,राहे , सोसई आश्रम, शिव मंदिर, कंजिया, कंदरी, आदि सभी जगह माहौल पूजामय है।

### डुमरी में डिलिस्टिंग के खिलाफ ईसाई धर्मावलंबियों का प्रदर्शन

**गुमला।** जिले के डुमरी प्रखंड मुख्यालय में आदिवासी एकता मंच, जागृति युवा क्लब नवाडीह के बैनर तले ईसाई धर्मावलंबियों ने डिलिस्टिंग के विरोध में जुलूस निकाल कर प्रदर्शन किया। प्रखंड के कई गांवों से हजारों की संख्या में जुटे ईसाई आदिवासियों ने हाथों में तख्ती लेकर नारे लगाते हुए जुलूस डेरा मैदान से चलकर क्रूस चौक, जीतियाटोली से होते हुए ब्लॉक रोड़ से होकर प्रखंड स्टेडियम पहुंचे और सभा की। सभा को जिप सदस्य मरियानुस तिग्गा, सचिव प्रफुल लिंडा, शंकर उरांव, सुरेंद्र उरांव, फदियुस मिंज आदि ने सभा को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि डिलिस्टिंग के माध्यम से हम आदिवासियों के हक, अधिकार को खत्म करना चाहते हैं। इसके लिए सरना और ईसाई के बीच में फूट डालो और करो राज की राजनीति किया जा रहा है। हमलोग आज यहां हजारों की संख्या में एकजुट होकर सरकार को यही संदेश देने के लिए हैं कि देश के हम सभी 32 जनजाति आदिवासी एक हैं। हम आदिवासियों को धर्म, जाति के नाम पर बांटना चाहते हैं। हमारे आरक्षण को हटाकर हमें गुलाम बनाना चाहते हैं। ऐसा हम कतई होने नही देंगे।

### कोहरे के कारण टैंकर अनियंत्रित, कोई हताहत नहीं

**जामताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के देवलबाड़ी गांव के समीप एक अनियंत्रित टैंकर एक मकान से टक्कराते-टक्कराते बाल-बाल बच गया।घटना बीते रात्रि मंगलवार करीब 12 बजे की बताई जा रही है। हांलाकि इस सड़क दुर्घटना किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार देवघर की ओर से केमिकल लेकर धनबाद की ओर जा रहे एक टेंकर जीजे12बीजेड 3224 कोहरे के कारण अचानक गोबिन्दपुर साहेबगंज मुख्य सड़क मार्ग पर पड़ने वाले नारायणपुर थाना क्षेत्र के देवलबाड़ी गांव के समीप सड़क मार्ग से नीचे उतर गया।

# खलारी में श्रद्धा से की गई मां सरस्वती की पूजा



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** खलारी प्रखंड क्षेत्र में ज्ञान, बुद्धि और विवेक की देवी माता सरस्वती की पूजा श्रद्धा व उल्लास से मनाई गई। क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों सहित टोलों, मुहल्लों में माता सरस्वती की प्रतिमा रखकर विधानपूर्वक पूजा की गई। छोटे बड़े पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। साईंनगर स्थित पूजा पंडाल व वहां स्थापित माता की प्रतिमा काफी आकर्षक थी। इसके अलावा अन्य पंडालों के निर्माण में भी आयोजकों ने अपनी अपनी कला का प्रदर्शन किया था। अनेक विद्यार्थियों व अन्य महिला पुरूषों ने पुष्पांजलि दी। देर शाम तक लोग पंडालों में घूम-घूमकर माता का दर्शन किए और प्रसाद लिए। शाम को पुनः आरती की गई। बच्चों, किशोरों में पूजा को लेकर काफी उत्साह था। बसंतोत्सव में अनेक महिलाएं पीला परिधान पहनी। एसीसी हाई स्कूल, साईनगर, गुलजारबाग, श्रीजानकी रमण मंदिर, एसीसी कालोनी ओटू टाइप, चदराधौड़ा, धमधमिया, करकट्टा, हेसालोंग, लपरा, डकरा, मोहननगर, केडीएच, बरटोला, सुभाष नगर, चुरी कालोनी सहित कई जगहों पर माता सरस्वती की प्रतिमा रखकर पूजा की गई। अधिकतर प्रतिमाएं गुरूवार को विसर्जित कर दी जाएंगी।

### विवेकानन्द विद्या मंदिर में सरस्वती पूजा का आयोजन

**रांची।** धुर्वा सेक्टर-2 स्थित विवेकानन्द विद्या मंदिर स्कूल में सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया. पूजा समारोह में विशेष अतिथि के तौर पर सेवानिवृत्त न्यायाधीश एनएन तिवारी शामिल हुए. इस दौरान छात्रों और शिक्षकों ने मां सरस्वती की आराधना कर पुष्पांजलि दी. इसके बाद लोगों के बीच प्रसाद भोग का वितरण किया गया. कार्यक्रम में सभी लोगों ने श्रद्धापूर्वक बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. शाम में संध्या आरती की गई. वहीं कार्यक्रम का विद्यालय के युट्यूब एवं फेसबुक एकाउंट पर सीधा प्रसारण किया गया. कार्यक्रम में काशी नाथ मुखर्जी (अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंधन समिति), आदित्य बनर्जी (उपाध्यक्ष), अभय कुमार मिश्रा (सचिव), मलय कुमार नंदी (कोषाध्यक्ष), सपना मुखर्जी, डॉ. किरण द्विवेदी (ऑब्जर्वर), एसपी. सिंह (प्रभारी प्राचार्य), अमिताभ लाहा (प्रभारी प्राचार्य), एकता मिश्रा (हेड मिस्ट्रेस), शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित थे.

### पतहारातू में आयोजित हुआ खुशी चौपाल, ग्रामीणों ने लिया संकल्प

# जब आप जिंदादिली से खिलखिलाते हैं, मंजिल खुद ही आपकी ओर दौड़ पड़ती है : मुकेश सिंह चौहान



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** बुधवार को पतहारातू मुख्य चौक पर खुशी चौपाल का आयोजन हुआ। संचालन समाजसेवी भूपेन भगत और पंचायत समिति सदस्य शशांक शेखर दुबे ने संयुक्त रूप से की। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी क्लास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास को सम्बोधित करते हुए संस्था के संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि तनाव, डिप्रेशन को अपने जिंदगी में आस-पास भी फटकने नहीं देनी है। सकारात्मकता से खुशी जगती है और यही खुशी मंजिल तक ले जाती है। चौहान ने सकारात्मकता के ताकत से सम्बंधित कहानी भी सुनाई- महात्मा बुद्ध एक सेमिनार में बतौर वक्ता गएं। सेमिनार में 100 व्यक्ति बैठे थें। महात्मा बुद्ध बिना कुछ बोले वहां से लौट गएं। सेमिनार में बैठे लोग नाराज हो कर लौट गएं। पर कोई शिकायत नहीं किए। दूसरे दिन फिर सेमिनार आयोजित हुआ। इस बार 80 लोग पहुंचे। महात्मा बुद्ध फिर बिना बोले लौट गएं। लोगों में नाराजगी बढ़ी, पर फिर से कोई शिकायत नहीं हुई। तीसरे दिन सेमिनार में 50 लोग पहुंचे। बुद्ध फिर से चुप रहें। चौथे दिन सेमिनार में मात्र 15 व्यक्ति पहुंचे। बुद्ध की फिर से चुप्पी। पांचवे दिन वही 15 व्यक्ति पहुंचे। आज महात्मा बुद्ध खुल कर बोलें। सभी 15 व्यक्ति उनके अनुयायी बन कर उनका संदेश दूर-दराज फैलाने लगें। बुद्ध के शिष्य ने पूछा-सेमिनार में जब ज्यादा लोग थें, तब आप उपदेश क्यों नहीं दिए। ज्यादा अनुयायी बनते। बुद्ध मुस्कुरा कर बोलें- पहले जितने लोग थें, सभी या तो टाइम पास करने, या फिर चलो सुन लेते हैं, हर्ज क्या है ; इस सोच के साथ आए थें। अंत में जो वास्तव में समर्पित थे, वही रह गएं। जो धैर्य से रहे, वही अमृत तुल्य थे। लब्बोलुआब यह, किसी भी चीज को पाने के लिए आपको धैर्य के साथ समर्पित होना होगा। अंत में चौहान ने ग्राहकों से आग्रह किया कि अगर उन्हें कहीं लगता है कि कोई तनाव में है, खुशी क्लास से संपर्क कर सकते हैं। निःशुल्क उन्हें हर संभव मदद पहुंचाई जाएगी। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची के खुशी दूत संदीप शाह ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए सभी को स्वास्थ्य की दिशा में महत्वकांक्षी योजना आयुष्मान के बारे में भी बताया। मौके पर द्वारका प्रशाद साहू, मुकेश कुमार साहू, रामदास राय, प्रदीप कुमार मांझी, जितेंद्र पोद्दार, उत्तम मांझी, दीनबंधु पोद्दार, भावेश्वर महतो आदि मौजूद थे।

### लापुंग प्रखंड में सरस्वती पूजा धूमधाम से आयोजित

# चौक-चौराहों में भी की गई पूजा अर्चना



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड के ककरिया, सरसा देवगांव, लतरातु, लापुंग प्रखंड मुख्यालय, चम्पाडीह, सुकुरहुटू, दानेकेरा, लालगंज, पबीरा, कातिंगकेला, कोयनारा, जातालोया महुगांव सहित दर्जनों गांवों में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। प्रखंड के शैक्षणिक संस्थाओं के साथ-साथ सार्वजनिक सरस्वती पूजा पंडालों में पूरे उत्साह और उल्लास के साथ विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां शारदे की पूजा अर्चना की गई। राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा, राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय ककरिया, राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग, राजकीय मध्य विद्यालय लेटे, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लालगंज, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लतरातु, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बलांदु, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चम्पाडीह सहित दर्जनों विद्यालयों में छात्र-छात्राओं ने उपवास रखकर पूरे विधि विधान के साथ मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। लापुंग के पुजारी राजकुमार पाठक, रामशंकर पाठक, राजेश पाठक, सीताराम पाठक, सुरेश देवघरिया सहित अलग-अलग गांवों में अलग-अलग पुजारियों ने वेद मंत्रोंच्चार के बीच छात्र-छात्राओं को पूजा अर्चना कराया। इस मौके पर साड़ी पहनकर छात्र-छात्राओं ने काफी उत्साह और उल्लास के साथ पूजा अनुष्ठान में हिस्सा लिया। पूजा को सफल बनाने में प्रधानाध्यापक प्रकाश उरांव, समीउल्लाह हक, सरसा हाई स्कूल के बहादुर उरांव, ककरिया हाई स्कूल की प्रधान शिक्षिका स्वर्णलता कुजूर, अकमरोमा के हफिंन्द्र प्रधान, चम्पाडीह की सागेन होरो, आगुस्टीन लकड़ा, लापुंग के जीवेश्वर साय, लेटे के यू धनेश्वर राव, राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग के प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार राय सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# जरूरतमदों की प्राथमिक सूची में से नहीं मिल सका अबुआ आवास



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** खलारी में अबुआ आवास के लाभुकों की सूची जिले से आ गई है। लाभुकों के आवास निर्माण के चयनित स्थल का जियोटैग किया जा रहा है। पंचायतों की कई मुखिया का आरोप है कि जरूरतमंदों के प्राथमिक सूची के लोगों का नाम सूची में नहीं है। प्रखंड मुखिया संघ की अध्यक्ष पुतुल देवी, खलारी मुखिया तेजी किस्पोट्टा, मायापुर मुखिया पुष्पा खलखो ने बताया कि प्रखंड के 14 पंचायतों के लिए 500 लाभुकों की सूची जिले से आई है। इस सूची के अनुसार जरूरतमंदों के साथ न्याय नहीं हो सका है। कहा कि पंचायतों के ग्रामसभा से विधवा, विकलांग सहित अन्य ज्यादा जरूरतमंदों की सूची उपर रखी गई थी। परंतु जिले से जो सूची भेजी गई उसमें उनका नाम नहीं है। आरोप लगाया कि जिले से भेजी गई सूची में कई ऐसे नाम हैं जिनका पहले से पक्का मकान है। सूची में इस बदलाव के लिए क्या आधार बनाया गया है यह स्पष्ट किया जाय। मुखियाओं ने खलारी बीडीओ को भी अपनी भावनाओं से अवगत कराया है। पुतुल देवी ने आरोप लगाया है कि इसके पीछे बिचौलियों की मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता है।

### ओरमांझी में खुला टाइटेनियम महिन्द्रा का नया हाईटेक वर्कशॉप

**रांची।** रांची के क्यूरेस्टा ग्लोबल हॉस्पिटल के सामने, एनएच-33, चिड़ियाघर के पास, ओरमांझी रांची में, टाइटेनियम महिन्द्रा का नया एवं झारखंड में सबसे बड़ा वर्कशॉप खुला. यह वर्कशॉप वर्ल्ड क्लास सुविधा से लैस है एवं पेटिंग में बेहतर गुणवत्ता के लिए ऑटोमेटिक डबल बेबर पेंट बूथ लगा हुआ है. गाड़ी वॉसिंग के लिए फुल बॉडी ऑटोमेटिक वॉसिंग इक्यूपमेंट लगा हुआ है. टाइटेनियम महिन्द्रा में पिक एंड ड्रॉप सुविधा भी उपलब्ध है. टाइटेनियम महिन्द्रा के नए वर्कशॉप में 22 सर्विस बे लगे हैं. जिससे गाड़ियां जल्द से जल्द सर्विस होकर कस्टमर को मिल पाएगी. टाइटेनियम महिन्द्रा के वर्कशॉप का टाइ-अप सभी इंश्योरेंस कंपनी से है. यह वर्कशॉप लगभग 30,000 स्क्वायर फीट (स्क्वा. फी.) वर्किंग एरिया में बना है. यह रांची का पहला वर्कशॉप है, जहां सीआरएस मशीन लगी है. टाइटेनियम महिन्द्रा के नए वर्कशॉप में हाइली ट्रेन्ड एवं स्कील मेनपावर है, जो गाड़ियों को बेहतर सर्विस देंगे. यहां गाड़ियों की पार्किंग के लिए बहुत बड़ा ओपन स्पेस भी है. यहां स्पेयर पार्ट्स का एरिया भी बहुत बड़ा है और वर्कशॉप में अत्याधुनिक व नवीन टूल्स और इक्वीमेंट लगे हुए हैं.

## न्यूज बॉक्स

### सरकार के तय मानदंडों से मिले प्वाइंट के आधार पर आवास : खलारी बीडीओ

**खलारी।** खलारी बीडीओ संतोष कुमार ने बताया कि अबुआ आवास सूची बनाने में कहीं भी भेदभाव नहीं किया गया है। सरकार ने जो मानदंड तय किया था उसके आधार पर प्वाइंट था। प्वाइंट के आधार पर ही लाभुकों की सूची बनी है। ग्रामसभा को विश्वास में लेकर ही प्वाइंट दिए गए हैं। चूकि आवास प्वाइंट के आधार पर दिए गए हैं, इसलिए हो सकता है कि कोई ज्यादा जरूरतमंद का नाम पहले सूची में नहीं आ सका हो। सूची में नाम होने के बावजूद मुखिया की शिकायत पर कई नाम रोके भी गए हैं।

### मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने पंडालों का भ्रमण कर मां सरस्वती से लिया आशीर्वाद



**बेड़ो।** मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने बेड़ो प्रखंड के सरस्वती पूजा पंडालों का भ्रमण किया और मां का दर्शन कर अभिभूत हुई। इस मौके पर उन्होंने करमचंद भगत महाविद्यालय, राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय बेड़ो सहित विभिन्न पंडालों का भ्रमण किया और आयोजनकर्ताओं को उन्होंने शुभकामनाएं दी। उन्होंने मां शारदे का आशीष लिया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि नवल किशोर सिंह, प्रधान शिक्षिका हेनरिता मिंज, छात्र नेता आकाश रक्षित, विक्रम कुमार सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे।

### 13 दिवसीय एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन




**सिल्ली।** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 13 दिवसीय एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम माइक्रो इंटरप्राइज प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उदघाटन समारोह, रुडसेट संस्थान के निदेशक श्री संजीत कुमार के द्वार किया गया । राज्य के भिभिन प्रखंड ओरमांझी , बेरो, सोनाहातु, रातु ,से आय 33 प्रशिक्षणार्थी ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया । निदेशक ने प्रशिक्षण लेने आए सभी प्रशिक्षणार्थी को बेहतर तरीका से कार्य करने की एवम शकरातम सोच और आत्म विश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दिए । मौके पर वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार , जगदीश चंद्र महतो, दशरथ कुमार महतो, महेश रोहिदास ,सुनील मुंडा उपस्थित रहे।

### वर्षा के साथ ओलावृष्टि ने किसानों की तोड़ी कमर



चान्हो/मांडर। क्षेत्र में हो रहे पिछले दो दिनों से असमय वर्षा से किसान को भारी नुकसान भी उठाना पड़ा है। तापमान में भी गिरावट आई है।बुधवार शाम हुए ओलावृष्टि से मांडर एवं चान्हो क्षेत्र के कई स्थानों पर जोरदार बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई है। चान्हो के बेयासी, गोके, सिसई तथा मांडर के मंदरो, कुरकुरा, डुमरी, सरवा, पचपदा समेत कई जगहों पर ओलावृष्टि से काफी नुकसान हुआ है। जिससे किसानों की फसल को भारी नुकसान हुआ है। एक तो वैसे ही किसान पहले से धान की फसल पीटने के बाद सकते में थे, कि आज आसमानी कहर ने किसानो की दुर्दशा को और बढ़ा दी। आलू, गोभी, मटर एवं हरी सब्जियों को जहां नुकसान पहुंचा है वही ईट भट्ठा में भट्टेदारों को भी नुकसान का सामना करना पड़ा है। क्षेत्र के किसानों ने बताया कि आर्थिक तंगी से गुजरते हुए कृषि कार्य पर आश्रित रहने वाले हम किसानों के सामने जीवन की बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। बड़ी संख्या में किसानों के खेतों में लगे फसल को नुकसान हुआ है। हम लोग मांग करते हैं कि सरकार हम किसानों की सुध ले। और फसल बबार्दी का मुआवजा दे। जिससे हमारी आर्थिक स्थिति में थोड़ी बहुत सुधार हो सके। वहीं भट्ठा में भी तैयार हो रहे नए ईंट भी बारिश और ओलावृष्टि से कुछ बर्बाद हो गया।

### सिल्ली मुरी एवं आसपास के क्षेत्र में सरस्वती पूजा धूमधाम से संपन्न



**सिल्ली।** सिल्ली मुरी एवं आसपास के क्षेत्रों में सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाया गया वही सरकारी स्कूलों एवं निजी स्कूल साथी साथ घरों में भी सरस्वती माता की मूर्ति स्थापना कर उपरोहित द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ विधि विधान से छात्र छात्रों के द्वारा पूजा अर्चना किया गया। सुबह उठकर छोटे-छोटे नन्हे बच्चे भी स्नान करके उपवास रखकर माता की पूजा अर्चना किया। दूसरी ओर कई पंडालों में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्रों के द्वारा प्रस्तुत किया गया माता की जयकारे के साथ पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।

### किसानों को बनाया जा रहा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर : विस अध्यक्ष

**जामताड़ा।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग अंतर्गत कृषि प्रभाग के बैनर तले जिला कृषि कार्यालय एवं आत्मा के तत्वावधान में तीन दिवसीय किसान मेला सह उद्यान प्रदर्शनी की शुरूआत नेताजी स्टेडियम में हुई। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन विस अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जविलत कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विस अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने कहा कि किसानों को आर्थिक रुप से समृद्ध बनाने के प्रति सरकार कृतसंकल्पित है। इसके लिए सरकार किसानों को सशक्त बनाने के लिए दर्जनों योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने विस क्षेत्र के किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपलोगों की कृषि उपज लंबे समय तक सुरक्षित रहेगी। इसके लिए सालुका में कोल्ड स्टोरेज का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है। वहीं किसानों को आधुनिक कृषि यंत्र, उन्नत खाद-बीज, समय-समय पर आधुनिक कृषि तकनीक का प्रशिक्षण, ऋण आदि उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### दर्जनों एकल विद्यालयों में मनाया गया मातृ पितृ पूजन दिवस

# माता-पिता की सेवा करना हमारा प्रथम कर्तव्य : मुकेश गोप



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** रातू अंचल अन्तर्गत आने वाले एकल अभियान बेड़ो संच अन्तर्गत एकल विद्यालयों के आचार्यों ने मनाया मातृ पितृ पूजन दिवस। सभी बच्चों ने अपने माता-पिता का विधिवत पूजन कर आशीर्वाद लिया। एकल विद्यालयों के आचार्यों क्रमशः हुटार में विमला टोपनो कुदारखो से रूपरानी देवी, मासु में होलिका देवी, मुडामु में सुषमा देवी, टेगरिया में लक्ष्मी देवी, पुरियो में मुनी उरांव, मंजू देवी खटंगा में रीता देवी सहित सभी आचार्यों ने अपने भैया बहनों के माध्यम से उनके माता पिता का पुजन कराया। बेड़ों संच अध्यक्ष डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता ने कहा माता-पिता का आशीर्वाद से बच्चों का भविष्य उज्जवल होता है इसलिए सभी विद्यालयों में मातृ पितृ पूजन दिवस का आयोजन करना चाहिए। वहीं दूसरी ओर बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर दिव्यकुलम वैदिक विद्यालय जामटोली रोड बेड़ों में सरस्वती पूजा के साथ मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया गयो पुरोहित मनोज पाठक के द्वारा विधिवत सरस्वती माता का पूजन शिक्षको एवं बच्चों के द्वारा किया गयो तत्पश्चात दिव्यकुलम्‌ वैदिक विद्यालय में बच्चों के द्वारा अपने-अपने माता-पिता को माता में तिलक, पुष्प, आरती, माता-पिता की परिक्रमा, दंडवत प्रणाम कर पूजन किया गया एवं सदैव माता-पिता एवं गुरु का आदर, आज्ञापालन एवं सेवा का व्रत लिया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक मुकेश गोप भी अपने माता-पिता का पूजन कर आशीर्वाद लिए और उन्होंने कहा माता-पिता और आचार्य यह तीनों व्यक्ति के श्रेष्ठ गुरु कहलाते हैं इसलिए उनकी आज्ञा का पालन करना,सेवा करना, उनके लिए हितकारी कार्य करना, और उनको दुखी न करना प्रत्येक व्यक्ति के कर्तव्य है।

### देवघर में बाबा बैद्यनाथ में तिलकोत्सव, बसंती पंचमी पर उमड़े मिथिलावासी

**देवघर।** बसंत पंचमी के मौके पर बुधवार को बाबा धाम में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। लोग यहां एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बधाई देते नजर आए। बसंत पंचमी के दिन विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ मंदिर में बाबा के तिलकोत्सव के रूप में मनाया जाता है, जो दो दिनों तक चलता है। इसे लेकर पहले दिन आस्था का हुजूम देखने को मिल रहा है। तिलक की इस रस्म को अदा करने के लिए बाबा के ससुराल यानी मिथिलांचल से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अलग-अलग तरह के कांवर लेकर बाबा धाम पहुंचने लगे हैं। हर साल बसंत पंचमी के दिन मिथिलांचल से एक बड़ा जत्था बाबा का जलाभिषेक करने देवघर पहुंचता है। विशेष प्रकार के कांवड़, वेशभूषा और भाषा से अलग पहचान रखने वाले ये मिथिलावासी अपने को बाबा का संबंधी मानते हैं। इसी नाते वसंत पंचमी के दिन बाबा के तिलकोत्सव में शामिल होने देवघर आते हैं। फिर शिवरात्रि पर शिव विवाह में शामिल होने का संकल्प लेकर वापस लौट जाते हैं।

### धूमधाम से मनाई गई मां सरस्वती की पूजा

# समर्पित भाव से शैक्षणिक संस्थानों में की गई पूजा-अर्चना



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** बेड़ो प्रखंड में विद्यादायिनी हंसवाहिनी मां सरस्वती की पूजा धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित की गई। करमचंद भगत महाविद्यालय, डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, दिव्यकूलम पब्लिक स्कूल, विद्यासागर पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बेड़ो, राजकीय मध्य विद्यालय जरिया, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय, राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो बालक एवं कन्या सहित विभिन्न विद्यालयों के पंडालों में छात्र-छात्राओं, शिक्षक शिक्षिकाओं तथा विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने मां की प्रतिमा स्थापित कर पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा अर्चना किया। बेड़ो बस्ती, झरी क्लब, अम्बाटोली, हरिहरपुर जामटोली एवं तुको सहित विभिन्न गांवों के सार्वजनिक पूजा पंडालों में पूजा की धूम देखी गई। बेड़ो बस्ती में पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष आयुष गोप, सचिव छोटू गोप, संरक्षक खद्दी उरांव, विष्णु बडाईक, दीपक गोप, पंकज महली ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




चित्र : कुमार उत्कर्ष

14 फरवरी 2019 को दिनदहाड़े जम्मू कश्मीर स्थित पुलवामा पुलवामा के सीआरपीएफ कैंप में तीन आतंकी घुसे और भारतीय सेना के 40 जवानों को शहीद कर दिया। उसके बाद पूरे देश में 14 फरवरी को ब्लैक डे के रूप में मनाया जाता है और वीर जवानों की शहादत को श्रद्धांजलि दी जाती है । इस साल भी रांची के मोरहाबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क में झारखंड के जवानों को दिया जलाकर श्रद्धांजलि दी गई और उनके शहादत को याद किया गया।

# मां सरस्वती की आराधना में लीन हुए लोग हर तरफ मां की भक्ति के गीत गूंजते रहे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना में पूरा रांची लगा हुआ है। शहर के सभी शैक्षणिक संस्थानों, विभिन्न चौराहों, गलियों और मोहल्लों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई है। आकर्षक लाइट्स, सजावट और धार्मिक संगीत से वातावरण भक्तिमय रहा। सरस्वती पूजा पर छोटे बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों में उत्साह दिखा। स्कूल के छोटे-छोटे बच्चियां लहंगा चुंदरी ओड़े तथा बच्चें परंपरागत परिधान कुर्ता पैजामा पहन कर पूजा किया। शहर में 200 से अधिक जगहों पर सरस्वती पूजा का आयोजन हुआ है। कहीं डांस प्रतियोगिता तो कही छोटे बच्चों का मॉडलिंग प्रतियोगित आयोजित किया गया है। शहर के युथ सोसाईटी क्लब की ओर से इस बार मां सरस्वती की पूजा आयोजित की गई है। इस दौरान वहां बच्चों के लिए डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। क्लब के अध्यक्ष बंटी मिश्रा ने बताया कि विगत 20 सालो से हमारे यहां पूजा पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।





**प्रशासन रहें पूरी तरह से अलर्ट :** राजधानी रांची में सरस्वती पूजा को लेकर पुलिस विभाग की ओर से विशेष तैयारी की गई है। रांची में सरस्वती पूजा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिलेभर में 600 अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गई है। जवानों की तैनाती विसर्जन तक रहेगी।

**रांची में 600 अतिरिक्त जवानों की तैनाती**
इस संबंध में रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि सरस्वती पूजा को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। रांची में सबसे ज्यादा अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है। जिसमें महिला पुलिसकर्मी भी शामिल हैं।

## रांची के हर गली और मोहल्ले में ज्ञान की देवी शारदा की हुई वंदना

**रांची।** राजधानी रांची के हर गली और मोहल्ले में वसंत पंचमी पर बुधवार को ज्ञान की देवी मां शारदा की वंदना हुई। शैक्षणिक संस्थानों, विभिन्न चौराहों, गलियों और मोहल्लों में मां सरस्वती की मूर्तियां स्थापित की गई हैं। आकर्षक लाइट्स, सजावट और धार्मिक संगीत से वातावरण भक्तिमय माहौल में छोटे बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों में उत्साह रहा। शहर में सरस्वती पूजा को लेकर पुलिस विभाग की विशेष तैयारी रही। रांची में सरस्वती पूजा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिले भर में दंडाधिकारियों और 600 अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गई है। जवानों की तैनाती विसर्जन तक रहेगी। इस संबंध में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि सरस्वती पूजा को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है।

# बदला मौसम का मिजाज, रांची में ओलावृष्टि के साथ झमाझम बारिश

### कल भी बारिश के साथ ओलावृष्टि के भी आसार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में मौसम का मिजाज बदला है. बुधवार को सुबह के बाद शाम में भी जोरदार बारिश हुई. शाम में ओलावृष्टि भी हुई. राजधानी रांची के अलावे कई अन्य जिलों में भी गर्जन के साथ झमाझम बारिश हुई. झारखंड में फिलहाल 15 फरवरी तक मौसम का मिजाज ऐसा ही रहनेवाला है. बारिश के कारण राज्य के कई जिलों का मैक्सिमम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है. बारिश के कारण जनजीवन भी अस्त व्यवस्त हो गया है। फसलों को भी नुकसान पहुंचा है।

**राजधानी रांची के कई मुहल्ले जलमग्न, सरस्वती पूजा की उत्साह में खलल :** बुधवार शाम को हुई जोरदार बारिश की वजह से राजधानी रांची के किशोरगंज का निचला इलाका, मधुकम, रातू रोड के इंद्रपुरी, लोहराकोचा, हिंदपीढ़ी के कई मुहल्ले जलमग्न हो गये. कई लोगों के तो घरों में भी पानी घुस गया. बारिश की वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना उठाना पड़ा. वहीं सरस्वती पूजा का उत्साह भी फीका पड़ गया।

**मौसम केंद्र ने जारी किया येलो अलर्ट :** मौसम केंद्र ने येलो अलर्ट भी जारी किया है. 15 फरवरी को भी राजधानी रांची सहित कई जिलों में बारिश हो सकती है. 16 फरवरी से मौसम के साफ होने का अनुमान है. मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार गुरुवार को भी देवघर के कई इलाकों में बारिश की संभावना है. मैक्लुस्कीगंज व आसपास के ईलाकों में बारिश के साथ ओलावृष्टि की संभावना बनी हुई है।

### टास्क फोर्स के आधिकारिक वेबसाइट का हुआ शुभारंभ

# जस्ट ट्रांजिशन के बेस्ट प्रैक्टिसेज व रणनीतियों की रूपरेखा पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इंटरनेशनल कांफ्रेंस सस्टेनबेल जस्ट ट्रांजिशन फॉर फ्यूचर रेडी झारखंड के पहले दिन कार्यक्रम में राज्य सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, कृषि पर विचार रखा गया। कांफ्रेंस के दौरान टास्क फोर्स के आधिकारिक वेबसाइट का शुभारम्भ भी हुआ। कार्यक्रम का आयोजन टास्क फोर्स-सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन (झारखंड सरकार) द्वारा सेंटर फॉर एनवायरमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट (सीड), यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम (यूएनडीपी-इंडिया) और वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट, इंडिया के सहयोग से हुआ। इस अवसर पर एल. खियांग्ते, मुख्य सचिव, झारखंड सरकार ने कहा कि राज्य सरकार प्रतिबद्ध है कि सस्टेनेबल ट्रांजिशन की इस प्रक्रिया में कोई भी पीछे नहीं छूटे। राज्य में बेहतर नीति-निर्धारण को दिशा देने के लिहाज से दुनिया के बेस्ट प्रैक्टिसेज पर चर्चा जरुरी है। मनोज सिंह, अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग (उत्तर प्रदेश सरकार) ने कहा कि जस्ट ट्रांजिशन के संदर्भ में दूरगामी कदम उठाने के लिहाज से झारखंड एक अग्रणी राज्य बन गया है। झारखंड के परिवेश के लिए अनुकूल कम कार्बन से जुड़े नवाचारों और प्रभावी रणनीतियों को अपनाना चाहिए। यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम की रेसिजेंट रेप्रेजेंटेटिव इजाबेल त्सचान ने स्वच्छ ऊर्जा आधारित बुनियादी ढांचे, निवेश और वैकल्पिक आजीविका को बढ़ावा देने के लिए ज्ञान साझा करने पर जोर दिया। सीड के सीईओ रमापति कुमार ने कहा कि क्षेत्रीय एवं स्थानीय स्तर पर ऊर्जा सुरक्षा एवं क्लाइमेट रेसिलिएंट के मॉडल तैयार किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में झारखंड सरकार के मुख्य सचिव और अपर मुख्य सचिव सहित केंद्र और राज्य सरकारों विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, ओडिशा, जम्मू एवं कश्मीर और झारखंड के विविध विभागों एवं एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही।




## देवी सरस्वती ज्ञान और मिठास दोनों से ओतप्रोत



**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केन्द चौधरी बवगान हरमू रोड राँची में सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर इस पर्व के आध्यात्मिक रहस्य का उद्घाटन करते हुए केन्द्र संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकृमारी निर्मला बहन ने कहा जब हम कहते हैं कि हे शारदे माँ, अज्ञानता से हमें तार दे मां तो यह सिद्ध करता है कि अज्ञानता का नाश करने वाला को्ह अन्य ज्ञान है जिसके लिए संसार तरस रहा है। परमपिता परमात्मा शिव कलियुग के अन्त और सतयुग के आरंभ के बीच के समय में अवतरित होकर ब्रह्मा मुख से जो सत्य ईश्वरीय ज्ञान देते हैं उसे सम्पूर्ण रूप से धारण करने वाली सरस्वती, ब्रह्म की प्रथम मुख रचना, इस ज्ञान को विश्व में बांटती है। सरस्वती शब्द का शाब्दिक अर्थ है मिठास की देवी। सरस्वती देवी ज्ञान और मिठास दोनो से ओतप्रोत है। ज्ञान मीठा तब लगता है जब उससे होने वाली प्राप्तियाँ स्पष्ट सामने दिखाई देती है। ऐसा सर्व प्राप्तियों कराने वाला, भण्डारे भरपूर करने वाला, काल कण्टक दुर करने वाला, विकारों, विकर्मों, पापों के अंधकार को मिटाने वाला ज्ञान, परमात्मा शिव द्वारा बुद्धि धारण कर लेने के कारण जगदम्बा सरस्वती 'ज्ञान की देवी' कहलाई। जैसे राष्ट्र को आजादी दिलाने के निमित महात्मा गांधी जी को राष्ट्रपिता का खिताब लोगों द्वारा मिला।

## राजद नेता और पलामू के पूर्व सांसद घूरन राम आज भाजपा का थामेंगे दामन



**रांची।** राजद के वरिष्ठ नेता और पलामू के पूर्व सांसद घूरन राम 15 फरवरी को रांची या गढ़वा में भाजपा का दामन थामेंगे. कार्यक्रम कहां होगा यह अभी खुलासा नहीं हो पाया है. लोकसभा चुनाव के पहले घूरन राम का राजद छोड़कर भाजपा की ओर जाने से पलामू में राजद और इंडिया गठबंधन के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है. घूरन राम 2007 के लोकसभा उपचुनाव में राजद के टिकट पर पलामू से सांसद बने थे. 2009, 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में घूरन राम राजद के टिकट पर पलामू से लोकसभा का चुनाव लड़े. जिसमें वे दूसरे स्थान पर रहे. घूरन राम का पलामू के कई इलाकों में अच्छी पकड़ है. पलामू लोकसभा सीट राजद की परंपरागत सीट रही है. पार्टी ने पलामू, चतरा, कोडरमा और गोड्डा लोकसभा सीट पर अपना दावा पेश किया है. कांग्रेस ने भी इंडिया गठबंधन की तरफ से पलामू लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है.

## कल संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर हड़ताल व ग्रामीण भारत बंद

**रांची।** रांची भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय अल्बर्ट एक चौक रांची में संयुक्त किसान मोर्चा एवं संयुक्त ट्रेड यूनियन के बैनर तले प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया , जिसमें दिल्ली के बॉर्डर पर केंद्र की मोदी सरकार के इशारे पर किसानों पर की जा रही पुलिसिया कार्रवाई एवं बर्बरता पूर्ण कार्रवाई के विरोध में अल्बर्ट एक चौक पर प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया , प्रेस वार्ता एवं पुतला दहन में मुख्य रूप से अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव महेंद्र पाठक, अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस के महासचिव अशोक यादव, किसान सभा के अजय कुमार सिंह ,बीकेएमयू के राज्य सचिव इम्तियाज खान, सिटी बस यूनियन के नीरज सिंह, इंटक के प्रवीण दुबे ,सीटू के प्रतीक मिश्रा, झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची किसान संघ के अध्यक्ष झवलूलालमहतो, राष्ट्रीय जनता दल किसान मोर्चा के रंजन, यादव संतोष कुमार सहित कई संगठनों के लोग उपस्थित थे।

# जेईई मेन परीक्षा में डीपीएस की तमन्ना और प्रियदर्शी स्टेट टॉपर




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दिल्ली पब्लिक स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। जेईई मेन 2024 के प्रथम सेशन की परीक्षा में विद्यालय की तमन्ना कुमारी ने 99.95 पर्सेंटाइल और प्रियदर्शी शेखर ने 99.94 पर्सेंटाइल प्राप्त कर स्टेट के टॉपर्स सूची में स्थान प्राप्त किया है। छात्रों के बेहतर प्रदर्शन के बल पर डीपीएस रांची ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। डीपीएस के विद्यार्थियों ने भी इस परीक्षा में अपनी उत्कृष्टता सिद्ध करते हुर 99 पर्सेंटाइल अर्जित किया है।

**35 से ज्यादा बच्चों ने 95 पर्सेंटाइल अर्जित किया :** विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने बताया कि स्कूल के 35 बच्चों ने 95 पर्सेंटाइल प्राप्त किया है जबकि 100 से ज्यादा बच्चों ने 90 पर्सेंटाइल अर्जित किया है। प्राचार्य डा. राम सिंह ने बच्चों की अभूतपूर्व सफलता पर विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि हमारा विद्यालय वैश्विक चुनौतियों के अनुरुप छात्रों को विश्वस्तरीय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। यही कारण है कि शिक्षा के क्षेत्र में डीपीएस के छात्र विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं।

# जेवर दुकान में लूट, पिस्टल व बाइक छोड़कर भागे अपराधी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पुंदाग ओपी क्षेत्र के अरगोड़ा कटहल मोड़ रोड पर स्थित रिलायंस फ्रेश के पास गोल्ड प्लाजा नाम के ज्वेलरी दुकान में बुधवार दोपहर तीन अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान अपराधी सोने के छह जेवरात लेकर फरार हो गए। हालांकि दुकानदार और स्टाफ के जरिये इसका विरोध किया गया। इस दौरान आसपास के लोग भी जमा हो गए। इसी बीच खुद को घिरता देख अपराधी एक पिस्टल और एक बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सिटी एसपी राजकुमार मेहता, हटिया डीएसपी, पुंदाग ओपी प्रभारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। सिटी एसपी ने बताया कि सोने के कुछ जेवरात लेकर अपराधी भागे हैं। पुलिस ने घटनास्थल से एक पिस्टल और एक बाइक बरामद किया है। घटना की पूरी वारदात सीसीटीवी फुटेज में कैद है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। शीघ्र ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




## रांची में कार का शीशा तोड़कर 14 लाख की चोरी

**रांची।** राजधानी के गोंदा थाना क्षेत्र के कांके रोड स्थित राम मंदिर के पास बुधवार की दोपहर कार का शीशा तोड़कर 14 लाख रुपये चोरी कर ली गई। बाइक सवार दो बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला, जिसमें पता चला है कि बाइक सवार दो अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है। इस संबंध में उमेश पांडेय ने थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कराई है। उमेश मनरेगा और कृषि विभाग में पौधा सप्लाई करने का काम करता है। थाना प्रभारी ने बताया कि वारदात की जांच-पड़ताल की जा रही है।

## झारखंड युवा सेवकों ने पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद निकाला कैंडल मार्च




**रांची।** झारखंड युवा सेवक के द्वारा 14 फरवरी को शाम 6:30 बजे ओटीसी ग्राउंड से पिस्का मोड़ चौक तक संस्था द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया संस्था के अध्यक्ष ऋषि राज श्रीवास्तव ने कहा पुलवामा में शहीद हुए 40 जवानों को श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम हम लोग पिछले 4 वर्ष से निरंतर कार्य करते आ रहे हैं , और आगे भी करेंगे इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित भारतीय जनता युवा मोर्चा के महामंत्री सचिन कुमार , शिवम सोनी, उपाध्यक्ष , केशव जैसवाल , प्रणव कुमार ,आकाश सिन्हा , आयुष शर्मा, पीयूष शर्मा, राहुल विश्वकर्मा, अभिनव कुमार,यज्ञा पांडेय,राकेश कुमार, अंकित कुमार वरुण आर्य आदि उपस्थित थे

# स्कूलों में तिथि भोजन हुआ या नहीं, जिलों ने नहीं दी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के सरकारी स्कूलों में विशेष अवसरों पर तिथि भोजन कराने की व्यवस्था है। जिलों को आयोजन के बाद रिपोर्ट देनी थी। बावजूद इसके 2023-24 शैक्षणिक सत्र में इसका आयोजन स्कूलों में हुआ या नहीं, इसकी जानकारी स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग को नहीं है। किसी भी जिले ने इससे संबंधित रिपोर्ट शिक्षा विभाग के मध्याह्न भोजन प्राधिकरण को नहीं दी है। एमडीएम प्राधिकरण की निदेशक किरण कुमारी पासी ने इसे गंभीरता से लिया है। उन्होंने सभी जिला शिक्षा अधीक्षकों को निर्देश दिया है कि जिला का नाम, तिथि भोजन के आयोजन की तिथि, कुल विद्यालयों की संख्या, लाभान्वित छात्रों की संख्या, विशेष भोजन का विवरण, समुदाय-व्यक्ति द्वारा उपलब्ध कराए गए विशेष भोजन का विवरण और उपलब्ध कराए गए भोजन के खर्च की जानकारी दें।

**विशेष अवसरों पर तिथि भोजन का आयोजन :** शिक्षा विभाग ने विशेष अवसरों पर तिथि भोजन कराने का निर्देश दिया है। तिथि भोजन के लिए समुदाय को जागरूक करने को कहा गया है। सरकारी स्कूलों में मध्याह्न भोजन से इतर विशेष अवसरों पर तिथि भोजन का आयोजन किया जाता है। इसमें स्कूल के शिक्षक, छात्र, प्रबंधन समिति के सदस्य द्वारा भी अपने जन्मदिन, विवाहोत्सव, शादी की सालगिरह और क्षेत्रीय पर्व-त्योहारों (दशहरा, दिवाली, काली पूजा, होली, रामनवमी, क्रिसमस, नेवान, ईद, मकर संक्रांति, गुरु पर्व समेत अन्य) पर स्कूलों में कार्यक्रम करने की पहल की जा सकती है। मिड डे मील भोजन परोसने के दौरान इसे दिया जा सकता है और इसे पूरे भोजन के रूप में भी उपलब्ध कराया जा सकता है। इसमें सांसद, विधायक, जिला परिषद, पंचायती राज के सदस्यों को आयोजन के लिए पहल करने का अनुरोध किया जा सकता है।

# डीएसपीएमयू अंग्रेजी पीजी की समीक्षा बनी मिस फ्रेसर




**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के अंग्रेजी पीजी सत्र 2024-25 फ्रेशर्स डे मंगलवार को चिरौंदी स्थित एक बैंकवेट हॉल में हुआ। इसमें पीजी फर्स्ट ईयर के विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों के प्रदर्शन के आधार पर समीक्षा सिन्हा को मिस फ्रेशर का अवार्ड अंग्रेजी विभाग की एचओडी डॉ. पीयूष बाला की ओर से दिया गया। वहीं छात्रों में अमरजीत व आदर्श को संयुक्त रूप से मिस्टर फ्रेशर चुना गया।

# झारखंड में निफ्ट की स्थापना बेहद जरूरी : चैंबर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखण्ड में नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) की स्थापना के लिए झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने आज केंद्रीय वस्त्र मंत्री पीयूष गोयल को पत्राचार किया। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि टेक्सटाइल हब के रूप में विकसित होते झारखण्ड में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर के शिक्षण संस्थान निफ्ट की नितांत आवश्यकता है। निफ्ट की स्थापना से फैशन के क्षेत्र में कैरियर बनाने के ईच्छुक प्रदेश के विद्यार्थियों की अन्य प्रदेशों से निर्भरता कम होगी तथा उन्हें यहीं पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व इस क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध होने की संभावना बनेगी। वर्तमान में पडोसी राज्य बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, उत्तर प्रदेश समेत देश के अधिकांश राज्यों में निफ्ट की स्थापना हो चुकी है। झारखण्ड टेक्सटाइल, अपैरल एवं फूटवियर पॉलिसी 2016 में भी रांची में निफ्ट की स्थापना का प्रस्ताव निफ्ट के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स द्वारा स्वीकृति दिये जाने संबंधित दस्तावेज पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है। चैंबर महासचिव परेश गट्टानी ने कहा कि रांची में निफ्ट की स्थापना होने से मेक इन इंडिया, ओडीओपी, क्राफ्ट क्लस्टर, उद्यमिता की संभावनाएं बढ़ेंगी।




यह आग्रह किया गया कि फैशन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में प्रदेश के युवाओं के भविष्य निर्माण हेतु तथा टेक्सटाइल उद्योग के विकास हेतु झारखण्ड की राजधानी रांची में राष्ट्रीय स्तर के संस्थान निफ्ट के स्थापना की मंजूरी प्रदान की जाय।


## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक 'राष्ट्रीय नवीन मेल' को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने जमशेदपुर स्थित साकची में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर लोकसभा चुनाव प्रधान कार्यालय का उद्घाटन किया



## केन्द्र सरकार का उद्देश्य मनरेगा को समाप्त करना है : जयराम रमेश

**रांची/गढ़वा।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश बुधवार को नरेगा संघर्ष मोर्चा एवं झारखंड नरेगा वॉच की ओर से गढ़वा के रंका हाईस्कूल मैदान में आयोजित राष्ट्रीय जनसुनवाई कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में जयराम रमेश ने केन्द्र की भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पारदर्शिता के नाम पर मनरेगा में अनावश्यक तकनीकी जटिलता ला रही है, जिसे लोगों के काम के अधिकार का हनन हो रहा है। असल में सरकार का मुख्य उद्देश्य मनरेगा को समाप्त करना है। जयराम रमेश ने कहा कि राजस्थान के बाद झारखंड दूसरा राज्य हो सकता है, जहां शहरी रोजगार गारंटी लागू होना चाहिए। जन प्रतिनिधियों का कर्त्तव्य है कि ऐसी जन सुनवाई में भाग लें और जमीनी सच्चाई को नजर रखते हुए नीतियों को लोकतांत्रिक तरीके से पारित करें। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने कहा कि इस देश को मजदूरों ने बनाया है।

# झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनेगी : आरती सिंह

## भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह ने पदभार संभाला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय हरमू में समारोह पूर्वक पदभार संभाला। मोर्चा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और वर्तमान में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने आरती सिंह को सम्मानित किया। समारोह में भाजपा प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि महिला मोर्चा आरती सिंह के नेतृत्व में बढ़िया काम करेगी। आगामी चुनावों में महिला मोर्चा की अहम भूमिका होगी और आरती सिंह के नेतृत्व में लोकसभा और विधानसभा चुनाव में महिलाएं बेहतर काम कर डबल इंजन की सरकार बनाएंगी। मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह ने कहा महिला मोर्चा अपना बेहतर प्रदर्शन करेगी और केंद्र तथा राज्य में दोनों जगह हमारी भाजपा की सरकार बनेगी। सभी क्षेत्रों में महिलाएं बहुत अच्छा कार्य कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि मोदी के कार्यकाल में महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। मोदी ने महिलाओं के सम्मान के साथ उनको अनेक लाभकारी योजनाएं भी दिए। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा और विधानसभा के चुनावों में महिलाओं को आरक्षण देने का काम किया है। इस मौके पर देश की भूतपूर्व विदेश मंत्री स्वर्गीय सुषमा स्वराज की जयंती भी मनाई गई। समारोह में मंच संचालन डॉ सीमा सिंह ने किया। समारोह में भाजपा प्रदेश के महामंत्री मनोज सिंह, मोर्चा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आरती राणा सहित सभी जिलों के जिला अध्यक्ष, महामंत्री, जिला परिषद के सदस्य शामिल हुए।



### ममता बनर्जी की सरकार में बहू बेटियां मानसिक, शारीरिक उत्पीड़न का शिकार

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के शासनकाल में बंगाल की बहू, बेटियों के साथ शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न चरण सीमा पर पहुंच गई है इसके विरोध में आज झारखण्ड प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती आरती सिंह की अध्यक्षता में विरोध प्रदर्शन किया गया। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली क्षेत्र के टीएमसी के जनप्रतिनिधि शेख शाहजहां ने वहां की मासूम बहू बेटियों को उन्हें लाभार्थी के रूप में लाभ देने के लोभ में बहला फुसलाकर उसे अपने ठिकानों पर ले जाते हैं और उसे कुछ दिन रखकर फिर उनका शारीरिक, मानसिक शोषण कर घर भेज देते हैं। ऐसा कितने दिनों से चल रहा है लेकिन ममता बनर्जी की सरकार मुखदर्शक बन कर बैठी हुई है और शेख शाहजहां को बचाने की कोशिश कर रही है। दोषियों को सजा देने के लिए भाजपा महिला मोर्चा अपराधियों को सजा देने की मांग करती है और ऐसे आपराधिक छवि वाले जन प्रत्याशी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की।

# एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष का बयान छात्र विरोधी : ओम वर्मा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने बुधवार को कहा कि एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष अमीर हाशमी ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पत्र लीक मामले में जो बयान दिया वह छात्र विरोधी है। उन्हें छात्रों के हित से कोई लेना देना नहीं है। केवल अखबारों के सुर्खियों में बने रहने के लिए छात्र विरोधी ब्यान देते हैं। उन्होंने कहा कि जेएसएससी सीजीएल के सीटों का जब 27-27 लाख में सौदा हो रहा था तब जेएमएम-कांग्रेस सरकार या तो सोई हुई थी या इसमें संलिप्त थी। 28 जनवरी को पेपर लीक उजागर होने पर जब सरकार ने एक हफ्ते तक कोई पहल नहीं की तब आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो द्वारा विधानसभा के विशेष सत्र में इस विषय को उठाये जाने पर सरकार सजग हुई और आनन-फानन में एसआईटी का गठन किया। आजसू इस एसआईटी से संतुष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि

**उपायुक्तों के माध्यम से राज्यपाल को स्मार-पत्र सौंपेगा आजसू**

यदि सरकार के दामन में कोई दाग नहीं है तो उन्हें छात्रों के आक्रोश को राजनीतिक स्वरूप देने के बजाय उनके सपनों के साथ हो रहे खिलवाड़ की जिम्मेदारी लेते हुए सीबीआई जांच की मांग का समर्थन करना चाहिए। विश्वविद्यालय परिसर हो या कॉलेज परिसर एनएसयूआई ने कभी भी छात्र हित में कोई काम नहीं किया है। एनएसयूआई छात्र हित के बारे में जरा सभी सोचती है तो वह छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर इस मुहिम में शामिल होती और जेएसएससी परीक्षा प्रश्न लीक मामले में अपने महागठबंधन की सरकार से इस पूरे प्रकरण को सीबीआई से जांच कराने की मांग करती। अमीर हाशमी अपने छात्र विरोधी अपने बयान पर छात्र-छात्राओं से माफी मांगे।

## डॉ निशिकांत दुबे का बड़ा बयान, 2024 में 3 से 4 टुकड़ों में बंट जाएगा झामुमो

**रांची/देवघर ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने झारखंड की राजनीति के परिप्रेक्ष्य में बड़ा बयान दिया है। बुधवार फरवरी) को डॉ दुबे ने बाबानगरी देवघर में न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा कि मैंने पहले ही झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बारे में कहा था कि उनको जेल जाना होगा। मैंने कहा था कि हेमंत सोरेन और उनके परिवार को जेल जाना होगा। डॉ दुबे ने कहा कि मैंने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट किया था कि कुछ विधायक हमारे संपर्क में हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और कांग्रेस का अस्तित्व मिट जाएगा। कुछ लोगों को ऐसा लग रहा था कि मैंने गलत ट्वीट किया है। मैंने उन सभी लोगों से कहा था कि मेरे इस ट्वीट को आप संभाल कर रखिएगा, क्योंकि 2024 में झारखंड में न तो झामुमो बचेगा, न कांग्रेस बचेगी। गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने कहा कि 2024 में झामुमो तीन से चार टुकड़ों में बंट जाएगा।

# भाजपा व ईडी के खिलाफ झारखंड में झामुमो का प्रदर्शन आज से

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा व ईडी के खिलाफ गुरुवार से झामुमो राज्यभर में अभियान चलायेगा। पंचायत स्तर पर धरना-प्रदर्शन किये जायेंगे। इस दौरान रांची के मोरहाबादी स्थित बापू प्रतिमा के समक्ष झामुमो रांची जिला समिति द्वारा भूख हड़ताल किया जायेगा। दिन के 11 बजे से दो बजे तक यह कार्यक्रम है। जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा केंद्रीय जांच एजेंसी का दुरुपयोग कर हेमंत सोरेन को प्रताड़ित करने का सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा है। पार्टी की केंद्रीय समिति द्वारा इसका विरोध करने के लिए कई कार्यक्रम तय किए गए हैं। जिसके तहत 15 फरवरी को को मोरहाबादी स्थित बापू के प्रतिमा के समक्ष भूख हड़ताल का कार्यक्रम तय किया गया है। यह कार्यक्रम लगातार अलग अलग जगह पर जारी रहेगा। आलम ने झामुमो रांची जिला के सभी केंद्रीय सदस्य,

**रांची में पार्टी कार्यकर्ता करेंगे भूख हड़ताल**

जिला के सभी पदाधिकारी समेत प्रखंड/पंचायत के सभी पदाधिकारियों को दिन के 11 बजे बापू प्रतिमा के समक्ष जुटने का आह्वान किया है। इससे पहले झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने भी न्याय यात्रा और उपवास कार्यक्रम को लेकर केंद्रीय कार्यालय से झामुमो सिमडेगा, गुमला और कोडरमा जिला समिति के साथ ऑनलाइन बैठक की थी। बैठक में जिला के केंद्रीय सदस्य, जिला के पदाधिकारी, सभी वर्ग संगठन और प्रखंड के अध्यक्ष और सचिवों की उपस्थिति में संगठन के कार्यों और झारखंड की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई, साथ ही सरकार की योजनाओं को सुचारू रखने में योगदान देने के लिए जरूरी निर्देश दिया गया था।

## बीएड-एमएड 2024 के लिए नोटिफिकेशन जारी, अप्रैल में होगी परीक्षा

**रांची।** झारखंड के सरकारी तथा निजी संस्थानों में बीएड, एमएड, बीपीएड तथा एमपीएड पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा 21 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने इस प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ऑनलाइन आवेदन पर्षद की वेबसाइट की माध्यम से गुरुवार से भरे जाएंगे। इसकी अंतिम तिथि 15 मार्च निर्धारित की गई है। यह प्रवेश परीक्षा रांची, धनबाद, जमशेदपुर, बोकारो, दुमका एवं पलामू में विभिन्न केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। कुल 100 अंकों की इस ओएमआर शीट आधारित परीक्षा में बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा तथा प्रत्येक गलत उत्तर पर 0.25 अंक काटा जाएगा। इस प्रवेश परीक्षा के माध्यम से ही मेधा सूची तैयार की जाएगी। संस्थान की कुल सीटों में 85 प्रतिशत सीटें झारखंड के विश्वविद्यालयों के लिए आरक्षित होंगी।

# 15 फरवरी को एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति की रैली

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हैवी इंजीनियरिंग कॉपरेशन लि. रांची झारखंड (एचईसी) में कार्यरत 2700 कर्मियों एवं ठेका मजदूरों का पिछले 20 माह से वेतन बकाया है. मजदूरों ने कहा हमारी स्थित बहुत खराब हो गई है. कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं, अब तो कोई कर्ज देना भी नहीं चाहता है. उनका कहना है हमें कुछ नहीं चाहिये, हमारा बकाया वेतन मिले और काम मिले. एचईसी मजदूरों का आंदोलन लगातार जारी है. इस आंदोलन में करीब आठ संगठन साथ हैं. सारे कर्मचारी अपने काम व बकाये वेतन के लिये रोजाना एचईसी मुख्यालय के पास अपनी ड्यूटी देने पहुंचते हैं. दिन के 8 बजे से संध्या 5 बजे तक लोग वहीं जमे रहते हैं. कैंटीन में लोगों के सहयोग से खाना बनता है, जिससे कर्मी दोपहर में भोजन करते हैं. एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति के भवन सिंह ने बताया कि समिति की ओर से निर्णय लिया गया है कि 16 फरवरी को एचईसी बचाओ देश बचाओ रैली निकाली जायेगी. इस रैली में एचईसी के कर्मचारी, कर्मी, मजदूर सभी अपने पूरे परिवार बाल बच्चों के साथ शामिल होंगे. रैली एचईसी मुख्यलाय से निकलकर बिरसा चौक तक जायेगी. वहां सबसे पहले भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा में माल्यार्ण कर एचईसी को बचाने का संकल्प लिया जायेगा, इस आंदोलन में सारे कामगार साथ हैं. इस आंदोलन में हरेंद्र यादव, दिलीप सिंह, मनोज पाठक, लालदेव सिंह, अर्जुन राम, राम कुमार नायक, विनय महली, अन्य बड़ी संख्या में शामिल थे।




### 22 को बीजेपी कार्यालय का एचईसी बचाओ

वहीं एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति के तत्वावधान पर अपनी लंबित मांगों की पूर्ति के लिये 22 फरवरी को भाजपा कार्यालय हरमू का घेराव करने की तैयारी है. घेराव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एचईसी कर्मी जुटेंगे.

## महिला ने फंदे से लटक कर की खुदकुशी

**रांची।** रांची जिले के बुंडू में विवाहिता करिश्मा देवी ने बुधवार को फांसी लगाकर की खुदकुशी कर ली। महिला ने बुंडू के छोटकलमा स्थित अपने निवास पर फंदे से लटककर जान दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला खुदकुशी का प्रतीत होता है। लेकिन पुलिस कई बिंदुओं पर मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले में कुछ कहा जा सकता है। वहीं दूसरी मृतक के परिवार वालों का आरोप है कि पति ने हत्या कर फंदे से लटका कर खुदकुशी का रुप दिया है।

# झामुमो का इतिहास झारखंड के साथ अन्याय का : रमाकांत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने बुधवार को झामुमो की न्याय यात्रा पर तीखी प्रतिक्रिया दी। रमाकांत ने कहा कि झामुमो का इतिहास और वर्तमान दोनों झारखंड और झारखंड वासियों के साथ अन्याय से भरा पड़ा है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले झामुमो ने झारखंड की जन भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते हुए अलग राज्य आंदोलन के साथ अन्याय किया। आंदोलन की बोली लगाई और कांग्रेस के हाथों बेच दिया। यदि इनके मन में झारखंड को न्याय दिलाने की बात होती तो आंदोलन के साथ खिड़वाड़ नहीं करते। उन्होंने कहा कि सत्ता में आते ही झामुमो ने राज्य के जल ,जंगल, जमीन के साथ अन्याय किया। झामुमो की सरकार पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जल,जंगल और जमीन को लूटने और लुटवाने में लग गई। हेमंत सोरेन और उनके परिवार के लोगों ने नाम बदल-बदलकर गरीबों के जमीन लुटे। हेमंत सोरेन ने अपने नाम पर माइन्स की लीज ले ली। परिजनों के

**झामुमो ने झारखंड की जन भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते हुए अलग राज्य आंदोलन के साथ अन्याय किया।**

नाम पर आदिवासियों के लिए आरक्षित औद्योगिक भूमि को आवंटित करा दिया। अपने प्रतिनिधि और सहयोगियों को बालू,पत्थर लूटने की छूट दे दी। हेमंत सोरेन ने सेना की जमीन को भी नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने राज्य के युवा, बेरोजगार, महिला, किसान, आदिवासी, दलित, पिछड़े सभी के साथ केवल अन्याय किया। प्रति वर्ष 5 लाख नौकरी नहीं तो बेरोजगारी भत्ता के लिए राज्य के सात लाख बेरोजगार युवा तरस रहे हैं। लाठी डंडा खाकर आंदोलन करने को मजबूर हैं। जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। रमाकांत ने कहा कि राज्य में हजारों बहन बेटियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं हो रहीं हैं।

## राज्यपाल ने बसंत पंचमी की दी शुभकामनाएं



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने विद्या और ज्ञान की देवी मां सरस्वती की आराधना को समर्पित 'बसंत पंचमी' की ढेरों शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने बुधवार को एक्स पर ट्वीट कर कहा कि मां सरस्वती सभी पर कृपा बनाए रखें।

## पुलिस सब इंस्पेक्टर मनीष घूस लेते गिरफ्तार

**पलामू।** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के थाना रोड निवासी पुलिस सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार पिता लालमणि प्रसाद को घूस लेते गिरफ्तार किया गया है। 15 हजार रुपए मनीष रिश्वत ले रहे थे। हजारीबाग की भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने सब इंस्पेक्टर को घूस लेते पकड़ा। सब इंस्पेक्टर मनीष हजारीबाग प्रमंडल के रामगढ़ जिला अंतर्गत गोला थाना में कार्यरत थे। कांड की सुपरविजन रिपोर्ट देने के लिए 20 हजार की रिश्वत मांगी थी। आवेदक रिश्वत नहीं देना चाहते थे। इसलिए इस संबंध में एंटी करप्शन ब्यूरो की हजारीबाग इकाई में मामला दर्ज कराया था। अनुसंधान के बाद मामले को सही पाकर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हजारीबाग की ट्रैप टीम ने कार्रवाई की। एसीबी की ओर से जानकारी दी गई है कि आवेदक कुम्हरदगा के सहदेव कुमार द्वारा इस संबंध में मामला दर्ज कराया गया था। सहदेव का आरोप था कि उसकी चचेरी बहु पिंकी कुमारी पति स्वर्गीय खेमनाथ कुमार ने कोर्ट में जाकर दीपक कुमार सुंदरी भवन कांटाटोली के विरुद्ध आवेदन दिया था। इस सिलसिले में गोला थाना में कांड संख्या 71/23 के तहत मामला दर्ज किया गया था। कांड के अनुसंधानकर्ता मनीष कुमार ने आवेदक को दूरभाष पर बताया कि इस कांड में सुपरविजन हो गया है, जब मेरे पास आएगा तब हम रिपोर्ट कोर्ट में भेज देंगे। इसके बाद आवेदक जब अनुसंधानकर्ता से मिलने गया तो उसके द्वारा 20000 रिश्वत की मांग की गई।

## वृंदा करात ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत की पत्नी से की मुलाकात

**रांची।** माकपा पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन से बुधवार को मुलाकात की। करात ने मुलाकात कर उनके साथ पूरी एकजुटता व्यक्त की। मौके पर कल्पना सोरेन ने कहा कि संघर्ष जारी रहेगा और झारखंड भाजपा के आगे नहीं झुकेगा। इस दौरान करात ने कई विषयों पर बातचीत की। राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि मोदी सरकार की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को निशाना बनाए जाने के खिलाफ माकपा के जरिये एकजुटता व्यक्त की गयी। इस दौरान सचिव मंडल सदस्य संजय पासवान और समीर दास सहित अन्य मौजूद थे।



## केकरांग में तैनात सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट की तबीयत बिगड़ने के बाद मौत

**लोहरदगा।** लोहरदगा के नक्सल प्रभावित केकरांग में तैनात सीआरपीएफ 158 बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट आरके मीणा की तबीयत बिगड़ने के बाद मंगलवार रात करीब दो बजे सीआरपीएफ पिकेट केकरांग में ही मौत हो गई। वह असिस्टेंट कमांडर थे। देर रात बेचैनी महसूस होने पर साथी जवान उन्हें लेकर लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से लोहरदगा सीआरपीएफ बटालियन के तमाम अधिकारी और जवानों में शोक की लहर दौड़ गई। कमांडेंट राहुल कुमार ने बताया कि राजस्थान के अलवर निवासी मांगे राम मीणा के पुत्र आरके मीणा (56) की सेहत कुछ समय से ठीक नहीं थी। नवंबर 2022 से ही रांची, दिल्ली सहित कई जगहों से इनका इलाज चल रहा था। कल रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें यथाशीघ्र अस्पताल पहुंचाया गया, मगर इनकी जान नहीं बचाई जा सकी।

## राजेश ठाकुर ने राहुल गांधी के फैसले का किया स्वागत

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने राहुल गांधी के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने किसानों के हित में बड़ा फैसला लिया है। कांग्रेस की सरकार बनेगी तो कांग्रेस ने हर किसान को फसल पर स्वामीनाथन कमेटी के रिपोर्ट के अनुसार एमएसपी की कानूनी गारंटी देगी । ठाकुर ने कहा कि हमारी एमएसपी पर कानूनी गारंटी किसानों के जीवन में तीन बड़े बदलाव लाएगी। इन बदलाव में फसल के सही दाम मिलने से किसान कर्ज.की मुसीबत से छुटकारा पा जाएगा। कोई भी किसान आत्महत्या को मजबूर नहीं होगा। खेती मुनाफे का व्यवसाय होगा और किसान समृद्ध बनेगा और समृद्ध किसान देश की तकदीर बदल देगा। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पौल मुजनी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बुधवार को दी।




## टीपीसी कमांडर भीखन गंझू तीन दिनों के रिमांड पर

**रांची।** कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव हत्याकांड मामले में रांची पुलिस ने तृतीय प्रस्तुति कमेटी (टीपीसी ) कमांडर भीखन गंझू को रिमांड पर लिया है। रांची ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने बुधवार को बताया कि उग्रवादी भीखन गंझू को तीन दिन के लिए रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि रांची के रातू थाना क्षेत्र के पिर्रा में बीते चार जनवरी को कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसी मामले में उससे पूछताछ की जा रही है। वहीं दूसरी ओर हत्या के तीन दिन बाद टीपीसी उग्रवादी संगठन ने इसकी जिम्मेदारी ली थी। टीपीसी संगठन ने कारोबारी अभिषेक की हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए कहा था कि अभिषेक श्रीवास्तव को लगातार चेतावनी दी जा रही थी। जो पैसा संगठन का खाकर बैठा हुआ है, उसे वापस करने के लिए बोला जा रहा था। इसके अलावा क्षेत्र में जो भी कोयला का काम कर रहा था। उसे बंद करने के लिए बोला जा रहा था, ना तो वह काम बंद कर रहा था, ना ही संगठन का पैसा वापस किया। इस वजह से अभिषेक श्रीवास्तव पर फौजी कार्रवाई की गयी। कुछ महीने पहले बालूमाथ में कोयला कारोबारी राजेंद्र साहू की भी हत्या की गई थी।

## श्री श्याम मंदिर में बसंतोत्सव, खाटू श्याम का हुआ केसरिया शृंगार

**रांची।** बसंत पंचमी के अवसर पर हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में भक्तजनों की भारी भीड़ रही। प्रतः मंगल आरती बालभोग के बाद मंदिर के गर्भ गृह में पर्दा लगाकर बसंत पंचमी उत्सव अनुष्ठान प्रारंभ किया गया। खाटू नरेश को गंगाजल दूध से शहद शुद्ध जल केसर गुलाब फूल गुड़ चीनी के महामिश्रण से महास्नान कर के पुराने अंग वस्त्र को उतार कर नए अंग वस्त्र पहनाकर बसंती पोशाक पहनाकर बसंती फूलों, पीला गुलाब पिला स्टार पीला डालिया पीला गेंदा फूल की मोटी मोटी फूल माला से खाटू नरेश का दिव्य श्रृंगार करके गुलाब के विशेष इत्र से बाबा की मसाज की गई। श्याम मंदिर के में स्थित सभी गर्भ ग्रह आज बसंती केसरिया रंग में रंगे हुए थे। श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि बसंत पंचमी के विशेष पर्व के अवसर पर बुंदिया भुजिया की सवामनी संतरा पंचमेवा विभिन्न फलों मिष्ठानों का भोग अर्पित किया गया। श्रृंगार आरती का समय होते-होते पूरा श्री श्याम मंदिर भक्तों से भर गया हजारों की संख्या में भक्तजन मंदिर में दर्शन हेतु एकत्र होकर खाटू नरेश की जय जयकार कर रहे थे।



## एक नजर

### अजय सिंह बने गोरहर थाना प्रभारी



**बरकट्ठा।** गोरहर थाना में प्रभारी के पद पर अजय कुमार सिंह ने बुधवार को योगदान दिया। नवनियुक्त थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि इससे पूर्व लोहसिंघना थाना में पदस्थापित थे। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अपराध पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता होगी। क्षेत्र में भयमुक्त, शांति एवं सुरक्षित माहौल बनाए रखने का प्रयास हमेशा रहेगा। बताया कि साइबर क्राइम करने वाले अपराधियों पर विशेष नजर रहेगी।

### सड़क दुर्घटना में बाईक सवार गंभीर रूप से घायल, रेफर

**बरही।** देर रात्रि जीटी रोड पंचमाधव अर्द्ध निर्मित ओभरब्रिज के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाईक सवार बुरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गया. उक्त जानकारी स्थानीय निवासी सूरज दुबे उर्फ चंटी ने दी. जानकारी के अनुसार युवक बाईक से जा रहा था. इसी क्रम में यह घटना घटी. टक्कर की आवाज सुनकर स्थानीय लोग घटना स्थल पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को सूचना दी. मौके पर पुलिस पहुंचकर घायल युवक को अस्पताल भर्ती कराया. श्री दुबे ने बताया कि युवक की पहचान सिर्फ पांडेवारा चौपारण निवासी के रूप में हुई है. उसके बाईक संख्या जेएच 02 बीके 5054 में आर्यन राज नाम से चाभी रिंग लगा हुआ है.

### भव्य कलश यात्रा के साथ माता वैष्णों देवी मंदिर का 33वां वार्षिकोत्सव प्रारंभ

**रामगढ़।** शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर का 33वां वार्षिकोत्सव बुधवार को गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा से शुरू हुआ। इस दौरान पूरा शहर जय माता दी के उद्घोष से गूंजता रहा। कलश यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं लाल चुनरी ओढ़े सिर पर कलश लेकर चल रही थी। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकाली गई, जो शहर के झंडा चौक, गांधी चौक, मेन रोड, सुभाष चौक, शिवाजी रोड, लोहार टोला होते हुए चट्टी बाजार स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में कलश में जल भरकर वापस माता वैष्णों देवी मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में सुसज्जित वाहन पर माता का विशाल चित्र रखा गया था। इस दौरान कलश यात्रा में शामिल महिलाएं और श्रद्धालु भी माता का जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। नगर भ्रमण के दौरान शिवाजी रोड स्थित गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के सदस्यों ने कलश यात्रा का स्वागत किया। कलश यात्रा के आगे शतचंडी यज्ञ के मुख्य यजमान मनीष मारवाह व उनकी पत्नी नमिता मारवाह साथ-साथ चल रहे थे। इस अवसर पर मंदिर की संचालक संस्था पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव, सहित बिरादरी के सभी सदस्यों के अलावे श्रद्धालु शामिल थे।

### वर दे वीणावादिनी के स्वर से गूंजा सॉफ्टेक कंप्यूटर का परिसर

# निदेशक ने अपने सहयोगियों व विद्यार्थियों संग की हंसवाहिनी की पूजा

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर हजारीबाग रोड सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन में भक्तिमय वातावरण में सरस्वती पूजा मनाया गया. इस अवसर पर केंद्र परिसर में मां शारदे की प्रतिमा बैठाई गई. जहां उपेंद्र पांडेय ने निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा सहित उनके सहयोगी व विद्यार्थियों का भक्ति भाव से मां की पूजा कराई. पूरा केंद्र परिसर वर दे वीणावादिनी वर दे ! जैसे कर्णप्रिय मंत्र से गूंज उठा. सबों ने विद्यादाहिनी से सुख समृद्धि के कामांकाओ के साथ जीवन में प्रगति के पथ पर निरंतर बढ़ने की आशीष मांगी. आरती उपरांत देर संध्या तक प्रसाद वितरण किया गया. देर संध्या मां की आरती के साथ रात्रि पूजा संपन्न हुई. केंद्र निदेशक ने बताया कि गुरुवार हवन व महाभोग के



साथ मां की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा. पूजा सेंटर मैनेजर रूमी कुमारी के देखरेख में संपन्न हुआ. पूजा संपन्न करवाने में लैब इंस्ट्रक्टर रोहित कुमार, भोला कुमार, एसआरसी संचालक नूपुर कुमारी, सोनू दास सहित पूर्ववर्ती छात्र गणेश कुमार दास ने महती भूमिका निभाई. पूजा कार्यक्रम में प्रज्ञा केंद्र ऑपरेटर सबिता कुमारी, केंद्र की काजल कुमारी, प्रीति कुमारी, सोनाली पांडेय, जुली कुमारी, मनीषा कुमारी, मंटू कुमार, धोनी कुमार, गूंजा कुमारी, साक्षी कुमारी, मधु केसरी, अमृता कुमारी, नेहा कुमारी, अनीका कुमारी, रवीना कुमारी, शोभा कुमारी, रिंकी कुमारी, दीप ज्योति, शिवेश दीप आदि सहित कई विद्यार्थियों ने भाग लिया.

# मां सरस्वती की पूजा मानसिक रूप से मजबूत बनाता है : डॉ प्रवीण श्रीनिवास



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड होस्पिटल में ज्ञान और विद्या की देवी माँ सरस्वती की पुजा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ धूमधाम व उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर मां सरस्वती की पूजा पूरे भक्तिभाव से किया। इस दौरान माँ शारदे की आराधना कर विद्या व ज्ञान का आशिर्वाद मांगा। वैदिक मंत्रों के उच्चारण से पूरा माहौल भक्तिमय हो रहा था। हर कोई इस पूजा को लेकर काफी उत्साहित दिखे। मौके पर सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने सभी को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए उनके मंगल की कामना की। उन्होंने छात्रों को अच्छे परीक्षा फल हेतु कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित भी किया। सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि मां सरस्वती को शिक्षा, कला व विज्ञान की देवी कहा जाता है। मां सरस्वती की पूजा मानसिक रूप से मजबूत व दृढ़ संकल्पित बनाता है। माता सरस्वती ने पृथ्वी पर उदासी को खत्म कर सभी जीव जंतुओं को वाणी दी थी इसलिए माता सरस्वती को ज्ञान, विज्ञान, संगीत, कला और बुद्धि की देवी भी माना जाता है।
मौके पर विशेष रूप से उप प्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव, डॉ प्रशांत पाटिल, डॉ अंशु साहू, डॉ सौम्या वर्मा, डॉ रंजन सहित विभिन्न संकाय के प्रमुख, प्रोफेसर, कर्मी एवं छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

# पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन के सदस्यों व स्कूली बच्चों ने दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
शहीद स्मारक पार्क में पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड के सैनिकों द्वारा जम्मू कश्मीर के पुलवामा में शहीद हुए सीआरपीएफ के वीर बहादुर जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। आज ही दिन आतंकवादियों द्वारा जम्मू कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर आईडी विस्फोट कर कायराना हमला किया जिसमें सीआरपीएफ के 45 जवान शहीद हो गए ,आज शहीद जवानों का पांचवी वर्षगांठ काला दिवस के रूप में पूर्व सैनिकों द्वारा फूल माला अर्पित और राष्ट्रीय गीत गाकर वीर जवानो को श्रद्धांजलि दिया गया। शहीद श्रद्धांजलि दिवस समारोह कार्यक्रम में पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा, सचिव मिथिलेश कुमार पांडे, मीडिया प्रभारी मनोरंजन कुमार, जिला अध्यक्ष शंकर सिंह हजारीबाग, उपाध्यक्ष रितेश कुमार सिंह, सूबेदार अजीत सिंह (सेवानिवृत्ति) सचिव हजारीबाग, सलाहकार सूबेदार भारती साहब (सेवानिवृत्ति) संगठन के सदस्य मधुसूदन प्रसाद ,दीपक कुमार और दर्जनों पूर्व सैनिक, समाज सेवी श्री बटेश्वर प्रसाद मेहता, और स्कूली बच्चे एकत्रित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया ।

### बरकट्ठा में धूमधाम से मनायी गयी मां सरस्वती की पूजा

# निजी विद्यालयों में सरस्वती पूजा को लेकर निःशुल्क लिया गया नामांकन



### शैक्षणिक संस्थानों में अलग-अलग तरह से इस समारोह का आयोजन किया गया

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र में मां सरस्वती की पूजा धूमधाम से बुधवार को मनाया गया। सरकारी, गैर सरकारी स्कूलों व निजी संस्थानों में मॉ की प्रतिमा स्थापित कर विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना की गई। ज्ञात हो कि बसंत पंचमी को हिदू पंचांग के अनुसार सबसे शुभ दिन माना गया है। पंचांग के अनुसार चार ऋतु में श्रेष्ठ ऋतु बसंत ऋतू को माना गया है। जिसे लेकर इस विशेष दिन पर इलाके में गृह प्रवेश, विदाई, नए व्यापार व अन्य शुभ कार्य किए जाते हैं । इस मौके पर कई शैक्षणिक संस्थानों में अलग-अलग तरह से इस समारोह का आयोजन किया गया। वहीं बरकट्ठा दुर्गा मंदिर प्रांगण, काली मंदिर, बंडासिंगा शिव मंदिर , बंडासिंगा मोड़, प्लस टू उच्च विद्यालय बरकट्ठा, मध्य विद्यालय बरकट्ठा, डिवाइन पब्लिक स्कूल गंगपाचो, पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज कपका, मानसरोवर पब्लिक स्कूल घंघरी, केजीबीवी बरकट्ठा, आदिवासी विकास उच्च विद्यालय शिलाडीह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरवां, उत्क्रमित कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय बेलकपी समेत सभी शिक्षण संस्थानों में मां सरस्वती की पूजा की गई । प्रखंड के कई निजी विद्यालयों में पूजा के अवसर पर बच्चों का निशुल्क नामांकन लिया गया इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र में मां सरस्वती के मधुर भजनों व संगीत से पूरा वातावरण भक्ति मय हो गया।

## न्यूज बॉक्स

### बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर रीडर्स कैफे डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ



**रामगढ़।** रामगढ़ पंजाबी मोहल्ला स्थित रीडर्स कैफे डिजिटल लाइब्रेरी का बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर 14 फरवरी को उदघाटन किया गया। इसका उदघाटन समाजसेवी एवं जैन समाज के सचिव नगरमल जैन गंगवाल एवं विनोद पहाड़िया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। डिजिटल लाइब्रेरी के संचालक पंकज जैन ने बताया रामगढ़ में यह पहला लाइब्रेरी है जिसका उद्देश्य सेल्फ स्टडी सेंटर एवम को वर्किंग बेहतर माहौल उपलब्ध करना है। इस लाइब्रेरी में अनेक प्रकार की सुविधा उपलब्ध है। लाइब्रेरी में हाई स्पीड वाई-फाई,कंफर्टेबल चेयर विद सेपरेट केबिन, फुली एयर कंडीशन,आरो वॉटर, डेली न्यूजपेपर, मंथली मैगजीन, साउंडप्रूफ हॉल,बिल्कुल न्यूनतम राशि में उत्तम सुविधा उपलब्ध है। मौके पर अरविंद सेठी, नरेंद्र जैन, जंबू जैन, अंकित जैन ,राहुल जैन,ललीत जैन, अशोक सेठी,सुभाष पाटनी,राजू सेठी, प्रदीप जैन,राजू पाटनी, संजय जैन,ललीत गंगवाल, महेंद्र जैन, टीकम चंद बागरा, बबलूजैन, निशांत सेठी,सुनील जैन,देवेंद्र जैन,गुल्लु आनंद, महेश विश्वकर्मा, रमेश विश्वकर्मा, प्रभु दयाल खंडेलवाल, भगवान प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में धूमधाम से पूजनोत्सव का हुआ आयोजन



**रामगढ़।** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में विद्या एवं कला की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा बुधवार को भक्तिभाव से की गई। पूजा में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस दौरान 'या देवी सर्वभूतेषु विद्या रूपेण संस्थिता' तथा 'या कुंदेंदु तुषार हारधवला' के सामूहिक पाठ से वातावरण भक्तिमय हो उठा। विद्यालय के कई भैया-बहनों के अलावे कई अभिभावक,पूर्व छात्र भी यहां देवी सरस्वती को पुष्पांजलि देने पहुंचे।इस अवसर पर सरस्वती पूजा समारोह में विद्यारंभ संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य उमेश प्रसाद की अगुआई में माता की विधि पूर्वक पूजा अर्चना की गई ।प्रधानाचार्य उमेश प्रसाद ने कहा कि ऋतुराज वसंत के आगमन पर सरस्वती की पूजा करने का विधान है। सरस्वती पूजन से विद्या, ज्ञान व विज्ञान की प्राप्ति होती है। वसंत के आगमन के साथ ही हमारे जीवन में नव संचार होता है।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य जी एवं दीदीजी उपस्थित थे।

### रिश्वत लेते एसआई मनीष कुमार को एसीबी की टीम ने किया गिरफ्तार



**हजारीबाग।** गोला थाना निवासी सहदेव कुमार द्वारा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को दर्ज शिकायत पर कार्रवाई करते हुए गोला थाना में पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक मनीष कुमार को 15 हजार रुपए रिश्वत लेते धर दबोचा है।बताया जाता है कि आवेदक की चचेरी बहू विधवा है जिसके कारण उनका कोर्ट एवं अन्य कागजी काम को आवेदक स्वयं करता है। अनुसंधानकर्ता मनीष कुमार से संपर्क करने पर उन्होने दुरभाष पर बताया कि इस कांड में सुपरविजन हो गया है। जब मेरे पास आईयेगा तब हम रिपोर्ट कोर्ट में भेज देगें। इसके बाद आवेदक जब अनुसंधानकर्ता से मिलने गया तो उनके द्वारा 20 हजार रू रिश्वत की मांग की गयी। जिसे ये देना नही चाहते थे। इस लिए आवश्यक कार्रवाई हेतु ब्यूरो को आवेदन दिया था। आवेदन सत्यापन प्रतिवेदन में रिश्वत मागने की बात सत्य होना पाया गया। तदोपरांत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हजारीबाग की ट्रैप टीम के द्वारा बुधवार को मनीष कुमार को वादी से 15 हजार रु० रिश्वत लेते रंगे हाथ विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के पश्चात अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### पासवान महासम्मेलन 25 फरवरी को रांची में

# रामगढ़ से हजारों की संख्या में समाज के लोगों ने शामिल होने का लिया निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
पासवान समाज की बैठक शहर के दुसाध मोहल्ला में आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता केवल पासवान एवं संचालन उत्तम पासवान ने किया। इस बैठक में निर्णय लिया गया
कि आगामी 25 फरवरी को झारखण्ड की राजधानी रांची में होनेवाले पासवान महासम्मेलन में रामगढ़ जिला से भी हजारों की संख्या में पासवान समाज के लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह पासवान महासम्मेलन पासवान समाज की एकता को नई ऊर्जा देने का काम करेगी। साथ ही आनेवाले समय में यह समाज की दशा एवं दिशा तय करेगी। वहीं, बैठक में कहा गया की हक और अधिकार के लिए समाज के लोगों




### समाज के लोगों से एकजुट होने का आह्वान

को एकजुट होने की जरूरत है। कहा गया की जब समाज के लोग एकजुट होंगे तो उन्हें उनका हक और अधिकार मिल सकेगा। इसलिए समाज के लगन को एकजुट होने की जरूरत है। बैठक में पासवान समाज के अशोक पासवान, लखेद्र पासवान, केवल पासवान, उत्तम पासवान, रामदास पासवान, अजय पासवान, पप्पू पासवान, बबन पासवान, मनोज पासवान, होरिल पासवान,प्रयाग पासवान, प्रकाश पासवान, शंकर पासवान, संजीव पासवान, आशु पासवान, विक्की पासवान, अमित पासवान, सुधीर पासवान, विकाश पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

# चाणक्य आइएएस एकेडमी में हुई मां शारदे की आराधना

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
शहर के कौशल्या प्लाजा स्थित चाणक्य आइएएस एकेडमी के हजारीबाग शाखा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुधवार को हर्षोल्लास से सरस्वती पूजा मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान की जनरल मैनेजर रीमा मिश्रा विधि विधान से पूजा में शरीक हुईं। भक्तिभाव से विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर संस्थान की जनरल मैनेजर रीमा मिश्रा ने कहा कि बसंत पंचमी को सर्वसिद्ध मुहुर्त के रूप में माना जाता है। कहा जाता है कि इस दिन कोई भी शुभ कार्य करने के लिए पंचांग देखने की जरूरत नहीं होती। ऐसे खास मौके पर जरूरी है कि अभ्यर्थी ईमानदारी पूर्वक समय का सदुपयोग करते हुए उचित मार्गदर्शन में लगातार परिश्रम करने का प्रण लें, सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने वीणावादिनी, विद्यादायिनी मां



सरस्वती से सभी अभ्यर्थियों के सुनहरे भविष्य की कामना भी की। वहीं चाणक्य आइएएस एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने भी बड़ी श्रद्धा भावना के साथ मां शारदे का अराधना करते हुए शिक्षा और सिविल सेवा के क्षेत्र में कामयाबी के लिए आशीर्वाद लिया। पूजा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराई गई। मौके पर संस्थान के सेंटर हेड मोहन कुमार, सुभाष कुमार, दिनेश कुमार, राकेश कुमार, मनीष कुमार, रंजीत कुमार सहित बड़ी संख्या अभ्यर्थियों की मौजूदगी रही।

### यूथ विंग ने हमले में शहीद हुए जवानों को दी श्रद्धांजलि

# पुलवामा हमला को कभी भुलाया नहीं जा सकता : चंद्र प्रकाश जैन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
शहर के परिसदन स्थित शहीद स्मारक स्थल में कश्मीर के पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों की पांचवी बरसी पर उनकी शहादत को नमन करने हेतु कार्यक्रम को लेकर दिन बुधवार को हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। शहीद स्मारक पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्पण कर पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को नमन किया एवं देश के प्रति उनकी इस बलिदान को भी याद किया, साथ ही सभी ने भारत माता की जय का जयकारा लगाया।
**कार्यक्रम को सफल बनाने में :** संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, अध्यक्ष करण जायसवाल, सचिव संजय कुमार, सहसचिव डॉ बि वेंकटश, उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक पांडे, विकास तिवारी, प्रवेक जैन,मोहम्मद ताजुद्दीन सहित कई लोग मौजूद थे। मौके पर हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा पुलवामे हमले में शहीद हुए जवानों की घटना कभी भुलाया नही जा सकता है, इस कायराने हमले से ना जाने कितने परिवारें के सुहाग, कलाई में राखी बंधने के लिए भाई छीन गए साथ माता - पिता का जीने के सहरा से वंचित हो गए। मौके पर हजारीबाग यूथ विंग के अध्यक्ष करण जायसवाल ने पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज से पांच वर्ष पूर्व पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने कश्मीर के पुलवामे हमले में हमारे 44 जवान शहीद हो गए थे।

### मुखिया से मारपीट मामले में ग्रामीण हुए गोलबंद

# प्रशासन से आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की गई



नवीन मेल संवाददाता। बरही
मंगलवार को धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के साथ हरिला निवासी नागेंद्र प्रसाद द्वारा किए गए मारपीट को लेकर बरही मुखिया संघ ग्रामीण हुए गोलबंद। बुधवार को मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय यादव की अध्यक्षता में प्रखंड के मुखियाओं की एक आपातकालीन बैठक हुई. साथ धनवार मुखिया साथ हुए हमले की भर्त्सना करते हुए प्रशासन से आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की गई. बैठक के बाद सभी कोई एसडीपीओ नौशाद आलम व इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार से मुलाकात किया. साथ ही प्राथमिकी में दर्ज आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग किया. मुखिया संघ ने अधिकारियों को बताया कि जब जनता का प्रतिनिधित्व करने वाले जनप्रतिनिधियों के सम्मान के साथ खिलवाड किया जाएगा तो वह कहीं भी सुरक्षित नही है. उनके सम्मान और सुरक्षा हेतु उचित पहल करे. अध्यक्ष ने कहा कि धनवार मुखिया प्रकरण की जितनी भी भर्त्सना की जाए कम होगा. अगर पुलिस तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी नही करती है तो जिला मुखिया संघ के नेतृत्व में चरणबद्ध तरीके से आन्दोलन किया जाएगा.

**विवाद** जाम में आगे निकलने को लेकर बढ़ा विवाद, हुई मारपीट, मामला दर्ज

# ममता देवी और राजेंद्र प्रसाद ने एक दूसरे के खिलाफ थाने में दिया आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
मंगलवार को धनवार पंचायत की समाजसेविका ममता देवी और हरिला निवासी राजेंद्र प्रसाद ने एक दूसरे के खिलाफ बरही थाना में मामला दर्ज कराया है. दिए आवेदन में समाजसेविका ने अपने पति व धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद के साथ हरिला निवासी नागेंद्र प्रसाद पर जान से मारने, गाली गलौज करने और गले से सोने का चेन छिनने का आरोप लगाया है. वही दूसरे पक्ष के राजेंद्र प्रसाद पिता स्व रामयश प्रसाद ने धनवार मुखिया और कुछ लोगो पर अपने छोटे भाई नागेंद्र प्रसाद के साथ मार पीट और जान से मारने की धमकी को लेकर मामला दर्ज कराई है. धनवार मुखिया के



अनुसार कोनरा बाईपास के पास एनएच 2 पर जाम लगा था. इसी दौरान वह अपनी पत्नी और बेटी के साथ अपनी गाड़ी से अपने गांव जा रहें थे. ठीक उसी समय हरिला निवासी श्री प्रसाद भी अपनी गाड़ी से जा रहे थे. बाईपास चौक के समीप जबरन उनकी गाड़ी से आगे निकलने में लगे थे, जिसे उन्होंने मना किया जो उसे व्यक्ति को नागवार गुजरा. अपनी गाड़ी से उतरकर मार पीट करते हुए भद्दी गाली दिए और उनके गले से सोने का चेन छीन लिया. वही दूसरे पक्ष के लोगो ने बताया कि जाम से आगे निकलने के लिए मुखिया बेताब थे. पावर का धौंस दिखाते हुए गाड़ी से उतरे और गाली गलौज करते हुए उनके भाई को मार पीट करने लगे. इतना ही नहीं फोन से अपने कई समर्थको को बुलाकर जान से मारने की धमकी देने लगे. मामले को लेकर मंगलवार की शाम दोनो पक्षों ने आवेदन देकर उचित कारवाई की मांग किया है. मामला सामने आते ही मंगलवार की शाम भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, धनवार पंचायत सहित हरिला के कुछ लोग थाना पहुंचकर उचित कारवाई की मांग कर रहे थे.

## एक नजर

### पत्रकार की माता जी के निधन पर पत्रकारों ने जताया शोक

**सिमडेगा।** राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक अखबार के पत्रकार सुहैल अख्तर के माता जी का बुधवार को निधन हो गया। बताया गया वह लंबे समय से लकवा रोग से ग्रसित थी और रिगत 10 दिन पूर्व पति के निधन के बाद तबीयत और भी बिगड़ने लगी और बुधवार को दोपहर में निधन हो गई उनके निधन पर राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक अखबार परिवार ने शोक संवेदना व्यक्त की है इसके अलावा जिले के पत्रकारों ने भी शोक प्रकट किया है। शोक प्रकट करने वालों में नरेंद्र अग्रवाल ,रविकांत साहू ,अफजल इमाम, वाचस्पति मिश्रा ,शहजादा प्रिंस, दीपक रिंकू राकेश जयसवाल ,नरेश शर्मा, मनोज सिन्हा ,मो इलियास, तरुण कुमार, विकास साहू, आलोक साहू, पिंटू कुमार ,कालो खलखो, सुमंत कुमार, सूरज बीसी,अंकित सिन्हा,संजीत जैसवाल, अनुज साहू ,रविकांत मिश्रा, अमन मिश्रा, मुकेश कुमार ,अरुण राम, वीरेंद्र तिवारी, अमित रंजन ,पंचम कुमार सहित सभी पत्रकार शामिल है।

### पद यात्रा निकाल कर हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी की साजिश का भंडाफोड़ करेगा झामुमो

**कोडरमा।** झामुमो जिला कमेटी की बैठक विवाह भवन झुमरी तिलैया में हुई। अध्यक्षता पार्टी जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय और संचालन जिला सचिव श्यामदेव यादव ने किया। जिलाध्यक्ष व सचिव ने कहा कि हेमंत सोरेन को भाजपा और केंद्र सरकार के साजिश के तहत गिरफ्तारी का भंडाफोड़ 15 फरवरी से कोडरमा जिला के सभी पंचायत में वार्डों में पदयात्रा निकाल कर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यात्रा के जरिए गांवों में किसान, मजदूर, महिला,छात्र चुनी हुई सरकार को अपदस्थ करने की साजिश केंद्र की सरकार ने किया। इसकी जानकारी पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के कार्यों से भाजपा घबराई हुई है और ईडी,सीबीआई की साजिश के माध्यम से विरोधी दलों को कुचलने की साजिश की जा रही है। इसका झामुमो मुंहतोड़ जवाब देगी। बैठक को केंद्रीय कमेटी सदस्य गोपाल यादव, संजय पांडेय, गंगा यादव आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष अशोक सिंह, सुधाकर यादव, विश्वनाथ राय, कामेश्वर भारती, सचिन भारती, अशोक सिंह, अखिलेश यादव, सद्दाम अंसारी आदि मौजूद थे।

### झारखंड विधानसभा की याचिका समिति की बैठक

कोडरमा। परिसदन सभागार कोडरमा में मंगलवार को झारखंड विधानसभा की याचिका समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता याचिका समिति सदस्य विधायक डॉ नीरा यादव ने की। बैठक में झारखंड विधानसभा रांची द्वारा प्राप्त याचिका से संबंधित मामलों का पदाधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी ली। साथ ही याचिका से संबंधित सभी मामलों का यथाशीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में समिति सदस्य ने शिक्षा विभाग, राजस्व पथ एनएच, वन विभाग, डीवीसी, वाणिज्य कर विभाग, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पर्यटन विभाग समेत कई विभागों की याचिका से संबंधित समीक्षा कर मामले के निस्तारण करने को लेकर सदस्य ने पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया।

# पुलवामा आतंकी हमले के शहीदों को विश्व हिंदू परिषद ने दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा नगर स्थित महावीर चौक में विश्व हिन्दू परिषद् के युवा सेवा संघ बजरंग दल के तत्वावधान में पुलवामा हमले में वीरगति को प्राप्त वीर शहीद जवानो की याद में श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया और शहीद जवानो के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप जलाकर भावभीनी विनम्र श्रद्धांजलि दी गई इस अवसर पर शहीद जवानो के अमर रहें के नारों के साथ और माँ भारती के जयघोष की गई. इस अवसर पर मौजूद विहिप जिलाध्यक्ष कौशलराज सिंह देव ने कहा जब जब देश के दुश्मनों ने हमें ललकारा है, हमारे वीर जवानो ने उनका मुहतोड़ जवाब दिया है और देश की सुरक्षा के लिए वे अपने प्राणो की आहुति सदा देते रहें हैं, उनकी वीरता को सदा नमन हैं, देश उनकी सदा ऋणी है.मोके पर विहिप जिलाध्यक्ष कौशल राज सिंह देव, कृष्णा शर्मा, सुबोध महतो, कमल सेनापति, आनंद जायसवाल, बबलू अग्रवाल, मानस प्रसाद, हरी सिंह, अंकित केसरी, अमरनाथ मिश्रा, अग्निवेश चौबे , सुमित गुप्ता, विनीत गुप्ता, जयंत पंडा, आकाश कुमार,दीपक कुमार, शांति देवी आदि उपस्थित रहें।

### ठेठईटांगर के करंजो में आदिवासी लोहरा समाज की बैठक आयोजित

# समाज का विकास तभी संभव है जब समाज के लोग एक जुट होकर रहें : मुनेश्वर तिर्की



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** आगामी 25 फरवरी को आदिवासी लोहरा समाज का वार्षिक सम्मेलन के निमित्त आदिवासी लोहरा समाज अध्यक्ष वासुदेव तिर्की की अध्यक्षता में ठेठइटांगार प्रखंड के दुमकी पंचायत के करंजो में लोहरा समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आदिवासी लोहरा समाज के विकास और समाज को सुसंगठित करने पर चर्चा की गई, साथ ही लोहरा समाज के वार्षिक सम्मेलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की गई। बैठक में काफी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित थीं। समाज में महिलाओं की उन्नति के लिए शिक्षा पर जोर दिया गया। लोहरा समाज कैसे विकसित हो इसको लेकर महिलाओं ने भी अपनी-अपनी राय रखी। आदिवासी लोहरा समाज के जिला संगठन सचिव सह कोलेबीरा प्रखंड अध्यक्ष मुनेश्वर तिर्की ने कहा कि समाज का विकास तभी संभव है जब समाज के लोग एक जुट होकर रहें। वार्षिक सम्मेलन में सभी लोगों को बाढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर हमें आदिवासी लोहरा समाज कू एकजुटता का परिचय देना है।हमें सबक सुख-दुख का साथी बनना होगा,समाज के कोई भी व्यक्ति अगर तकलीफ में हो तो उनकी सहायता करनी है। समाज के विकास के लिए मैं सदैव तत्पर हूं और आप लोगों से भी आग्रह करता हूं की समाज के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।बैठक में जिला उपाध्यक्ष हीराराम, जिला संगठन सचिव मुनेश्वर तिर्की,टीटंगर प्रखंड अध्यक्ष कालू इंदवार सहित काफी संख्या में महिलाएं और आदिवासी लोहरा समाज के लोग उपस्थित थे।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक का हुआ आयोजन

# केंद्र की सरकार ईडी का प्रयोग कर हेमंत सोरेन को प्रताड़ित कर रही है : अनिल कंडुलना

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय समिति के निर्देशानुसार बुधवार को वन विश्रामागर, सिमडेगा में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष अनिल कण्डुलना ने अपने संबोधन में झारखण्ड राज्य एवं देश की वर्तमान राजनैतिक परिदृश्य की चर्चा करते हुए अवगत किया। उन्होंने कहा हमारे राज्य के लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्र की सरकार द्वारा केंद्रीय जांच एजेंसियों का उपयोग कर प्रताड़ित कर रही है। जिसका मुख्य वजह है भाजपा गलत नीतियों के सामने पूर्व मुख्यमंत्री का न झुकना, उसका विरोध करना एवं प्रदेश के चंहुमुखी विकास के एजेंडा को लागू करने का ईमानदार प्रयास भाजपा को नहीं पच रहा है। यही नहीं देश के अन्य प्रदेशों में भी जहाँ बीजेपी समर्थित पार्टियों की सरकारें नहीं हैं ।वहां विधायकों की खरीद



फरोख्त, इडी, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट आदि केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग आदि तमाम हथकंडे अपनाकर, डरा धमकाकर चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करने एवम गिराने का प्रपंच कर रही है। जिला सचिव मो सफीक खान ने कहा आज से ही जिले के हर पंचायत स्तर पर पदयात्राओं की श्रृंखला आरम्भ करने का निर्णन लिया गया । जिसमें झारखंड सरकार की नीतियों का प्रचार प्रसार करते हुए आदिवासी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी की ईडी की गिरफ्त से बाहर लाने हेतु जनसमर्थन प्राप्त किया जाएगा, साथ ही साथ आम जनों की समस्याओं से भी रूबरू किया जाए इस क्रम में पदयात्रा कोलेबिरा प्रखण्ड के कोलेबिरा एवम नवाटोली पंचायतों से शुभारंभ करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।बैठक में जिला उपाध्यक्ष अनिल तिर्की, ऑस्कर डांग, कोषाध्यक्ष नुवास केरकेट्टा,संघठन सचिव कल्याण मिंज, बिपिन कुल्लू, संयुक्त सचिव सिकंदर बरवा,केंद्रीय सदस्य मो सहीद सभी प्रखंड के अध्यक्ष - सचिव, जिला और प्रखंड के बीस सूत्री सदस्य गण उपस्थित रहें।

# हिंदू जागरण मंच ने मातृ पितृ पूजन दिवस का किया आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। बानो** मातृ पितृ पूजन दिवस एवं सरस्वती पूजा के अवसर पर श्री योग वेदांत सेवा समिति रायकेरा एवं हिन्दू जागरण मंच के तत्वावधान में अनेक विद्यालयों एवं गांवों में कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। इस अवसर पर बच्चे एवं युवक युवतियों ने माता पिता एवं गुरुजनों की सेवा करने का संकल्प लिया।जिन गांवों में आज कार्यक्रम नहीं हो सका उन गांवों में अभी लगातार कार्यक्रम किए जाएंगे। इस क्षेत्र में कार्यक्रम का संचालन समिति सचिव सह हिन्दू जागरण मंच के प्रदेश मंत्री शिवशरण सिंह, मानुएल मुंडा, संतोष साहू, मोहन, मदन, संतोष, रामेश्वर, गौतम, दिनेश, योगेंद्र,चन्दा साहु, नरेंद्र ,के साथ साथ अनेक भाई बहनों का योगदान रहा।उधर सी एस सी बाल विद्यालय रायकेरा, शिशु विद्या मंदिर मरानी, गेरदा, टोनिंया, जामुडसोया, साहुबेडा, नवाटोली, मैनागाडा, एकोदा, सेमरटोली, हुरदा, कमलाबेडा, नओमईल, उकौली, भुरसाबेडा आदि गावों में भक्ति पूर्वक सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया।

### भाकपा माले जिला कमेटी की बैठक में किसान आंदोलन के पुलिस दमन की निंदा

**कोडरमा झुमरी तिलैया।** स्थानीय पार्टी कार्यालय में भाकपा माले जिला कमेटी की बैठक हुई। बैठक में नेताओं ने मोदी सरकार द्वारा दिल्ली मार्च में आ रहे किसानों पर लाठी और आंसू गैस छोडे जाने की कड़ी निंदा की। साथ ही अविलंब पुलिस दमन बंद करने की मांग की है। कहा गया कि किसानों की ऐतिहासिक आंदोलन के कारण मोदी सरकार ने तीन कृषि कानूनों की वापसी, एमएसपी लागू करने और किसानों के ऋण माफी की घोषणा की थी,पर आज तक घोषणा पर अमल नहीं किया गया। मजबूरन किसानों ने आंदोलन का रास्ता अख्तियार किया है। कहा कि अपनी बात कहने की अभिव्यक्ति की आजादी सभी को है। किसान मोर्चा के लोग अपनी मांग को मांगने के लिए ही दिल्ली चलो का नारा दिया है। 16 फरवरी को देशभर के किसान मजदूर एकजुट हो कर हड़ताल ,बंद आयोजित कर किसान मजदूर एकता की मिशाल पेश करेंगे। पार्टी भी जिले में संयुक्त किसान मोर्चा,मजदूर आंदोलन के समर्थन पर सड़कों पर उतरेगी।

### प्रजापति कुम्हार महासंघ की बैठक हुई संपन्न कई बिंदुओं पर चर्चा

# नशापान मुक्त व समाज का राजनीतिक भागेदारी सुनिश्चित करना है : प्रदेश मंत्री

#### आने वाले दिन में समाज के लिए बहुत से योजना को जमीन में उतारना है



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में बुधवार को प्रजापति कुम्हार महासंघ की बैठक प्रदेश मंत्री रामचरण महतो की अध्यक्षता में की गई। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि संगठन मजबूती हेतु आगामी 25 फरवरी को कुम्हार महासंघ द्वारा जिला अधिवेशन सह वन भोज का कार्यक्रम केला घाट में रखा गया है । बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संगठन की मजबूती एवम विस्तार के लिए जिले का संघठन को प्रत्येक ग्राम से लेकर प्रखण्ड तक संगठन को मजबूत किया जाएगा एवं आने वाले दिनों में समाज के द्वारा शिक्षा खेलकूद, नशापान मुक्त एवं समाज का राजनीतिक भागेदारी सुनिश्चित करना है। इसके लिये सभी को एकजुट होकर सभी को समाज हित में सोचने एवं कार्यकरने की आवश्यकता है। वहीं आगामी वनभोज में प्रत्येक प्रखण्ड के समाज चिंतक शामिल होंगे ।बैठक मे मुख्यरूप से पूना बेसरा प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि आने वाले दिन में समाज के लिए बहुत से योजना को जमीन में उतारना है। अभी केंद्र सरकार द्वारा सभी कामगारों के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत अपने निकटतम प्रज्ञा केंद्र पर जाकर राजेस्ट्रेशन कराए एवं योजना का लाभ ले।

### मांगें नहीं मानी गई तो चलेगा जेल भरो अभियान

**कोडरमा ।** ढिबरा नियमावली लागू करने की मांग को लेकर ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ का बेमियादी धरना दूसरे दिन भी धरना मंगलवार को समाहारणालय परिसर में जारी रहा। मौके पर संघ के अध्यक्ष कृष्णा सिंह घटवार ने कहा कि आंदोलन हर कीमत पर जारी रहेगा। जब तक ढिबरा नीति पर ठोस कदम नहीं उठाया जाता, तब तक समाहरणालय नही छोड़ेंगे। उन्होंने कहा ढिबरा मजदूरों की मांगों पर विचार नहीं किया गया,तो संघ सड़क पर उतरेगी और जेल भरो अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि टेंट में ही ढिबरा मजदूर खिचड़ी खाकर डटे रहेंगे। इस बार प्रशासन के लॉलीपॉप वाला आश्वासन पर कोई बात नहीं होगी। ढिबरा चुनने, खरीद-बिक्री का हक मिलने पर ही बात बनेगी। उन्होंने कहा कि धरना में हर दिन अलग -अलग पंचायत के ढिबरा मजदूरों को जिम्मेवारी सौंपी गई है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थित हुए पूर्व मंत्री एनोस एक्का

# अपनी संस्कृति को बचाना हम सभी का दायित्व



नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा बसंत पंचमी के अवसर पर कोलेबिरा प्रखंड के शाहपुर पंचायत के पटीयाटोली में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सह झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का उपस्थित हुए। कार्यक्रम स्थल पर सबसे पहले आयोजन समिति के महिलाओं के द्वारा पारंपरिक रूप से मांदर की थाप पर स्वागत किया गया। जिसके बाद मुख्य अतिथि के साथ पंचायत समिति सदस्य , वार्ड सदस्य सुरेश बड़ाइक ने सयुक्त रूप से फीता काट कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मेले में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि सबसे पहले इस प्रकार के आयोजन करने के लिए आयोजन समिति को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा आज आयोजन समिति ने विलुप्त होते संस्कृति बचाई है एवं उसकी रक्षा हो रही है। समाज को अपनी संस्कृति को बचाना हम सभी का दायित्व होता है। इस प्रकार का आयोजन एक और जहां अपने संस्कृति को बचाने में अहम भूमिका निभाता है। वहीं दूसरी ओर समाज में सामाजिक समरसता बनाने में भी सहयोग करता है। जिस प्रकार हम सामाजिक रूप से एकजुट होकर इस प्रकार के आयोजन करते हैं। उसी प्रकार राजनीतिक एकजुटता की भी आवश्यकता है। क्योंकि अगर राजनीतिक एकजुट ना रहे तो हम सही जनप्रतिनिधि का चुनाव नहीं कर पाते और जिसका नतीजा होता है कि हम एक गलत जनप्रतिनिधि का चुनाव कर लेते हैं जो कि आपके सामने प्रत्यक्ष रूप से है। जनप्रतिनिधि को सिर्फ धर्म के नाम पर वोट चाहिए उन्हें जनता के दुख तकलीफ से कोई सरोकार नहीं वह चुनाव के समय में धर्म के नाम पर वोट लेते हैं।

#### जनप्रतिनिधि को सिर्फ धर्म के नाम पर वोट चाहिए उन्हें जनता की दुख तकलीफ से कोई सरोकार नहीं

### विकास कार्यों में तेजी लाएं जनप्रतिनिधि : डीडीसी

**कोडरमा / सतगावां ।** प्रखंड सभागार में डीडीसी ऋतुराज ने मुखिया, जेई, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक समेत अन्य कर्मियों के साथ बैठक की। उन्होंने बैठक में विभिन्न पंचायतों में संचालित योजना की जानकारी ली। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से विकास कार्यो में तेज लाने का निर्देश दिया। सब एक-दूसरे का सहयोग लेने की बात कही। इसके बाद उन्होंने टीम गठित कर विभिन्न पंचायत में संचालित मनरेगा, 15 वें वित्त के योजनाओं, भवन निर्माण कार्य की स्थिति आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने नावाडीह और खुट्टा पंचायत पहुंचकर पंचायत में संचालित मनरेगा,15 वें वित्त समेत अन्य विभाग से चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और सुधार करने का निर्देश दिया। बासोडीह स्थित बरियारडीह हाट बाजार में जिला परिषद योजना द्वारा शेड निर्माण कार्य, भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। डीडीसी प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर लैब भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

# वीरों का बलिदान हमें आतंक मुक्त देश बनाने के लिए करता है प्रेरित : जोसिमा खाखा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** पुलवामा हमले की बरसी पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कोचेडेगा महुआ टोली स्थित शहीद विजय सोरेंग के घर पहुंच शहीद जवान को श्रद्धांजलि दी। मौके पर जोसिमा ने शहीद की विधवा पत्नी को बुके देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित की। कोचेडेगा में पूर्व सैनिक संघ के बैनर तले श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मौके पर जोसिमा खाखा ने कहा कि आज ही के दिन 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में सीआरपीएफ के 40 जवान एक आत्मघाती आतंकी हमले में बलिदान हो गये थे। जिसमें हमारे सिमडेगा के भी वीर जवान विजय सोरेंग शामिल थे। हम सभी उन शहीदों को श्रद्धांजली देने के लिए आज एकत्रित हुए हैं। आज इन सभी वीरों का बलिदान हमें आतंक मुक्त देश बनाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि इन वीरों की शहादत को सलाम है। हम उनके सर्वोच्च बलिदान को कभी नहीं भूलेंगे। उनका साहस हमें एक मजबूत और विकसित भारत बनाने के लिए प्रेरित करता है। जोसिमा ने कहा कि आज हम सभी इन सभी वीर सपूतों के बलिदान को याद करते हुए उन्हें सलाम करते हैं। हमें इन शहीदों के बलिदान से पूरी निष्ठा ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठ होकर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। हमेशा जिले के जवानों ने अपने कर्तव्य का पालन करते हुए देश की रक्षा के लिए शहादत दी है। कर्तव्य पालन के दौरान शहीद होने का सौभाग्य बहुत कम साथियों को प्राप्त होता है किंतु जब भी कर्तव्य की बलिवेदी पर अपनी जान न्योछावर करने का अवसर मिला है।

## न्यूज बॉक्स

### बानो में धूमधाम के साथ हुई मां सरस्वती की पूजन



**बानो।** प्रखण्ड विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों व सरस्वती पूजा समिति द्वारा सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया।भक्ति गीतों से गूंज उठा बानो चौक। सुबह माता सरस्वती की विधिवत पूजन के बाद श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा ,बाल विकास विद्यालय बानो में पंडित भगवान पंडा,एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय बानो पँ संजय कुमार ,चाचा नेहरू चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल सोय में सोनू शुक्ला, सरस्वती पूजा समिति बानो में पँ सन्तोष पाठक ने विधि पूर्वक पूजन कराया,पूजा काफी संख्या में स्कूली बच्चों ने भाग लिया।बानो चौक में आकर्षक पूजा पंडाल बनाया गया है। पूजा समिति द्वारा रात्रि में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया है। प्रखण्ड रा मध्य विद्यालय बानो ,प्राथमिक विद्यालय चाटूओडा ,शिशु विद्या मंदिर केतुङ्गा धाम में माता सरस्वती के पूजन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

### बसंत पंचमी पर सिमडेगा में ज्ञान की अधिष्ठात्रि की हुई पूजा



**सिमडेगा।** बसंत पंचमी के मौके पर विद्या की अधिष्ठात्री मां सरस्वती की धूमधाम से बुधवार को पूजा-अर्चना की गई। खासकर स्कूलों में बच्चों ने बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मां शारदे की पूजा-अर्चना की। इस मौके पर विद्यार्थियों के द्वारा स्कूलों में आकर्षक साज-सज्जा की गई है।वहीं मां की मूर्ति स्थापित कर विधि-पूर्वक पूजा-अर्चना की गई। आचार्यों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-पूर्वक पूजा अर्चना कराई गई। बच्चों ने सामूहिक रूप से इकठ्ठा होकर मां शारदे की प्रार्थना की एवं विद्या, बुद्धि, विवेक के लिए आशीर्वाद मांगा। पूजा व आरती के उपरांत मां को प्रसाद के रूप में नए अन्न, आम के मंजर, मिष्ठान आदि अर्पित किए गए। इधर बसंत पंचमी के अवसर पर जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम से पूरा वातावरण गुंजायमान होते रहा। इधर स्कूलों के अलावा जिले के विभिन्न प्रखंडों में चौक-चौराहों पर पूजा-अर्चना की गई। वहीं लोगों ने अपने घरों में भी मूर्ति अथवा तस्वीर को रख कर मां शारदे की पूजा-आराधना की। इधर जिले के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में मूर्ति अधिष्ठापित कर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मां हंसवाहिनी की पूजा अर्चना की गई। इधर पूजन-आरती में विद्यार्थियों के साथ-साथ आम जल भी सम्मिलित हुए।सबों ने मां शारदे को नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। बसंत पंचमी के मौके पर लेखनी पूजा एवं वाद्ययंत्रों की पूजा-अर्चना की गई। इधर शहर के कई स्थानों में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई।

### पुलवामा हमले में शहीद विजय सोरेंग के कोचेडेगा स्थित आवास में दी गयी श्रद्धांजलि



**सिमडेगा।** जम्मू कश्मीर के पुलवामा आतंकी हमलें में देश ने अपने कई वीर सपूतों को खो दिया था। उनमें से एक सिमडेगा जिला से संबध रखने वाले वीर जवान विजय सोरेंग भी उस हमले में शहीद हो गए थे। पुलवामा हमलें के शहीद दिवस पर सिमडेगा जिला के शहीद विजय सोरेंग के कोचेडेगा स्थित आवास में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर रैनियर खलखो सहित पूर्व सैनिक एवं जनप्रतिनिधियों ने शहीद विजय सोरेंग को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित को। साथ ही शहीद विजय सोरेंग की धर्मपत्नी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।मौके पर पूर्व सैनिक संगठन वेटंस इंडिया ने जिला प्रशासन से शहीद के नाम पर उनके घर के पास के चौक का नामकरण करने की मांग रखी। उपायुक्त महोदय ने कहा की सिमडेगा वीरों का जिला है। उन्होंने शहीद के नाम पर चौक का नामकरण अवश्य ही करने की बात कहीं।मौके पर जीप सदस्य शांतिबाला केरकेट्टा एवं अन्य उपस्थित थे।

### झामुमो उकौली पंचायत समिति का हुआ गठन



**बानो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमिटी के निर्देश पर बानो प्रखण्ड के उकौली पंचायत में धर्मदास तोपनो की अध्यक्षता में बैठक हुई।बैठक में पंचायत समिति का गठन किया गया ।कमिटी का गठन केंद्रीय सदस्य बिरजो कंडुलना की उपस्थिति में हुई जिसमे सर्वसम्मति से अध्यक्ष बसन्त कंडुलना उपाध्यक्ष लिबनुस कंडुलना, सचिव सुनील तोपनो ,कोषाध्यक्ष लुकास कंडुलना तथा सदस्य के रूप में जुनास कंडुलना, जेम्स जोजो,बोनिफास कंडुलना, जय मसीह बडिंग ,अनिल कंडुलना, अजेला कंडुलना, जीवन कंडुलना, नॉमिता कंडुलना का चयन किया।

### सरस्वती पूजा सह मातृ पितृ पूजन दिवस आयोजित



**सिमडेगा।** विद्या वनस्थली शिक्षा समिति द्वारा संचालित एवं लीड द्वारा सहयोग प्राप्त जूनियर कैंब्रिज स्कूल सिमडेगा में बुधवार को धूमधाम के साथ सरस्वती पूजा सह मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया गया। विद्यालय के छात्र संगठन द्वारा आयोजित सरस्वती पूजा प्रातः कालीन 9:30 बजे प्रारंभ हुआ। जिसमें विद्यालय के सभी बच्चे, अभिभावक एवम शिक्षक गण उपस्थित रहे। सरस्वती पूजा के पश्चात विद्यालय में मातृ पितृ पूजन भी मनाया गया जिसमें उपस्थित सभी अभिभावक गणों की बच्चों के द्वारा पूजन कर आशीर्वाद ग्रहण किया गया। इसके पश्चात बच्चों और अभिभावकों के बीच भंडारा का कार्यक्रम हुआ। आज के इस भंडारे के कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्रबंध समिति के सभी सदस्यों का सहयोग मिला। प्रबंध समिति के द्वारा ही विद्यालय में खिचड़ी निर्माण कर बच्चों के बीच प्रसाद स्वरूप बांटा गया। आज के इस पूजन दिवस को सफल बनाने में मुख्य रूप से विद्यालय प्रबंध समिति के मनोरमा देवी, पूजा जायसवाल, पूजा देवी, अंजू देवी, रोशनी, वैभव और अभिषेक का अहम योगदान रहा।

## एक नजर

### शादी समारोह से मेहमान की मोटरसाइकिल हुई चोरी

**बिरनी।** बिरनी थाना के भरकट्टा ओपी क्षेत्र के मदंगुंडीह गांव में शादी समारोह में शामिल होने आए एक मेहमान की मोटरसाइकिल चोरी हो गई,जिसकी लिखित शिकायत भरकट्टा ओपी में दिया गया है। आवेदन अनुसार मुफस्सिल थाना क्षेत्र की हिरामोती देवी मदंगुंडीह गाँव शादी समारोह में शामिल होने आयीं थीं।। इस दौरान उन्होंने अपनी अपाची मोटरसाइकिल संख्या जेएच11 यू 4174 शादी समारोह चल रहे घर के बगल में खड़ी करके शादी के रस्मे देख रही थीं। कुछ देर बाद देखा तो उनकी मोटरसाइकल गायब थी।जिसके बाद उन्होंने अगल - बगल काफी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला।

### झमाझम बारिश से बढ़ी ठंड, आज भी राहत की उम्मीद नहीं

**धनबाद।** झमाझम बारिश से धनबाद में ठंड बढ़ गई है। सुबह पांच बजे से धनबाद के कई इलाकों में रूक-रूककर बारिश हो रही है। बारिश की वजह से न्यूनतम तापमान भी गिर गया है। मौसम विभाग ने बुधवार को भी बारिश की संभावना जताई है। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से झारखंड में मौसम का मिजाज बदल गया है। सोमवार को रांची और आसपास के जिलों में बारिश हुई थी। मंगलवार को धनबाद में सुबह से ही बारिश परेशान कर रही है। सुबह 11 बजे से एक घंटे तक झमाझम बारिश होती रही। स्कूल-ऑफिस के लिए निकले लोगों को इससे परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### समरेश सिंह आजसू छोड़ हुए भाजपा में शामिल

**जमशेदपुर।** आजसू जमशेदपुर महानगर संयोजक समरेश सिंह पार्टी के जमशेदपुर के 11 मंडलों से अपने कई पदाधिकारी एवं 200 समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सभी का पार्टी में स्वागत किया। समरेश सिंह कहा की भाजपा के राष्ट्रवाद एवं पूर्व विधायक अरविन्द सिंह के समाज के प्रतिबद्धता से प्रभावित होकर उन्होंने भाजपा मे शामिल हुए। भविष्य मे पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी उसे बखूबी निभाने का प्रयास करूंगा। निश्चित तौर पर बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में झारखण्ड में भाजपा आगामी लोकसभा के सभी चौदह सीटें एवं विधानसभा मे भी 60 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी।

### रेडक्रॉस पूरे वर्ष हर शनिवार को आयोजित करेगा नेत्र जांच शिविर

**जमशेदपुर।** रेडक्रॉस सोसाईटी द्वारा पूरे वर्ष हर शनिवार को नेत्र जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। बागबेड़ा चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में मोतियाबिंद ऑपरेशन के मरीजों की विदाई समारोह में पूर्वी सिंहभूम रेडक्रॉस सोसाईटी सचिव विजय कुमार सिंह ने यह जानकारी दी। इस दौरान मरीजों को आंख से पट्टी खोलकर चश्मा, दवा, फल व खाद्य सामग्री, तौलिया-गमछा दिया गया।

### शिक्षण संस्थानों और पूजा पंडालों में वैदिक मंत्रोचार के साथ हुई माता सरस्वती की पूजा

**जमशेदपुर।** शहर के शिक्षण संस्थानों और पूजा पंडालों में बुधवार को कल की देवी सरस्वती की पूजा हुई, विद्यालयों, कालेजों, मोहल्ले व घरों में विद्या की देवी मां वीणावादिनी का पूजा वैदिक मंत्रोच्चारण और पूरे उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर मां सरस्वती की पूजा पूरे भक्तिभाव से किया। ज्यादातर छात्राएं शिक्षण संस्थानों में पारंपरिक परिधान में पहुंचे और पूरे भक्ति भाव से विद्या की देवी सरस्वती की आराधना की। पूजा के उपरांत अपने दोस्तों को अबीर गुलाल लगा कर गले मिल एक दूसरे को बधाई दी। वैदिक मंत्रों के उच्चारण से पूरा माहौल भक्तिमय हो रहा था। हर कोई इस पूजा को लेकर काफी उत्साहित दिखे। इस मौके पर कई विद्यालयों में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने अपने शानदार प्रस्तुति से लोगों को खूब मनोरंजन किया। ज्यादातर शिक्षण संस्थानों में अभिभावक भी अपने बच्चों के साथ पहुंचे और विद्या की देवी माता सरस्वती का आशीर्वाद लिया प्रसाद ग्रहण किया।

### बारिश के बाद जल भराव से पुराना बाजार हुआ जलमग्न

# गंदे पानी के जमाव से आवाजाही में लोगों की बढ़ी मुश्किलें



चास प्रतिनिधि।

बारिश से निगम क्षेत्र के पुराना बाजार सहित सटे 20 मोहल्लों की सूरत बदल दिया है। कीचड़मय संपर्क पथ और मोहल्लों में कचरों के ढ़ेर ने स्थानीय की मुश्किलें बढ़ा दिया है। क्षतिग्रस्त सड़कों पर गंदे पानी की जमाव से आवाजाही में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लचर व्यवस्था को लेकर लोगों ने निगम की कचरा उठाव व साफ-सफाई कार्य पर सवाल उठाते हुए इस आंदोलन पर उतरने की चेतावनी दिया। इस बाबत टाईगर फोर्स के नगर अध्यक्ष अमर स्वर्णकार ने कहा कि पुराना बाजार सहित सटे क्षेत्र में नियमित कचरा उठाव व साफ-सफाई की जरुरत है। लेकिन इन क्षेत्रों में नियमित साफ-सफाई व कचरा उठाव नहीं होता है। एजेंसी के माध्यम से कचरा उठाव कार्य पूरी तरह से ध्वस्त है। कमीशनखोरी को लेकर सभी वार्ड मोहल्लों से कचरा उठाव में फर्जी उठाव दशार्या जाता है। बाजार से सटे संक्रीण मोहल्ला में घनी आबादी कचरों के बीच में रहने को विवश है।

**इन मोहल्लों में जल जमाव व कचरों का ढ़ेर :** निगम क्षेत्र के मछली पट्टी, पुराना बाजार, स्वामी विवेकानंद पथ, बाउरी टोला, दास टोला, इस्पात कालोनी, बांधधार, स्वर्णकार मोहल्ला,सोलागिडीह, वेंदीटांड, पटेल नगर, कृष्णापूरी कॉलोनी, एसएस कॉलोनी, तारा नगर, भवानीपूर, कुशलबंधा, सांगजोरी, कुलटांड, विस्थापित चौक, तेलीडीह सहित अन्य मोहल्ला शामिल है। इन मोहल्लों में जल निकासी की व्यवस्था नही होने को लेकर हल्की बारिश व नालियों से निकलते गंदे पानी से ही मोहल्ला में जल जमाव की समस्या होता है। एक दो मोहल्ला में नाला बना भी है तो आगे तक उसमें पानी निकासी की व्यवस्था नहीं है। स्थानीय संबंधित नाला निर्माण को कमीशनखोरी बताया।

### फोकस के 35 छात्रों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक मिले

**धनबाद।** जेईई मेन सेशन वन परीक्षा में फोकस कोचिंग संस्थान के 35 छात्र-छात्राओं को 90 प्रतिशत से अधिक मार्क्स मिला। निदेशक अजयवीर सिंह ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि लिप्त जैन 99.11 परसेंटाइल लाकर टॉपर बना है। 99.01 परसेंटाइल लाने वाला करण राज दूसरे स्थान पर है। राशि गोयल को 98.65, संकेत कुमार अग्रवाल 98.35, शौर्य गोयल 97.87, आर्य राज 97.38, सौरव कुमार मतो 97.3, अनमोल आर्यन वर्मा 96.95, सृजन पांडेय 96.55, मृगांक रंजन द्विवेदी 96.27, राजवीर सिंह 95.72, रोहन वर्मा 95.53, सोनू 95.24 परसेंटाइल मिला। फोकस के 59 छात्र-छात्राओं को जेईई मेन में सफलता मिली है। अन्य सफल छात्रों में अदिती सिन्हा, तेजस तिवारी, वेभव कुमार, आकाश अडडी, सम्राट, नव्या नवेली राठौर, गुरकीरत सिंह, पंकज कुमार, हर्ष राज, माही सिन्हा, गौरव कुमार पांडेय, आकाश वर्मा, सायक मंडल, नमन राज व प्राची सांडिल्य समेत अन्य शामिल हैं।

## न्यूज बॉक्स

### गावां के सिरी में बिजली का तार गिरने से दो जानवर की मौत



**गिरिडीह।** गावां थाना क्षेत्र के सिरी में बिजली का तार गिरने से बुधवार को दो जानवर की मौत हो गई। घटना के बाद कुछ समय के लिए अफरा तफरी का माहौल बन गया। बताया जाता है कि जिस समय वहां बिजली का तार गिरा, उस समय कुछ लोग भी वहीं खड़े थे। लेकिन गनीमत रही कि तार गिरते ही सभी लोग वहां से भाग निकले। जिससे एक बड़ा हादसा भले ही टल गया, लेकिन एक मवेशी की बछड़ा और बकरी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पशुपालक रामा यादव ने बिजली विभाग से मुआवजे की मांग की है।

### शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**गिरिडीह।** सरस्वती पूजा के अवसर पर बुधवार की शाम शहर में नगर थाना प्रभारी राम नारायण चौधरी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया. फलैग मार्च के पूर्व बड़ा चौक पर थाना प्रभारी आरएन चौधरी ने पुलिस के जवानों को आवश्यक निर्देश दिया. जिसके बाद शहर के बड़ा चौक से फ्लैग मार्च को आरंभ किया गया। फ्लैग मार्च बड़ा चौक से मुस्लिम बाजार, पदम चौक, बीबीसी रोड, बजरंग चौक, मकतपुर चौक, कालीबाड़ी चौक, टावर चौक, अंबेडकर चौक होते हुए नेताजी चौक तक पहुंची। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और जवानों ने शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश लोगों को दिया. बताया गया सरस्वती पूजा के अवसर पर शहर भर के विभिन्न स्थानों पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की जा रही है. इसीलिए शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया है.

### सरस्वती पूजा पर बचपन प्ले स्कूल और कला कुंज ने दिया संदेश मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म



**गिरिडीह।** हर साल की तरह इस बार भी बाभन टोली स्थित बचपन प्ले स्कूल और कला कुंज डांस एंड आर्ट इंस्टिट्यूट में सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया था। सरस्वती पूजा के साथ ही साथ आज कला कुंज और बचपन प्ले स्कूल की डायरेक्टर राखी झुनझुनवाला अपनी शादी के सालगिरह और बसंत पंचमी के उपलक्ष पर एक ऐसी वृद्ध महिला जिनका की एक ट्रेन के दुर्घटना में दोनों पैर कट चुका था उन्हें व्हीलचेयर देकर उनकी सहायता की राखी झुनझुनवाला ने कहा कि हम लोग पूजा पाठ तो करते ही हैं और अगर पूजा के साथ ही साथ हम लोग मानव सेवा भी करें तो इससे बड़ा धर्म और पुण्य का कार्य कुछ भी नहीं हो सकता स्कूल के बच्चों के हाथों यह कार्य करा कर उन्हें भी छोटी उम्र से मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है इसकी जानकारी दी गई वहां उपस्थित अभिभावक और बच्चे और स्कूल के सभी शिक्षकगण बहुत भावुक हो गए थे। इस कार्य को सफल बनाने में निर्मल झुनझुनवाला निखिल झुनझुनवाला प्रिया, वर्षा,अर्चना नौशीन, सुलोचना, डब्लू, नीतू तनीषा आस्था की महत्वपूर्ण योगदान रहे।

### भाजपा ने किया गांव चलो अभियान का आयोजन



**गिरिडीह।** पीरटांड़ प्रखंड में भाजपा द्वारा चलाये जा रहे गांव चलो अभियान के तहत सभी पंचायतों में कार्यकताओं द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत प्रखण्ड अंतगत ग्राम पंचायत कुम्हरलालो, पालगंज, खुखरा,बिशनपुर, हरालाडीह,चिरकी, नावाडीह सहित कई जगहों पर गांव चलो आभियान के तहत कार्यक्रम किया जा रहा है। भाजपा के कार्यकर्ता गांव गांव जा कर लोगों के बीच प्रधानमंत्री के कार्यो का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। यह अभियान भारत के सभी गाँवो में चलाया जा रहा है। इस अभियान में भाजपा प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह, मिशन मोदी अगेन के जिला अध्यक्ष शरत भक्त,जिला उपाध्यक्ष श्याम प्रसाद,महामंत्री अरबिंद बर्णवाल,संतोष राणा,पंचम सिंह, बबलू सव,बबलू सिंह, बालेश्वर यादव सहित कई लोग उपस्थित हुए।

### गावां में धूमधाम से मनायी गयी सरस्वती पूजा



**गिरिडीह।** बुधवार को दिन भर पूरे प्रखंड में धूमधाम से बसंत पंचमी एवं सरस्वती पूजा मनाया गया। पूजा समितियों तथा शैक्षणिक संस्थानों में प्रतिमा स्थापित कर विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना की गई। सुबह के बाद पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देवी सरस्वती की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा दी गई। इसके बाद पूजा-अर्चना श्रद्धा एवं भक्तिपूर्ण माहौल में की गई। सरस्वती पूजा को लेकर खासकर स्कूली बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। जगह-जगह लोगों में मां शारदे की प्रतिमा स्थापित कर धूमधाम से पूजा अर्चना की। वहीं छात्र-छात्राओं ने सरस्वती पूजा में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। सुबह से ही उत्सवी माहौल में माता सरस्वती के प्रति भक्ति के रंग में लोगों ने अपनी आस्था दिखाई। डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहने के कारण लाउडस्पीकर और छोटा साउंड बाक्स बजाया गया।

### आईआईटी में प्रोफेसरों की बहाली

**धनबाद।** आईआईटी आईएसएम धनबाद ने असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर के खाली पदों पर बहाली के लिए रोलिंग एडवर्टाइजमेंट जारी किया है। आईआईटी धनबाद ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना है। विदेशी नागरिकता वाले शिक्षकों से पांच साल तक के लिए संविदा नियुक्ति की पेशकश की जाएगी। इसके बाद रिन्युअल किया जाएगा। आईआईटी धनबाद के डीन एकेडमिक की ओर से नियुक्ति संबंधी अधिसूचना जारी कर दी गई है। बताते चलें कि रोलिंग एडवर्टाइजमेंट के तहत जारी वैकेंसी की कोई अंतिम तिथि नहीं होती है।

# कतरास में भारी मात्रा में अवैध लोहा लोड पिकअप वैन जब्त, चालक गया जेल

**नवीन मेल संवाददाता। कतरास**

कतरास पुलिस ने मंगलवार को भटमुरना से अवैध लोहा लोड एक पिकअप वाहन को जब्त कर लिया। पुलिस के द्वारा वाहन चालक मो. आशिक (23) को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जाता है कि बीसीसीएल की कोलियरियों में बेकार पड़े वाहनों के पाट्र्स समेत अन्य लौह सामग्री काट कर पिकअप वाहन में लोड किया गया था। जिसे कोलमुरना के आगे बरोरा व कतरास थाना के बोर्डर के पास राजा नामक व्यक्ति के द्वारा चलाए जा रहे लोहा के अवैध गोदाम में खपाने के लिए ले जाया जा रहा था। इसी बीच पुलिस की गश्ती दल ने उक्त वाहन को रोक दिया। वाहन में जांच की गयी तो उसमें भारी मात्रा में बीसीसीएल का लोहा लोड था। पुलिस ने वाहन संख्या जेएच 10 एभी 3054 समेत मतारी के रहने वाले चालक को कतरास थाना लाया। चालक को पुलिस के द्वारा जेल भेज दिया गया, जबकि जब्त लोहा लोड वाहन को कतरास थाना में रखा गया है। सूत्रों के अनुसार कोलमुरना के आगे काफी दिनों से लोहा का अवैध कारोबार खुलेआम किया जा रहा है, जहां बीसीसीएल के न्यू आकाशकिनारी, ब्लॉक फोर कोलियरी समेत अन्य कोलियरियों में बीसीसीएल के बेकार पड़े वाहनों के पाट्र्स को रात के अंधेरे में सेटिंग गेटिंग कर काट कर चोरी की जा रही है। जिससे जहां बीसीसीएल को नुकसान हो रहा है, वहीं लोहा के कारोबारी मालामाल हो रहे हैं।

> **वाहन को रोक दिया। वाहन में जांच की गयी तो उसमें भारी मात्रा में बीसीसीएल का लोहा लोड था**

# तिसरी प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया सरस्वती पूजा



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

पुरे तिसरी प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ विद्यादायिनी माँ शारदे की पूजा - अर्चना की गई। प्रखंड के तिसरी, चंदौरी, गुमगी, भंडारी, बरवाडीह, खिजुरी समेत कई शिक्षण संस्थानों में मां शारदे की प्रतिमा स्थापित की गई है। इस दौरान मुख्यालय स्थित माइका थाना, थाना के समीप,रीजनल गेट और पटलावती सेवा सदन स्थित पूजा पंडालों में आकर्षक साज्जो - सज्जा के साथ माँ सरस्वती की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। बुधवार सुबह से ही पंडितों द्वारा विधिवत मंत्रोचारण के साथ पूजा - अर्चना की गई। जिसके बाद माता के दर्शन को आने वाले भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं सभी पंडालों में संध्या बेला में विधिवत आरती की गई।

उक्त पंडालों में देर शाम तक भक्तों का ताँता लगा रहा। गुरुवार की शाम माइका थाना स्थिति पूजा पंडाल में कमिटी द्वारा भंडारा कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। पूजन कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिमन्यु अग्रवाल, बिष्णु बर्णवाल, प्रशांत कुमार, सोनू पाठक, शिवम कुमार, प्रमोद यादव, प्रतिक रंजन,सागर कुमार, सुमित कुमार समेत कई युवा तन्मयता से जुटे हुए हैं।

# बाबूलाल पहुंचे जमशेदपुर, चुनाव पर की चर्चा



नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर

भाजपा ने लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इस सिलसिले में पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी दो दिवसीय दौरे पर जमशेदपुर पहुंचे। सर्किट हाउस में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ता और पार्टी पदाधिकारियों से मरांडी मिले और उनका हालचाल पूछा। उन्होंने पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ता और पदाधिकारियों के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव पर चर्चा की। कार्यकर्ताओं का सुझाव भी लिया। बुधवार सुबह जुबली पार्क स्थित क्रिस्टल कावेरी अपार्टमेंट में बनाए गए संसदीय कार्यालय का बाबूलाल उद्घाटन किया। वहां भी कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की जाएगी। स्वागत करने वालों में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा, गुंजन यादव, राजेश शुक्ला, राकेश सिंह, नीरज सिंह, सुबोध झा समेत अन्य शामिल थे।

### झारखंड में फुटबॉल का क्रेज; बच्चों में छायी फुटबॉलर बनने की दीवानगी

**जमशेदपुर।** क्रिकेट और तीरंदाजी के लिए मशहूर झारखंड की औद्योगिक नगरी जमशेदपुर में इन दिनों बच्चों पर फुटबॉल का खुमार छाया हुआ है। कभी जेआरडी स्पोर्ट्स में अन्य खेलों में हाथ आजमाने वाले ये बच्चे इन दिनों बकायदा क्लबों में फुटबॉल की ट्रेनिंग ले रहे हैं। इनमें अधिकतर बच्चों की उम्र 6 से 13 वर्ष की है। यह संभव हो पाया है कि साल भर चलने वाले गोल्डन बेबी लीग फुटबॉल टूनामेंट के कारण। जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के ऑर्चरी ग्राउंड में खेले गए जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग देश का सबसे बड़ा लीग मैच था। इस लीग मैच के बाद जमशेदपुर और आसपास के इलाकों में फुटबॉल का क्रेज बढ़ गया है।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय राणाडीह में विदाई समारोह आयोजित

# सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका को दी गई भावभीनी विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

तिसरी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय राणाडीह में बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन कर विद्यालय की सेवानिवृत प्रधानाध्यापिका डेजी हेमब्रम को भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में उपस्थित प्रबंधन समिति के सदस्य, विद्यालय के बच्चे और ग्रामीणों ने सेवानिवृत प्रधानाध्यापिका डेजी हेमब्रम को पुष्पगुच्छ व अन्य सामग्री भेंट की। वहीं उनके कार्यकाल के विषय में उपस्थित सभी लोगों ने प्रशंसा की।बताया गया कि डेजी हेमब्रम ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय राणाडीह में बीते 23 वर्षो से अपनी सेवा दी है। इस दौरान उनके द्वारा पढ़ाये गए विद्यालय के कई विद्याथीर्यों ने अपने उज्जवल भविष्य को गढ़ा है। विदाई समारोह में उपस्थित प्रबंधन समिति व छात्र - छात्राओं की आंखे नम हो गई। मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष अयोध्या दास, शिक्षक बिनोद शर्मा, प्रमिला देवी, अनिल दास, मेघू दास, बासदेव दास समेत कई लोग उपस्थित थे।

## आक्रोश | गैस एजेन्सी के संचालक ने भरकट्टा ओपी प्रभारी के साथ किया दुर्व्यवहार

# संचालक ने लिखित माफी मांगी



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी**

बिरनी प्रखण्ड के भरकट्टा ओपी प्रभारी सुमन्त प्रसाद के साथ भरकट्टा कसकुटैया निवासी सह स्वर्णकार गैस एजेन्सी संचालक राजेश स्वर्णकार के दुर्व्यवहार किए जाने के मामले में ऊक्त आरोपी ने ओपी प्रभारी को लिखित देकर माफी मांग लिया। साथ ही भविष्य में दोबारा इस तरह की गलती नही करने की बात कही।

**क्या कहते है ओपी प्रभारी :** ओपी प्रभारी सुमन्त प्रसाद ने बताया कि बीते बुधवार शाम लगभग 5 बजे कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी के आगमन होने की सूचना प्राप्त हुई । सुरक्षा को देखते हुए सड़क पर लगी वाहनों को हटाने लगे इसी बीच स्वर्णकार गेस एजेंसी के मालिक राजेश स्वर्णकार का भरकट्टा चौक पर जेवर दुकान के सामने एक मारुति खड़ी थी । वाहन को देखने पर संदेह हुआ तो वाहन चालक से वाहन के कागजात व वाहन डिक्की जांच कराने की बात कही । इसी बात को लेकर राजेश स्वर्णकार मुझसे दुर्व्यवहार करते हुए उलझ गया और वाहन को भगा दिया गया । इसकी सूचना मेरे द्वारा वरीय अधिकारी को दिया गया । वरीय अधिकारी के निर्देश पर राजेश स्वर्णकर को पकड़कर ओपी लाया गया। उसके बाद मामला ने तूल पकड़ लिया । स्वर्णकार को थाना ले जाने की सूचना सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा नेता नारायण पाण्डेय , जिप सदस्य सूरज सुमन, बहादुर स्वर्णकार समेत गणमान्य लोग ओपी पहुँचकर मामला को आपसी समझौता करते हुए स्वर्णकार ने ओपी प्रभारी को भविष्य में इस तरह की गलती नही करने की लिखित दिया तब जाकर उसे छोड़ दिया गया।

**मामला पहुँचा बगोदर बिधायक के पास :** घटना की सूचना बगोदर विधायक बिनोद सिंह को दिया गया । बिधायक श्री सिंह ने ओपी प्रभारी को कहा कि राजेश स्वर्णकार के साथ मारपीट की गई है । जिसके बाद पुनः राजेश स्वर्णकार ओपी पहुँचकर विधायक को फोन पर सूचना दिया कि मेरे साथ किसी भी तरह की मारपीट नही किया गया है । तब जाकर मामला शांत हो पाया ।

# डाक विभाग में चार करोड़ से अधिक का घोटाला




**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

धनबाद डाकघर हमेशा से घोटाले को लेकर चर्चा में रहा है। डाकघर विभाग में आए दिन कुछ-न-कुछ गड़बड़ी और घपले-घोटाले सामने आ रहे हैं। इस बार धनबाद के गोविंदपुर केके पॉलीटेक्निक उप डाकघर में चार करोड़ रुपए से अधिक के घोटाले सामने आए हैं। उप डाकघर के जीएल खाते के मंथली रिटर्न की जांच में पूरे मामले का खुलासा हुआ है। जांच में राशि निकासी से संबंधित लेखा-जोखा में गड़बड़ी पायी गई है। प्रभारी सहायक पोस्टमास्टर सुमित सौरभ कुमार हैं। पूरे मामले के खुलासे के बाद विभागीय जांच टीम गठित की गई। जांच में उप डाकघर के प्रभारी सहायक पोस्टमास्टर सुमित सौरभ कुमार, परितोष लकड़ा, शंकर भाटिया और भरत प्रसाद रजक की मिलीभगत सामने आयी है। जांच के उपरांत कई और मामले सामने आए हैं, जिसमें 20 लाख रुपए की रिकवरी भी की गई है। इसके बाद चारों को शोकॉज कर तबादला कर दिया गया। पूरे मामले में कई और कर्मचारी नपेंगे। इसको लेकर डाक विभाग में पूरी तरह से हड़कंप मचा है। उप डाकघर के कर्मियों का कहना है कि विभागीय जांच में पहले डेढ़ करोड़ के घोटाले सामने आए थे, लेकिन जैसे-जैसे जांच बढ़ती जा रही है।

# चुनाव पूर्व रहस्यमय किसान आंदोलन

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले एक बार फिर किसान आंदोलन पूरी तैयारी के साथ शुरू हो गया है। दो साल पहले कृषि कानून निरस्त कराने की मांग में भी इसी तरह के विरोध प्रदर्शन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अब एक बार फिर किसान 'दिल्ली चलो' के नारे के साथ राजधानी में दाखिल होने के लिए प्रयासरत हैं। हालांकि इन्हें पंजाब और हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर रोक लिया गया है। किसान संगठनों से केंद्रीय मंत्री बात भी कर रहे हैं और दिल्ली के साथ-साथ हरियाणा की सीमाओं पर भारी तनाव के बीच पुलिस तैनात हैं। चूंकि किसान पड़ाव दर पड़ाव आगे बढ़ रहे हैं, पुलिस के साथ उनके संघर्ष के वीडियो भी चल रहे है। अभी एक हफ्ते पहले की बात है दिल्ली से 6,391 किलोमीटर दूर बेल्जियम में पुलिस बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-सवार प्रदर्शनकारियों को संभालने के लिए संघर्ष करती नजर आई थी। बेल्जियम में हजारों की तादाद में किसानों ने यूरोपीय संसद के बाहर प्रदर्शन किया। बता दें कि जिस वक्त प्रदर्शनकारी किसान यूरोपीय संघ के केंद्र में एकत्र हुए, उसी समय पूरे यूरोपीय संघ के नेताओं का एक महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन भी हो रहा था, जिसमें युद्धग्रस्त यूक्रेन के लिए अधिक धनराशि को मंजूरी दी गई।दंगा-रोधी उपकरण पहने पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए कंटीले तारों और पानी की बौछारों का इस्तेमाल करना पड़ा। अधिकारियों द्वारा उठाए गए कदमों में से एक के रूप में टेली-वर्किंग का सुझाव दिया गया था। यह सिर्फ ब्रुसेल्स या दिल्ली और पड़ोसी राज्य नहीं हैं जहां ट्रैक्टर पर सवार प्रदर्शनकारी कानून प्रवर्तन अधिकारियों या सरकार के लिए चिंता का कारण बन गए हैं। वर्तमान में इटली, लातविया, नीदरलैंड, स्पेन, जर्मनी, बेल्जियम, पोलैंड, रोमानिया और ग्रीस में विरोध प्रदर्शनों में ट्रैक्टरों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे यूरोपीय संघ में भी चुनावी वर्ष में संतुलन बिगड़ रहा है।सूत्रों के मुताबिक भारतीय खुफिया एजेंसियां दुनिया भर में हो रहे इन आंदोलनों पर कड़ी नजर रख रही हैं। इन विरोध प्रदर्शनों से उभरने वाले पैटर्न का विश्लेषण अनौपचारिक रूप से किया जा रहा है और पुलिस को उनसे निपटने के लिए उपकरणों सहित उपाय सुझाए जा रहे हैं। एक सूत्र ने कहा हम इसे अपने नियमित काम के हिस्से के रूप में कर रहे हैं, जहां वैश्विक घटनाओं पर खुफिया जानकारी इकट्ठा करने की जरूरत है। रिपोर्ट तैयार की जा रही है और संबंधित अधिकारियों के साथ साझा की जा रही है। यह सिर्फ एजेंसियां नहीं हैं जो ग्लोबल प्रोटेस्ट की स्टडी कर रही हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि विरोध समूह अन्य देशों में हो रहे आंदोलनों से भी संकेत ले रहे हैं। पश्चिम में कई विरोध प्रदर्शनों में कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स और बोल्डर को हटाने के लिए संशोधित ट्रैक्टरों का उपयोग किया गया था। पंजाब स्थित किसान समूहों के विरोध प्रदर्शन में, असामान्य फिटिंग वाले ट्रैक्टरों की कई तस्वीरें सामने आई हैं। अन्यत्र ट्रैक्टर आंदोलनों से प्रेरित होकर कई लोगों ने टायर प्रोटेक्टर भी लगाए हैं।जिस बात ने खुफिया अधिकारियों को आश्चर्यचकित कर दिया है वो ये है समन्वय और लामबंदी का स्तर। लोगों के साथ सुरक्षा एजेंसियों को शक है कि ये बहुत ही सुनियोजित साजिश है जिसे किसान आंदोलन का रूप दिया जा रहा है । बिहार झारखंड और हिन्दी पट्टी के किसान इन कथित सुविधा संपन्न किसानों से अपने को जोड़ नहीं पाते ।

> **बेल्जियम में हजारों की तादाद में किसानों ने यूरोपीय संसद के बाहर प्रदर्शन किया। बता दें कि जिस वक्त प्रदर्शनकारी किसान यूरोपीय संघ के केंद्र में एकत्र हुए, उसी समय पूरे यूरोपीय संघ के नेताओं का एक महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन भी हो रहा था, जिसमें युद्धग्रस्त यूक्रेन के लिए अधिक धनराशि को मंजूरी दी गई।दंगा-रोधी उपकरण पहने पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए कंटीले तारों और पानी की बौछारों का इस्तेमाल करना पड़ा। अधिकारियों द्वारा उठाए गए कदमों में से एक के रूप में टेली-वर्किंग का सुझाव दिया गया था।**

इन दिनों

# समान नागरिक संहिता पर केंद्रीय कानून की जरुरत



**डॉ. अनिल कुमार निगम**



***समान*** नागरिक संहिता बनाने के मामले में उत्तराखंड सरकार ने जिस तरीके से पहल की है, उससे हम सब के जेहन में एक अहम सवाल यह है कि क्या केंद्र की एनडीए सरकार इस पर कानून बनाकर संपूर्ण देश में लागू कर सकती है? अब देश के अन्य राज्यों ने भी इस पर कानून बनाने की योजना बनानी शुरू कर दी है। अगर हर राज्य समान नागरिक संहिता पर अलग- अलग कानून बनाते हैं तो उससे जो संसद द्वारा कानून बनाये गये हैं, मसलन तलाक, उत्तराधिकार अधिनियम, विवाह जैसे अधिनियमों का क्या होगा? ऐसी स्थिति में केंद्र और राज्य सरकारों के कानूनों को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा हो जायेगी। इसलिए आवश्यक है कि केंद्र सरकार समान नागरिक संहिता के मामले पर अपनी चुप्पी तोड़े। उत्तराखंड में भाजपा की सरकार है। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता को लागू करने का मुद्दा भाजपा के घोषणा पत्र का हिस्सा रहा है। इसलिए सवाल उठना लाजमी है कि क्या भाजपा लोकसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत मिलने के बाद समान नागरिक संहिता पर कानून बनाकर इसे पूरे देश में लागू करेगी? सवाल यह भी है कि अगर केंद्र सरकार ने देश में अपराधों को रोकने के लिए अलग कानून बनाये, तलाक के मामले में कानून बनाया, नकल रोकने के लिए संसद कानून बना रही है तो फिर समान नागरिक संहिता पर प्रदेश स्तर पर कानून बनाने का क्या औचित्य है? उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने 4 फरवरी 2024 को समान नागरिक संहिता के मसौदे को मंजूरी दे दी। उत्तराखंड मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने के वहां की विधानसभा ने भी इसे पारित कर दिया। राज्यपाल की मंजूरी के बाद इस पर राष्ट्रपति की मंजूरी लेना आवश्यक होगा और उनकी मंजूरी मिलने के बाद यह कानून बन जायेगा। इस बिल के कानून बनने के बाद उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन जायेगा। उत्तराखंड में इस बिल के पेश होते ही देश में तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले कुछ सियासी दलों ने बवाल मचाना शुरू कर दिया है। इस मामले में सियासी दल मुसलमानों को भड़काने की कोशिश कर रहे हैं कि यह कानून मुसलमानों को टारगेट करने के लिए बनाया जा रहा है, जबकि यह पूरी तरह से भ्रामक तथ्य है। इसका उद्देश्य सभी धर्म और जातियों के नागरिकों में लैंगिक असमानता को समाप्त करना है। समान नागरिक संहिता को अगर पूरे देश में लागू किया जाता है तो सभी धार्मिक और आदिवासी समुदायों पर उनके व्यक्तिगत मामलों जैसे संपत्ति, विवाह, विरासत और गोद लेने आदि में लागू होगा। इसका मतलब यह है कि हिंदू विवाह अधिनियम (1955), हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम (1956) और मुस्लिम व्यक्तिगत कानून आवेदन अधिनियम (1937) जैसे धर्म पर आधारित मौजूदा व्यक्तिगत कानून भंग हो जायेंगे। उल्लेखनीय है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 के मुताबिक, 'राज्य भारत के पूरे क्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता को सुरक्षित करने का प्रयास करेगा।' यानी संविधान सरकार को सभी समुदायों को उन मामलों पर एक साथ लाने का निर्देश दे रहा है, जो वर्तमान में उनके संबंधित व्यक्तिगत कानूनों द्वारा शासित है। दिलचस्प यह है कि भारतीय संविधान में हर धर्म की स्त्री और पुरुष दोनों को बराबरी से वोट डालने का अधिकार है। सभी के लिए आपराधिक कानून भी समान हैं। लेकिन शादी, तलाक, बच्चे और संपत्ति संबंधी मामलों में महिलाओं के साथ भेदभाव होता है। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद सभी धर्मों की महिलाओं की विवाह की आयु एक हो जायेगी। महिलाओं को पुरुषों के बराबर संपत्ति पर अधिकार मिल सकेगा। महिलाओं के पुर्नविवाह के नियम एक जैसे होंगे। बहु-विवाह पर प्रतिबंध लग सकेगा। लिव इन रिलेशन से पैदा होने वाले बच्चों को कानूनी अधिकार मिल सकेगा। सबसे बड़ी बात यह है कि अगर समान नागरिक संहिता का कानून केंद्र सरकार बनाती है तो इससे जनसंख्या विस्फोट पर प्रतिबंध लग सकेगा। ध्यातव्य है कि सुप्रीम कोर्ट ने कई ऐतिहासिक निर्णयों में सरकार से समान नागरिक संहिता को लागू करने का आह्वान किया है और समय-समय पर न्यायालय ने केंद्र सरकार से इस पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है। मोहम्मद अहमद बनाम शाह बानो बेगम के ऐतिहासिक फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने एक तलाक शुदा मुस्लिम महिला की याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता के पक्ष में फैसला दिया और समुदाय के व्यक्तिगत कानूनों की बजाय भारत के कानून सीआरपीसी को प्राथमिकता दी थी। इस फैसले में अदालत ने यह भी कहा था कि संविधान का अनुच्छेद 44 बेकार पड़ा हुआ है वह महज एक शोपीस आर्टिकल बनकर रह गया है। सवाल यह भी है कि अगर समान नागरिक संहिता इंडोनेशिया, बहरीन, तुर्किए और लेबनान जैसे देशों में लागू हो सकता है तो भारत में क्यों नहीं? ऐसे में तुष्टिकरण की नीति करने वाले सियासी दलों या धर्म के ठेकेदारों की सरकार क्यों परवाह कर रही है? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समान नागरिक संहिता की पुरजोर वकालत करते रहे हैं। उनका मानना है कि दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चलेगा? प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में एक चुनावी रैली के दौरान कहा था कि भाजपा ने तय किया है कि वह तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के बजाय 'संतुष्टिकरण' के रास्ते पर चलेगी। वास्तव में देखा जाय तो विपक्ष समान नागरिक संहिता के मुद्दे का इस्तेमाल मुस्लिम समुदाय को गुमराह करने और भड़काने के लिए कर रहा है। प्रधानमंत्री ने भी कहा था कि एक घर में परिवार के एक सदस्य के लिए एक कानून हो, दूसरे के लिए दूसरा, तो क्या वह परिवार चल पायेगा। फिर ऐसी दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चल पायेगा? सुप्रसिद्ध चिंतक एवं जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेंगे। यह कोई हिंदुत्ववादियों का एजेंडा नहीं है। यह तो शाहबानो जैसी महिलाओं की जरूरत है। यही कारण है कि संविधान के पितामह डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने समान नागरिक संहिता के पक्ष में ही अपनी राय रखी थी।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

> **उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता को लागू करने का मुद्दा भाजपा के घोषणा पत्र का हिस्सा रहा है। इसलिए सवाल उठना लाजमी है कि क्या भाजपा लोकसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत मिलने के बाद समान नागरिक संहिता पर कानून बनाकर इसे पूरे देश में लागू करेगी? सवाल यह भी है कि अगर केंद्र सरकार ने देश में अपराधों को रोकने के लिए अलग कानून बनाये, तलाक के मामले में कानून बनाया, नकल रोकने के लिए संसद कानून बना रही है तो फिर समान नागरिक संहिता पर प्रदेश स्तर पर कानून बनाने का क्या औचित्य है? उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने 4 फरवरी 2024 को समान नागरिक संहिता के मसौदे को मंजूरी दे दी।**

## आपकी बात

### बीआरपी सीआरपी का क्या होगा?



**कृष्णा प्रसाद**

बीआरपी सीआरपी की व्यथा कौन सुनेगा? विगत 5 साल से कोई मानदेय वृद्धि नहीं? विगत 2 साल से पारा टीचर से भी कम मानदेय? बीआरसी में कार्यरत नाइट गार्ड से भी कम मानदेय? बीआरपी सीआरपी का सेवा शर्त नियमावली कब होगा लागू? कई कैबिनेट बैठक हुई ,अभी भी लगातार हो रही है किंतु बीआरपी सीआरपी का 19 साल का सेवा और मानदेय केवल 15500 और 16500 रुपया मात्र। जवाबदेही सीआरपी को सीआरसी के अंतर्गत सभी स्कूल जो केजी से लेकर 12 तक संचालित है का अनुस्रवाण एवम शैक्षिक अनुसमर्थन करना किंतु मानदेय नाइट गार्ड,चपरासी और पारा टीचर से भी अत्यंत कम। कोई बुनियादी सुविधा नहीं। 19 साल की सेवा बिना भविष्य निधि कटौती के जो नियम विरुद्ध है किंतु सभी मौन है। विभाग / सरकार की इस उपेक्षापूर्ण दोहरी नीति से बीआरपी सीआरपी निराश /हताश और मर्माहत है। (झारखंड शिक्षा परियोजना रांची)

### नगर निगम बनने के बाद विकास शुरू

मेदिनीनगर हमारा शहर नगर निगम बनने के बाद अधिकांश चौक चौराहे नये-नये पार्क की पुराने चेहरे बदल गये। मेयर-डिप्टी मेयर सहित पार्षदों ने नगर निगम के विकास की सर्वोच्च पद के लिए जनता ने उन्हें जीता कर विकास की नई जवाबदेही दे कर शहर को एक नया चेहरा बनने में खुब मदद किया है। नगर निगम का नगीना तो शुरूआत है। अब वह दिन भी दूर नहीं, जब जिले के सबसे प्राचीन शहरों में शामिल स्मार्ट सिटी बनकर उभरेगी और सूबे में पलामू शहर ही पार्को का नया केंद्र बना हुआ है। और यह सब नगर निगम की पहली महापौर महिला की जाती है। नगर निगम से अब पीछे नहीं हटा जा सकता। वर्तमान समय के हिसाब से नगर निगम को जरूरत भी माना जा सकता है, लेकिन इससे सुविधाएं बढ़ने के साथ ही लोगों की दिक्कतें भी बढ़ेगी। शहर क्षेत्रों में बेहतर स्ट्रीट लाइट, पानी निकाली, सीवरेज, सफाई व्यवस्था, बेहतर सड़के का विकास तो हुआ है मगर अभी भी नगर निगम के सामने कई चुनौतियां सामने खड़ी हैं। अपनी शहरी योजनाओं की जो गांव नये वार्ड में बदलें गये है उनके सुरत बदलने होंगे। तभी ऐ शहर को विकास होगा। और तेजी से बाहर की तरफ निकलेंगे और नगर निगम में शामिल किये ग्रामीण क्षेत्र नये शहरों जैसा रूप लें। सब चाहते हैं कि शहर में जो विकास की लहरें है वो अब बनाएं गये नया वार्ड में भी तमाम सुविधाएं लोगों को मिलें और यह सिर्फ नगर निगम बनने के बाद अब विकास की गति भी बढ़नी चाहिए। **- रविन्द्र प्रसाद, मेदिनीनगर**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-**article.rnmail@gmail.com**

राजनीति

# मोदी की कूटनीति से धमाकेदार जीत संभव



**ललित गर्ग**

***2024*** के आम चुनावों का रण सज चुका है, कुछ ही हफ्ते बचे हैं और भारतीय जनता पार्टी एवं सभी विपक्षी दलों ने भी कमर कस ली है। भाजपा एवं इंडिया गठबंधन दोनों ही खेमों में अब हर दिन चुनावी रणनीति को लेकर बैठकों, मुलाकातों एवं चुनावी गणित को फीट करने का दौर चल रहा है, एक तरफ भाजपा 2 हफ्ते बाद उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी करने की तैयारी कर रही है, वहीं दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन मकर संक्रांति के बाद सीट शेयरिंग का फॉर्मूला फाइनल करने वाला है, लेकिन भाजपा ने स्वयं 370 एवं उसके गठबंधन का 400 का लक्ष्य लेकर ही चल रही है। हाल ही में एक मीडिया हाउस के सर्वे के अनुसार भाजपा को भले ही 2019 की तुलना में केवल एक सीट का फायदा हो रहा है, भले नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्री बनना तय है लेकिन उनके गठबंधन को करीब 17 सीटों का नुकसान होता हुआ दिखाई दे रहा है। हो सकता है अन्य माध्यमों से भी ऐसी ही सूचनाएं भाजपा को मिल रही हो, इसलिये उसने 400 के लक्ष्य को हासिल करने का ठाना है। भाजपा एवं मोदी की चुनावी रणनीतियों एवं विश्वास से ऐसा लग रहा है कि एक बार फिर धमाकेदार जीत दर्ज कर अपनी हैट्रिक पूरी करेगी। नरेन्द्र मोदी, उनके राजनीतिक सलाहकार एवं भाजपा सम्भवतः इस मोड पर पहुंच गये हैं कि चुनाव जीतने के लिए उन्हें जितने तरह का रणनीतिक प्रबंधन करने जरूरी थे, वे सफलतापूर्वक किये जा चुके हैं या जल्द ही कामयाबी से कर लिये जायेंगे। जितनी कमजोर कड़ियां थीं, उनकी मरम्मत कर ली गई है। जिन राज्यों में खराब दृश्य दिख रहे हैं, वहां भाजपा पूरी ताकत से लगी है। भाजपा ने 164 ऐसी सीटों की दो कैटेगरी तैयार कर ली है जहां 45 मंत्रियों को जी-जान से जुटने को कहा गया है, भाजपा कमजोर सीटों पर सबसे ज्यादा जोर लगा रही है क्योंकि 2019 के चुनाव में भाजपा की 48 ऐसी सीटें थीं जहां जीत का अंतर 2 प्रतिशत से भी कम था, इन सीटों पर विपक्षी गठबंधन अगर एक उम्मीदवार उतार देता है तो भाजपा के लिए बड़ी चुनौती हो सकती है।

> **भाजपा व इंडिया गठबंधन दोनों ही खेमों में अब चुनावी रणनीति को लेकर बैठकों, चुनावी गणित को फीट करने का दौर चल रहा है, भाजपा 2 हफ्ते बाद उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी करने की तैयारी कर रही है।**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




# डबल इंजन की सरकार यहां भी है और वहां भी



**निर्मल रानी**

***विगत*** दस वर्षों से भारतीय राजनीति में कई 'नवगढ़ित' शब्दों ने राजनैतिक शब्दावली में अपनी जगह बनाई है। ऐसा ही एक शब्द है 'डबल इंजन की सरकार'। यानी जिस दल की केंद्र में सरकार उसी दल की सरकार का राज्य में भी होना। और यदि 'डबल इंजन की सरकार' बन भी जाये तो भी सत्ताधीशों की हवस यहीं खत्म नहीं होती। बल्कि फिर यह 'ट्रिपल इंजन की सरकार ' की बात भी करने लग जाते हैं। यानी इनकी इच्छानुसार स्थानीय निकाय से लेकर दिल्ली की संसद तक हर जगह एक ही दल का परचम लहराये। हालांकि स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान जहाँ एक मजबूत सरकार होती है वहीं मजबूत विपक्ष भी उस मजबूत सरकार को नियंत्रित रखने के लिये जरूरी समझा जाता है। परन्तु 2014 में नरेंद्र मोदी के केंद्रीय सत्ता में आने के बाद विपक्ष विहीन लोकतंत्र स्थापित करने की कोशिश की जा रही है और राज्यों में यह माहौल पैदा किया जा रहा है कि केवल डबल इंजन की सरकार ही किसी राज्य को तरक़्क़ी के रास्ते पर ले जा सकती है। दुर्भाग्यवश ऐसी भी कई मिसालें हैं जहाँ भाजपा चुनाव परिणामों में तो कई राज्यों में सत्ता में नहीं आ सकी परन्तु उसने खरीद-फरोख़्त कर या डरा धमका कर या फिर लोभ लालच देकर यानी येन केन प्रकारेण डबल इंजन की अपनी सरकार बना डाली। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के झाबुआ के गोपालपुरा में जनजातीय समुदाय के सम्मेलन को संबोधित करते हुये अनेक विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया व अनेक योजनाओं का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने जहां सरकार की अनेक योजनाओं का जिक्र किया वहीं उन्होंने बड़े गर्व के साथ यह भी बताया कि -'मध्यप्रदेश देश के सामने सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है कि डबल इंजन की सरकार कैसे काम करती है'। यहां एक अहम सवाल यह उठता है कि नरेंद्र मोदी स्वयं जब 2001 से लेकर प्रधानमंत्री बनने से पहले यानी 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री थे उस दौरान उनके शुरूआती मुख्यमंत्रित्व काल में ही यानी 2004 तक ही केंद्र में अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व वाली एन डी ए सरकार सत्ता में थी।

> **दुर्भाग्यवश ऐसी भी कई मिसालें हैं जहाँ भाजपा चुनाव परिणामों में तो कई राज्यों में सत्ता में नहीं आ सकी परन्तु उसने खरीद-फरोख़्त कर या डरा धमका कर यानी येन केन प्रकारेण डबल इंजन की अपनी सरकार बना डाली।**

बोधि वृक्ष

# भगवान शिव के बाबा बैजनाथ बनने की कथा

**बैजनाथ मंदिर को किसने बनवाया ?**

बैजनाथ मंदिर के निर्माण से जुड़े कोई खास तथ्य तो इतिहास में नहीं मिलते हैं पर मंदिर के सामने के कुछ हिस्सों को देख कर ज्ञात होता है कि इस मंदिर को सन 1596 में गिद्धौर के महाराजा के पूर्वज पूरन मल द्वारा बनवाया गया था बैजनाथ धाम की कहानी - वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग की स्थापना से संबंधित कहानी बड़ी ही रोचक और निराली है। कहानी कुछ इस प्रकार है कि भगवान शिव का परम भक्त रावण हिमालय पर्वत पर तपस्या कर रहा था ताकि वह भगवान शिव को अपनी भक्ति से प्रसन्न कर सके। इसके लिए दशानन रावण अपने एक-एक सिर को काटकर शिवलिंग पर चढाने लगा। अब तक वह अपने 9 सिरों को शिवलिंग पर अर्पित कर चुका था। अब बारी थी उसके 10वें सिर की, जैसे ही रावण अपना 10वां सिर काटने वाला था उसी समय भगवान शिव वहां प्रकट हो जाते हैं। भोलेनाथ ने वहां प्रकट होकर रावण के घावों को ठीक किया और उसे फिर से उसे दशानन बना दिया। शंकर भगवान रावण की भक्ति से इतने अधिक प्रसन्न होते हैं कि उसे वर मांगने को कहते हैं। रावण ने वरदान स्वरुप उस कामना रूपी शिवलिंग को ही अपने घर लंका ले जाने के लिए माँगा। भगवान शिव के परमभक्त रावण इतना अधिक शक्तिशाली था कि उसने कई देवताओं, यक्षों और गंधर्वों को लंका में कैद कर रखा हुआ था। इसपर अब वह अपने प्रभु भोलेनाथ को भी लंका ले जाने की ज़िद पर अड़ गया। उसने भगवान शिव के समक्ष अपनी इच्छा व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान शिव कैलाश को छोड़कर लंका में निवास करें।

**(क्रमशः)**

टेक वर्ल्ड

# फोन में नहीं है इंटरनेट , तो एसे करे उपयोग

इसके बाद आपको अपनी डिवाइस में Za mail.google.co ओपन करना है इसके बाद आप जीमेल पर जाइए और ऊपर से दाएं तरफ बने सेटिंग्स के आइकॉन पर क्लिक करें सेटिंग पर जाने के बाद आपके पास एक टैब ओपन हो जायेगा और उस टैब के ओपन होने के बाद आपको कई सारे ऑप्शन दिखेंगे इसमें लास्ट से दूसरा ऑप्शन ऑफलाइन का होगा, यहां पर ऑफलाइन इनेबल करने का ऑप्शन क्लिक कर दें और इस तरीके से आपकी जीमेल में ऑफलाइन फीचर एक्टिवेट हो जाएगा। अब आप यहां से आसानी से मेल पढ़ सकते हैं और मेल भेज भी सकते हैं। **(समाप्त)**



**जीमेल के छिपे हुए फीचर्स से अपने काम को करें आसान :** जीमेल में स्निपेट्स का उपयोग करके आप अपने ईमेल में सामान्य टेक्स्ट के प्री-फॉमेर्टेड ब्लॉक को एक क्लिक में इन्सर्ट कर सकते हैं। यह आपको समय बचाने में मदद करता है और आपके जवाब को पेशेवर बनाने में सहायक होता है। आज की तेज जिंदगी में, ईमेल का उपयोग आम बात हो गई है। ईमेल न केवल व्यक्तिगत अथवा पेशेवर उद्देश्यों के लिए उपयोगी है, बल्कि इसका महत्व आजकल कार्यालयों तक सीमित नहीं रह गया है। गूगल के ईमेल सेवा 'जीमेल' भी इस दौर में लोगों की सर्वोत्तम पसंद बन चुका है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जीमेल में कुछ ऐसे गुप्त फीचर्स हैं जो आपके काम को और भी आसान बना सकते हैं? इस लेख में, हम आपको वे गुप्त फीचर्स बतायेंगे जिन्हें जानकर आप भी जीमेल का बेहतर इस्तेमाल कर सकेंगे। **(क्रमशः)**

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)**

# उत्तराखंड में यूसीसी को अमलीजामा पहनाने की दिशा में बड़ा कदम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उत्तराखंड सरकार ने यूसीसी कानून को पास करा लिया है। आपको बता दें कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया है जहां यूसीसी कानून के ड्राफ्ट को सदन से मंजूरी मिल गई यानी वह यह कानून लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।



समान नागरिक संहिता उत्तराखंड कानून 2024 के नियमावली को तैयार करने और इसे लागू कराने के लिए अब एक नई समिति का गठन सरकार के द्वारा किया गया है। इस कमेटी में 5 सदस्य होंगे, जिनमें से तीन सदस्य तो वही हैं जो इस कानून के ड्राफ्ट को तैयार करने के लिए एक्सपर्ट कमेटी में शामिल थे। इस नई समिति के गठन को राज्यपाल की भी मंजूरी मिल गई है। इस तरह अब यूसीसी प्रक्रिया और नियम समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत आईएएस शत्रुघ्न सिंह होंगे। वहीं इसके सदस्य के रूप में प्रोफेसर सुरेखा डंगवाल, कुलपति दून विश्वविद्यालय, सामाजिक कार्यकर्ता मनु गौड़, अपर पुलिस महानिदेशक अमित सिन्हा, स्थानिक आयुक्त उत्तराखंड अजय मिश्रा को रखा गया है। इस यूसीसी कानून के नियमावलियों का मसौदा तैयार करने की प्रक्रियाओं के साथ इसे इलेक्ट्रॉनिकीकरण की जिम्मेदारी के लिए 6 अपर सचिवों को इसका अनुबद्ध सदस्य बनाया गया है। जिसमें सुधीर सिंह, अपर सचिव, न्याय, उत्तराखंड शासन तथा निदेशक आईटीडीए भी हैं। जो कमेटी के द्वारा तैयार किए जा रहे मसौदे को संपादित करने के साथ ही समिति की बैठकों में भी शामिल होंगे। नई समिति के गठन के बाद पहले की समिति के सदस्यों के लिए जो कार्यालय था और उनके साथ जो कर्मी काम कर रहे थे, उसका उपयोग अब नई समिति भी करेगी।

समिति को अब सरकार के द्वारा पास कानून के लिए नियमावली तैयार कराने के साथ इसे कैसे लागू करना है, इस पर भी काम करना है। वहीं, समिति इस कानून के लिए वेब पोर्टल और मोबाइल एप इत्यादि का भी निर्माण सुनिश्चित करेगी।

## अचानक कोलकाता पहुंची प्रियंका गांधी



**कोलकाता।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी बुधवार को सरस्वती पूजा के दिन अचानक कोलकाता पहुंची। प्रदेश कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, प्रियंका गांधी दोपहर तकरीबन तीन बजे कोलकाता पहुंचीं। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा में प्रियंका गांधी नजर नहीं आईं थीं। सूत्रों के अनुसार बुधवार को जब सोनिया गांधी ने राज्यसभा नामांकन दाखिल किया तो प्रियंका गांधी जयपुर में मौजूद थीं। वहां से वह सीधे कोलकाता के लिए रवाना हुईं। वर्तमान स्थिति में प्रियंका गांधी का कोलकाता दौरा बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## धामी कैबिनेट की बैठक खत्म, 15 प्रस्तावों पर लगी मुहर




**देहरादून।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून स्थित सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 15 प्रस्तावों पर मुहर लगी। बजट सत्र को गैरसैंण की जगह देहरादून में करने का फैसला लिया गया। प्रदेश में लागू आबकारी नीति के लक्ष्य को 10 प्रतिशत बढ़ाकर 4,400 रुपए किया गया। आयुष एवं आयुष शिक्षा के अंदर 82 पदों को स्वीकृत किया गया है। उत्तराखंडी भाषा संस्थान एवं अकादमी में 41 पद स्वीकृत करने के साथ ही चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षण के ढांचे को पुनर्गठित किया गया है, जिसमें 161 पदों को स्वीकृति मिली है।

## हल्द्वानी में पुलिसकर्मियों पर पत्थर मारने वाली बुकार्धारी महिलाएं होंगी चिन्हित

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के नैनीताल जिला स्थित हल्द्वानी के बनभूलपुरा हिंसा के मुख्य आरोपित अब्दुल मलिक की गिरफ्तारी के लिए हल्द्वानी पुलिस लगातार यूपी, उत्तराखंड, दिल्ली समेत कई राज्यों में दबिश दे रही है। साथ ही अब्दुल मलिक की प्रॉपर्टी को भी पुलिस चिन्हित कर रही है। बीती 8 फरवरी गुरुवार को हल्द्वानी के बनभूलपुरा में मलिक के बगीचे में अवैध मदरसा और नमाज स्थल को हटाने गई नगर निगम, पुलिस और प्रशासन की टीम पर बुकार्धारी महिलाओं ने भी पत्थरबाजी की थी। बुर्के की आड़ में महिला दंगाइयों ने भी महिला पुलिस कर्मियों पर जमकर पत्थरबाजी की, जो की सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है। इसे पुलिस बड़े सबूत के रूप में लेकर चल रही है। एसएसपी नैनीताल प्रहलाद मीणा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में कुछ महिलाएं पुलिस कर्मियों पर पत्थर मारते हुए देखी जा रही हैं। ऐसी कई महिलाओं को पुलिस चिन्हित कर रही है। डाटा सर्विलांस के जरिए भी उनके ऊपर नजर रखी जा रही है कि इस हिंसा में उनको और इस घटना में उपद्रव को किसने भड़काया। उनके पास हथियार या पेट्रोल बम कहां से आए। इसकी जांच भी की जा रही है। पुलिस जल्द ही बड़ी गिरफ्तारी करेगी।

## उत्तराखंड : बदरीनाथ धाम के कपाट आगामी 12 मई को खुलेंगे

**देहरादून/नरेंद्र नगर।** उत्तराखंड के चमोली जिला स्थित विश्व प्रसिद्ध बदरीनाथ धाम के कपाट आगामी 12 मई (रविवार) को प्रातः 6 बजे खुलेंगे। राजदरबार नरेंद्र नगर में आयोजित धार्मिक समारोह में बुधवार को बसंत पंचमी को पूजा-अर्चना और पंचांग गणना के पश्चात विधि-विधान से यात्रा वर्ष 2024 के लिए कपाट खुलने की तिथि की घोषणा की गयी जबकि तेल-कलश यात्रा की भी तिथि 25 अप्रैल को तय हुई है। इस दौरान राजमहल में कई विशिष्टजन एवं बड़ी संक्ष्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

## भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ समेत 5 आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**मुंबई।** उल्हासनगर गोलीकांड मामले में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के विधायक गणपत गायकवाड सहित पांच आरोपितों को भारी सुरक्षा के बीच उल्हासनगर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सभी को 14 दिन की न्यायिक कस्टडी में भेज दिया है। उल्हासनगर के हिललाइन पुलिस स्टेशन में शिंदे गुट के शहर प्रमुख महेश गायकवाड़ पर फायरिंग के मामले में 3 फरवरी को गणपत गायकवाड़ सहित अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया गया था। उस समय कोर्ट ने इन सभी आरोपितों को 12 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया था। इन आरोपितों की पुलिस कस्टडी आज खत्म होने के बाद पुलिस ने सभी को भारी पुलिस बंदोबस्त के बीच कोर्ट में पेश किया। इस मामले में अभी भी तीन आरोपित फरार हैं लेकिन पुलिस ने इन पांचों की पुलिस कस्टडी की मांग नहीं की। इसलिए कोर्ट ने विधायक गणपत गायकवाड़, उनके ड्राइवर रंजीत यादव, बॉडीगार्ड हर्षल हर्षल केने, विक्की गणात्रा, संदीप सरवणकर को 14 दिन की न्यायिक कस्टडी में भेज दिया है।

# तमिलनाडु विस में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के खिलाफ प्रस्ताव पारित

**एजेंसी। चेन्नई**

तमिलनाडु विधानसभा ने बुधवार को मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा पेश किए गए 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया और केंद्र से यह नीति नहीं लाने का आग्रह किया। हालांकि, भाजपा ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया, जबकि मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने कहा कि वह दस वर्षों में अपनी दस मांगों के पूरा होने की स्थिति में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' नीति का समर्थन करेगी, जिसे तैयार करने की जिम्मेदारी तत्कालीन भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद दी गई थी।

भाजपा नेता वनाथी श्रीनिवासन ने प्रस्ताव का विरोध करते हुए कहा, 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को लेकर चिंताएं निराधार हैं और उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव अनावश्यक है। पीएमके विधायक सदन में मौजूद नहीं थे और द्रमुक सहयोगी, कांग्रेस, वीसीके और वाम दलों ने मुख्यमंत्री द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव का समर्थन किया।

हालांकि, सदन ने सर्वसम्मति से एक दूसरा प्रस्ताव अपनाया, जिसमें केंद्र से 2026 के बाद जनगणना के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन नहीं करने का आग्रह किया गया। दोनों प्रस्ताव पेश करने वाले स्टालिन ने कहा, यह सम्मानित सदन केंद्र सरकार से 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' नीति को लागू नहीं करने का आग्रह करता है, क्योंकि भारत के संविधान में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का सिद्धांत लोकतंत्र के आधार के खिलाफ है, अव्यावहारिक है और स्थापित नहीं है।

उन्होंने कहा, भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में जन-केंद्रित मुद्दों के आधार पर अलग-अलग समय पर स्थानीय निकायों, राज्य विधानसभाओं और संसद के चुनाव कराए जा रहे हैं और ये लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण के विचार के खिलाफ हैं। मुख्यमंत्री ने दूसरा प्रस्ताव पेश करने के बाद सदन में कहा, यह सम्मानित सदन यह भी आग्रह करता है कि तमिलनाडु जैसे राज्य को लोगों के लाभ के लिए 50 साल विभिन्न सामाजिक-आर्थिक विकास कार्यक्रमों और कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के लिए दंडित नहीं किया जाना चाहिए।

# संदेशखाली में ईडी की छापेमारी ने महिलाओं व हिंदुओं के खिलाफ हिंसा को किया उजागर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल का संदेशखाली इन दिनों राजनीतिक दलों के लिए अखाड़ा बन गया है। टीएमसी और भाजपा के बीच यहां को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर भले जारी हो लेकिन, इस सब के बीच यहां के लोगों की खासकर महिलाओं की कहानी लोगों को अंदर तक झकझोर देने के लिए काफी है। उत्तर 24 परगना जिले के अशांत संदेशखाली के व्यवस्थित अपराध के बारे में शायद ही देश को कुछ पता चल पाता अगर 5 जनवरी को छापेमारी के लिए वहां ईडी की टीम नहीं पहुंचती। यहां की महिलाओं ने वहां के टीएमसी नेता शेख शाहजहां और उनके समर्थकों पर यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने का आरोप लगाया और इसके विरोध में प्रदर्शन करने और धरने देने लगीं।



इसके बाद संदेशखाली की महिलाओं ने शेख शाहजहां के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और आरोप लगाते हुए बताया कि कैसे गुंडे उनके बीच से अपनी पसंद की किसी भी महिला को उठा लेते हैं और उसके साथ कुछ भी करते हैं। टीएमसी नेता के द्वारा सुंदर दिखने वाली महिला को उठा लिया जाता और उसे पार्टी कार्यालय में लाया जाता था और नेता उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म करते थे। शेख शाहजहां के फरार होने के बाद 8 फरवरी को संदेशखाली की महिलाएं सड़कों पर उतर आईं और शेख शाहजहां के साथ ही उनके सहयोगी सिबाप्रसाद उर्फ सिबू हाजरा, और उत्तम सरदार की गिरफ्तारी की मांग करने लगीं। कई महिलाओं के वीडियो भी सामने आए, जिससे पता चला कि हिंदू महिलाएं उनके निशाने पर थीं। बवाल बढ़ा और यह प्रदर्शन जिसका नेतृत्व मुख्य रूप से महिलाओं ने किया था हिंसक हो गया तो प्रशासन की तरफ से यहां की इंटरनेट सेवाएं 10 फरवरी को बंद कर दी गई। 12 फरवरी को संदेशखाली गांव के स्थानीय निवासियों से मिलने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद पहुंचे तो उनसे लोगों ने न्याय और तृणमूल कांग्रेस के गुंडों के खिलाफ सख्त सजा की मांग की। पश्चिम बंगाल पुलिस ने 12 फरवरी को बताया कि महिलाओं के खिलाफ हुए अत्याचार की जांच के लिए 10 सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। जबकि प्रदर्शन कर रही महिलाएं पुलिस पर टीएमसी के गुंडों के मदद करने का आरोप लगाती रहीं।

इसके बाद राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि राज्य महिला आयोग ने इस संबंध में एक रिपोर्ट सौंपी है। इस रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने ममता बनर्जी पर टीएमसी के गुंडों को संरक्षण देने का आरोप लगाया और लिखा कि टीएमसी के गुंडे घर-घर जाकर देखते थे कि किस घर की कौन सी औरत सुंदर है। कौन कम उम्र की है? इसके बाद उनको टारगेट किया जाता है। उन्होंने कहा कि ममता हिंदुओं के नरसंहार के लिए जानी जाती हैं। वह अपनी पार्टी के समर्थक पुरुषों को महिलाओं से अभद्रता करने की अनुमति दे रही हैं। मामला इतना बढ़ा कि कलकत्ता हाईकोर्ट को इस मामले में स्वतः संज्ञान लेना पड़ा और जस्टिस अपूर्बा सिन्हा रॉय की एकल बेंच ने इस मामले पर ममता सरकार को स्पष्ट आदेश दिया कि संदेशखाली के बासिरहाट में लगी धारा 144 को हटाया जाए।

## यूएई की मीडिया में भी छाए 'मोदी', सभी प्रमुख अखबारों में पीएम मोदी का दौरा सुर्खियों में

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी दो दिनों के दौरे पर यूएई पहुंचे हैं। यहां उनका स्वागत भव्य तरीके से हुआ। उन्होंने यहां प्रवासी भारतीयों के साथ भी 'अहलान मोदी' कार्यक्रम के जरिए संवाद किया। इसके साथ ही पीएम मोदी के इस दौरे में यूएई के साथ कई समझौते भी हुए। ऐसे में आपको बता दें कि भारतीय मीडिया में जहां पीएम मोदी का यह यूएई दौरा सुर्खियों में था, वहीं दुबई के मीडिया के लिए भी यह फ्रंट पेज की स्टोरी बनी रही। पीएम मोदी का यह सातवां यूएई दौरा है। साल 2014 में पहली बार देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद 2015 में वह यूएई के दौरे पर आए थे। पीएम मोदी इस बार जब अबूधाबी पहुंचे तो उनके स्वागत के लिए राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायेद अल नाह्यान खुद आए थे। इसके बाद प्रवासी भारतीयों के कार्यक्रम 'अहलान मोदी' में यूएई के राष्ट्रपति को पीएम मोदी ने कई बार 'भाई' कहकर संबोधित किया। यह खबर यूएई के अखबारों की सुर्खियों में रहा। गल्फ न्यूज से लेकर द नेशनल न्यूज तक में पीएम मोदी का दौरा सुर्खियों में रहा है। खलीज टाइम्स ने पीएम के इस दौरे पर अखबार के फ्रंट पेज पर 'भाई, यह घर जैसा लगता है' शीर्षक से खबर लगाई है। वहीं, द नेशनल न्यूज में शीर्षक दिया गया है 'मोदी ने अबू धाबी भाषण में यूएई-भारत संबंधों का जश्न मनाया।' गल्फ टूडे ने पीएम मोदी की इस यात्रा को शीर्षक दिया है 'मोहम्मद, मोदी का फोकस रणनीतिक, आर्थिक संबंधों पर'। इसके साथ ही खलीज टाइम्स सहित कई अन्य स्थानीय भाषाओं के अखबारों में भी पीएम मोदी की यह यात्रा फ्रंट पेज का हिस्सा रही है और उनकी खूब जमकर तारीफ हुई है।

# दिल्ली हाईकोर्ट को आवंटित भूमि पर अतिक्रमण आप को सुप्रीम कोर्ट की कड़ी फटकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने राउज एवेन्यू में एक भूखंड के एक हिस्से पर अतिक्रमण करने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) को कड़ी फटकार लगाई है, जिसे दिल्ली उच्च न्यायालय को आवंटित किया गया था।



सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव, लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सचिव और वित्त सचिव को बिना इंतजार किए सभी लंबित मुद्दों को निपटाने के लिए उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल के साथ बैठक बुलाने को कहा। पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे, जिला न्यायपालिका की ढांचागत जरूरतों से संबंधित दिल्ली उच्च न्यायालय की परियोजनाओं से उत्पन्न मुद्दे पर सुनवाई कर रही थी। यह देखते हुए कि पिछले आदेशों के बावजूद मुद्दों का समाधान नहीं किया गया है, शीर्ष अदालत ने लिस्टिंग की अगली तारीख से पहले अतिक्रमण हटाने के लिए एक विशिष्ट समयसीमा मांगी। इसके अलावा, इसमें कहा गया है कि जिला न्यायपालिका की अस्थायी जरूरतों को पूरा करने के लिए उच्च न्यायालय को वैकल्पिक परिसर उपलब्ध कराया जाएगा और नोट किया गया कि एमटीएनएल भवन, जिसे उच्च न्यायालय को आवंटित करने का प्रस्ताव किया गया था वह अपर्याप्त है। मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी को होगी।

## चेक बाउंस मामले में टॉलीवुड निर्माता बंदला गणेश को एक साल की जेल

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश की एक अदालत ने चेक बाउंस मामले में अभिनेता-निर्माता और राजनेता बंदला गणेश को एक साल कैद की सजा सुनाई है। ओंगोल में दूसरे अतिरिक्त मुंसिफ मजिस्ट्रेट ने बुधवार को मामले में आदेश सुनाया और अभिनेता को एक साल की जेल की सजा सुनाई। बंदला गणेश ने ऋण चुकाने के लिए जे. वेंकटेश्वरलू को 95 लाख रुपये का चेक दिया था। इसके बाद वेंकटेश्वरलू ने चेक बैंक में जमा किया। बंदला गणेश के खाते में पर्याप्त धनराशि न होने के कारण चेक बाउंस हो गया था।

# शराब बिक्री में नोएडा पूरे प्रदेश में नंबर वन

**एजेंसी। नोएडा**

उत्तर प्रदेश में नोएडा ने शराब बिक्री के मामले में सभी जिलों को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान प्राप्त किया है। 10 महीने के अंदर ही पूरे गौतम बुद्ध नगर में 1,600 करोड़ की शराब बिक्री हुई है। इसके लिए आबकारी आयुक्त ने आबकारी विभाग को प्रशस्ति पत्र भी दिया है। इस वित्तीय वर्ष में प्रदेश में राजस्व बढ़ाने में गौतम बुद्ध नगर पहले स्थान पर रहा। जिले में करीब 1,600 करोड़ रुपए की शराब बेची गई है।

**10 महीने में बिकी 1,600 करोड़ की शराब**

पिछले साल के मुकाबले इस साल 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस आंकड़े की वृद्धि से आबकारी आयुक्त ने गौतम बुद्ध नगर के आबकारी अधिकारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। गौतम बुद्ध नगर के जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि इस साल 2023-24 में 2,324 करोड़ रुपए का टारगेट दिया गया था।

## अजय माकन को कर्नाटक से रास भेजेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय माकन को कर्नाटक से राज्यसभा भेजने का निर्णय लिया है। इस संबंध में बुधवार को कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एक बयान जारी कर कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कर्नाटक से अजय माकन, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और जीसी चन्द्रशेखर को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया है। मध्य प्रदेश से अशोक सिंह और तेलंगाना से रेणुका चौधरी और एम अनिल कुमार यादव को उम्मीदवार घोषित किया है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने पार्टी की पूर्व अध्यक्ष व लोकसभा सांसद सोनिया गांधी को राजस्थान से राज्यसभा का उम्मीदवार घोषित किया है। इसी तरह अभिषेक मनु सिंघवी को हिमाचल प्रदेश, डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह को बिहार और चन्द्रकांत खंडूरे को महाराष्ट्र से राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया है।

## यूपी में वेलेंटाइन डे पर प्रेमी जोड़े ने की खुदकुशी

महोबा (यूपी), 14 फरवरी (आईएएनएस)। वेलेंटाइन डे पर एक 20 वर्षीय युवक और उसकी 19 वर्षीय प्रेमिका ने आत्महत्या कर ली। कपल ने बुधवार को यह कदम उठाया। वे एक-दूसरे से शादी करना चाहते थे, लेकिन उनके परिवार के लोग इस रिश्ते को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थे। खबरों के मुताबिक, चरखारी के कनेरा गांव निवासी सुरेंद्र सिंह का पड़ोस में रहने वाली लड़की सीमा से प्रेम संबंध था। जब परिवार के सदस्यों को उनके अफेयर का पता चला, तो उन्होंने उन्हें डांटा और उनकी शादी की प्लानिंग का विरोध किया।

# भारतीय ज्ञान परंपरा का विस्तार पूरे विश्व में होना चाहिए : राज्यपाल

**एजेंसी। पटना**

बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बुधवार को कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा का विस्तार पूरे विश्व में होना चाहिए। इसके लिए हमें इसे ठीक ढंग से समझने की आवश्यकता है। राजभवन में 'भारतीय ज्ञान परंपरा' विषय पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए राज्यपाल ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को समझने की जरूरत है। प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. चंद किरण सलूजा ने मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेश है। व्यक्ति का समग्र विकास ही शिक्षा का उद्देश्य है तथा इसका वर्णन तैत्तरीय उपनिषद् में विस्तार से किया गया है। कला, खेल और संगीत की शिक्षा को बच्चों के लिए अत्यन्त आवश्यक बताते हुए उन्होंने कहा कि बहुविषयक शिक्षा बच्चों के मानसिक विकास के लिए उपयोगी है। प्राचीन भारत में इस पर काफी बल दिया गया था। बच्चों को



उनकी भाषा में ही शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के चार स्तंभ बताए गये हैं, ज्ञान हेतु शिक्षा, कर्म हेतु शिक्षा, मिलकर रहने हेतु शिक्षा और मनुष्य बनने के लिए शिक्षा। ये चारों सिद्धांत भारतीय ज्ञान परंपरा में सन्निहित हैं तथा इन्हें राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शामिल किया गया है। इससे पहले राज्यपाल ने मां सरस्वती की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किया तथा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

## बीजेपी ने अश्विनी वैष्णव को ओडिशा से रास के लिए नामित किया



**भुवनेश्वर।** बीजेपी ने राज्यसभा के लिए अपने प्रत्याशियों की सूची का ऐलान किया है। इस सूची में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का नाम भी शामिल है। बीजू जनता दल ने वैष्णव को समर्थन देने का ऐलान किया है। बीजेडी प्रमुख और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा कि वो केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का राज्यसभा चुनाव में समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा 2019 में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के आग्रह के बाद उनकी पार्टी ने वैष्णव का राज्यसभा चुनाव में समर्थन किया था। बता दें कि वैष्णव का कार्यकाल इस साल अप्रैल माह में समाप्त होने जा रहा है। वैष्णव दो दिवसीय दौरे के अंतर्गत भुवनेश्वर पहुंच चुके हैं, जहां वो गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

# नौसेना और आईसीजी के लिए खरीदी जाएंगीं 463 स्थिर रिमोट कंट्रोल गन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल के लिए 463 स्वदेशी 12.7 मिमी स्थिर रिमोट कंट्रोल गन (एसआरसीजी) खरीदने का फैसला लिया है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के मद्देनजर एसआरसीजी के लिए बुधवार को एडवांस्ड वेपन इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (एडब्ल्यूईआईएल) के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अनुबंध की कुल लागत 1752.13 करोड़ रुपये है और इन बंदूकों के निर्माण में 85 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल होगा। रक्षा मंत्रालय के अनुसार स्वदेशी 12.7 मिमी स्थिर रिमोट कंट्रोल गन दिन और रात दोनों समय जहाजों के लिए खतरा पैदा करने वाले छोटे लक्ष्यों पर सटीकता से हमला करने के लिए भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल की क्षमता बढ़ाएंगी। इन गनों से 'रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता' के विजन को और मजबूती मिलेगी। यह अनुबंध 5 वर्षों के भीतर 125 से अधिक भारतीय विक्रेताओं और घरेलू रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के लिए रक्षा विनिर्माण में एक बड़ा अवसर भी खोलेगा। यह पूर्ण रूप से स्टेबलाइज्ड रिमोट कंट्रोल गन है। इन बंदूकों का निर्माण भारत में किया जा रहा है। स्टेबलाइज्ड रिमोट कंट्रोल गन का पहला बैच 12.77 मिमी. का था। इनका निर्माण जुलाई, 2021 में तिरुचि की आयुध फैक्टरी में किया गया था। आयुध फैक्टरी ने इन बंदूकों को इजरायली फर्म के साथ गठजोड़ करके बनाया था। निर्माण के बाद यह स्थिर रिमोट कंट्रोल गन को तटरक्षक बल और भारतीय नौसेना को सौंप दी गई थीं। ये बंदूकें विशेष रूप से समुद्री प्रयोगों के लिए निर्मित की गई थीं। इन बंदूकों को बड़े और कुछ छोटे जहाजों पर रखा जा सकता था। एसआरसीजी बंदूकें छोटे जहाजों, छोटी नावों और नावों के खतरों को रात के दौरान भी उतनी ही सटीकता से विफल कर सकती हैं, जितनी दिन के दौरान।



- रक्षा मंत्रालय ने 1752.13 करोड़ रुपये के एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए
- बंदूकों के निर्माण में 85 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री इस्तेमाल होगी

## बिहार में एआईएमआईएम के जिला अध्यक्ष की हत्या मामले में 3 गिरफ्तार

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज जिला के ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहाद उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष और पूर्व मुखिया अब्दुल सलाम उर्फ असलम मुखिया की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने आईएएनएस को बुधवार को बताया कि अब्दुल सलाम की हत्या के मामले की जांच की जा रही है। इस मामले में पुलिस ने अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान फिरोज आलम, मोहम्मद अदुद और मोहम्मद शकुर के रूप में की गई है। 12 फरवरी की रात नगर थाना के तुरकाहा पुल के पास अपराधकर्मियों ने एआईएमआईएम के जिला अध्यक्ष और पूर्व मुखिया अब्दुल सलाम उर्फ असलम मुखिया की गोली मार कर हत्या कर दी थी।

## राज्यसभा चुनाव के लिए एनडीए उम्मीदवार के नामांकन में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को राज्यसभा चुनाव के लिए एनडीए उम्मीदवार के नामांकन में शामिल हुये। बिहार विधानसभा सचिव के कार्यालय में भाजपा से डॉ भीम सिंह तथा (डॉ) धर्मशीला गुप्ता जबकि जदयू से संजय कुमार झा ने राज्यसभा के लिए नामांकन किया। नामांकन के दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जदयू सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, भाजपा सांसद सुशील कुमार मोदी, पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी सहित बिहार सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## राजकोट टेस्ट के लिए इंग्लैंड की अंतिम एकादश घोषित

# बशीर की जगह वुड शामिल



### इंग्लैंड प्लेइंग इलेवन

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फोक्स, रेहान अहमद, टॉम हार्टले, मार्क वुड, जेम्स एंडरसन

**राजकोट (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट मैच के लिए अपनी अंतिम एकादश घोषित कर दी है, जिसमें युवा स्पिनर शोएब बशीर की जगह अनुभवी तेज गेंदबाज मार्क वुड को शामिल किया गया है। पांच मैचों की श्रृंखला का तीसरा मैच इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स के लिए 100वां टेस्ट मैच होगा, जो इंग्लैंड के लिए टेस्ट मैचों का शतक बनाने वाले 16वें खिलाड़ी बन जाएंगे। बशीर की जगह वुड्स दूसरे टेस्ट के बाद लाइन-अप में एकमात्र बदलाव है, जिसे इंग्लैंड 106 रनों से हार गया था। इसका मतलब है कि पहले दो टेस्ट मैचों में स्पिन-से लैस आक्रमण के क्षेत्र में उतरने के बाद, इंग्लैंड पहली बार श्रृंखला में दो सीमर के साथ खेलेगा। इंग्लैंड ने हैदराबाद में शुरूआती टेस्ट 28 रनों से जीता और भारत ने विशाखापत्तनम में 106 रनों की जीत के साथ वापसी की, पांच मैचों की श्रृंखला वर्तमान में 1-1 से बराबर है।

### हमें पूरा भरोसा था कि खेल शुरू होने से पहले हमें रेहान के लिए वीजा मिल जाएगा : बेन स्टोक्स



**राजकोट (एजेंसी)।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने बुधवार को युवा लेग स्पिनर रेहान अहमद का वीजा मुद्दा जल्द सुलझने पर राहत व्यक्त की। पाकिस्तानी मूल के स्पिनर अहमद एकल-प्रवेश वीजा के साथ राजकोट पहुंचे, लेकिन वह भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट से एक दिन पहले अपनी कागजी कार्रवाई पूरी कर सके। स्टोक्स ने इस मुद्दे को 'जल्दी' सुलझाने के लिए भारत सरकार और बीसीसीआई की सराहना की। 'किसी भी व्यक्ति के लिए इसके लिए इंतजार करना हमेशा एक चिंताजनक अवधि होती है, लेकिन शुक्र है कि हमने इसे आज सुबह पूरा कर लिया, और हवाई अड्डे पर लोगों ने उसे शुरूआत में वीजा देने के लिए बहुत अच्छा काम किया, और बीसीसीआई और सभी ने तीसरे टेस्ट से पहले कहा, "सरकार जल्दी से वीजा दिलाए।" उन्होंने कहा, 'हमें अब उन मुद्दों के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है, हमें पूरा विश्वास था कि खेल शुरू होने से पहले हमें रेहान के लिए वीजा मिल जाएगा।' इससे पहले, भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज की शुरूआत से पहले, ऑफ स्पिनर शोएब बशीर को वीजा समस्याओं का सामना करना पड़ा और वे पहले टेस्ट के तीसरे दिन हैदराबाद पहुंचे।

### स्टोक्स अपने 100 टेस्ट की उपलब्धि पर बोले : "यह सिर्फ एक और टेस्ट है, इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ता'



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बेन स्टोक्स गुरुवार को राजकोट में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में टीम की कप्तानी करते हुए इंग्लैंड के लिए टेस्ट मैचों का शतक बनाने वाले 16वें खिलाड़ी बनने की उपलब्धि हासिल कर लेंगे। हालांकि, इंग्लिश कप्तान ने कहा, वह इस मील के पत्थर से हैरान नहीं हैं और उन्होंने कहा कि उनकी 100वीं कैप 'सिर्फ एक और टेस्ट' है और 'इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ता।' ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2013 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाला यह ऑलराउंडर, अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और जो रूट के साथ एक विशिष्ट क्लब में प्रवेश करेगा, जब वह पांच मैचों की श्रृंखला के तीसरे मैच में इंग्लैंड का नेतृत्व करेगा, जो वर्तमान में 1-1 से बराबरी पर है। स्टोक्स ने कहा, 'हर टेस्ट उतना ही महत्वपूर्ण है जितना अगला। फिर अगला टेस्ट है, जो 101 होगा - यह सिर्फ एक और है। यह लंबी उम्र का संकेत है, लेकिन 99, 100 या 101 से ज्यादा फर्क नहीं पड़ता।' स्टोक्स ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने दूसरे ही मैच में शतक बनाकर टेस्ट क्रिकेट में अपने आगमन की घोषणा कर दी। तब से, उन्होंने अंग्रेजी क्रिकेट इतिहास में सबसे शानदार और विजयी करियर बनाया है।

### मोहम्मद नबी बने अव्वल वनडे ऑलराउंडर

**दुबई (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नबी बुधवार को आईसीसी वनडे रैंकिंग में अव्वल ऑलराउंडर बन गए। उन्होंने शाकिब अल हसन को पछाड़ते हुए आईसीसी वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त कर लिया। शाकिब पिछले पांच वर्षों से भी अधिक समय से इस स्थान पर काबिज थे। शाकिब ने पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप के बाद से ही कोई वनडे मैच नहीं खेला है और वह आंख में समस्या के चलते श्रीलंका के खिलाफ आगामी वनडे श्रृंखला से भी बाहर हो गए हैं। हालांकि शाकिब बीपीएल में खेलते नजर आए हैं। नबी ने श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच में 136 रन की पारी खेलने के बाद पहला स्थान हासिल किया है। नबी ने उस मैच में विकेट भी लिया था, जिसके बाद वह वनडे में आईसीसी की गेंदबाजी रैंकिंग में एक स्थान की छलांग लगाकर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वनडे में दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज बतौर गेंदबाज पहले स्थान पर हैं। बल्लेबाजी में चरिथ असलंका ने पांच स्थान की छलांग लगाई है और वह अब 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। असलंका ने दूसरे वनडे में अफगानिस्तान के खिलाफ 97 रन की पारी खेली थी जबकि पथुम निसंका भी 10 स्थान की छलांग लगाकर अब 18वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## खबरें व्यापार जगत की

### जमा में कमी के कारण घटा भारतीय बैंकों का विकास और लाभ अनुपात




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय बैंकों को ऊंची ब्याज दरों के बावजूद जमा में कमी के कारण विकास और लाभ अनुपात में मंदी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले साल अक्टूबर-से-दिसंबर तिमाही में अधिकांश प्रमुख बैंकों ने आय में वृद्धि दर्ज की, लेकिन सख्त तरलता और बढ़ती फंडिंग लागत के कारण शुद्ध ब्याज अनुपात (एनआईएम) में गिरावट आई। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, बड़े बैंकों में वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही में केवल पंजाब नेशनल बैंक का एनआईएम बढ़ा। संपत्ति के हिसाब से देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने वेतन बिल में वृद्धि से संबंधित 71 अरब रुपये के खर्च को शामिल करने के बाद कम शुद्ध आय दर्ज की। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को ऋणदाताओं की ग्राहक संपत्ति रखने वाले एआईएफ में निवेश करने से रोक दिया है। इस कदम का उद्देश्य ऋण वसूली को रोकना है। ऋणदाताओं को एक महीने के भीतर एआईएफ होल्डिंग्स का विनिवेश करना होगा या प्रावधानों को अलग रखना होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि उद्योग समूहों का अनुमान है कि यह निर्देश अरबों के बैंक निवेश को प्रभावित करेगा और संभावित रूप से विकास में बाधा डालेगा। भारतीय बैंक जमा वृद्धि ऋण वृद्धि के मुकाबले कमजोर बनी हुई है। दिसंबर 2023 में जारी आरबीआई डेटा के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 में ऋण उठाव 15 प्रतिशत बढ़ा जबकि जमा वृद्धि 11 फीसदी ही रही। नोमुरा की 8 फरवरी की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बढ़ते अंतर ने ऋण और जमा के अनुपात को 10 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचा दिया है।

### अदानी ग्रीन एनर्जी ने 551 मेगावाट सौर क्षमता संयंत्र को नेशनल ग्रिड से जोड़ा




**मुंबई (एजेंसी)।** गुजरात के खावड़ा नवीकरणीय ऊर्जा पार्क में अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) का 551 मेगावाट सौर क्षमता संयंत्र सफलतापूर्वक चालू हो गया है। इसने अब नेशनल ग्रिड को बिजली की आपूर्ति भी शुरू कर दी है। कंपनी ने बीएसई फाइलिंग में कहा, 'एजीईएल ने खावड़ा आरई पार्क पर काम शुरू करने के 12 महीनों के भीतर यह मील का पत्थर हासिल किया। इसकी शुरूआत सड़कों और कनेक्टिविटी सहित बुनियादी ढांचे के विकास और एक आत्मनिर्भर सोशल इकोसिस्टम के निर्माण से हुई। एजीईएल ने कच्छ के चुनौतीपूर्ण और बंजर इलाके को भी बदल दिया है। अपने 8,000 वर्कफोर्स के लिए इसे रहने योग्य बना दिया।' खावड़ा आरई पार्क से पैदा हुई ऊर्जा से सालाना लगभग 16.1 मिलियन घरों को बिजली मिलेगी। यह पार्क अगले पांच वर्षों में 30 गीगावॉट की नियोजित क्षमता के साथ विश्व स्तर पर सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा प्रतिष्ठान बनने की ओर अग्रसर है। अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने कहा, 'अडाणी ग्रीन एनर्जी सौर और पवन के लिए दुनिया के सबसे व्यापक नवीकरणीय ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्रों में से एक का निर्माण कर रही है।' उन्होंने कहा, 'खावड़ा आरई प्लांट जैसी अभिनव परियोजनाओं से एजीईएल उच्च वैश्विक मानक और गीगा-स्केल नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए मानक स्थापित करता है। यह मील का पत्थर 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता और कार्बन तटस्थता के अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य की दिशा में भारत की स्वच्छ ऊर्जा यात्रा को तेज करने में अदानी समूह की प्रतिबद्धता और अग्रणी भूमिका का सत्यापन है।' स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के बाद बीएसई पर बुधवार के कारोबार में एजीईएल का शेयर मूल्य लगभग 2.11 फीसदी बढ़कर 1,853.80 रुपए हो गया।

### मोबिलिटी फिनटेक स्टार्टअप मूव ने भारत में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए जुटाए 10 मिलियन डॉलर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ग्लोबल मोबिलिटी फिनटेक स्टार्टअप मूव ने बुधवार को कहा कि उसने भारत में अपनी पहुंच का विस्तार करने के लिए अग्रणी उद्यम ऋण फंड स्ट्राइड वेंचर्स से नए ऋण फंडिंग में 10 मिलियन डॉलर जुटाए हैं। स्टार्टअप ने एक बयान में कहा, "नई पूंजी का उपयोग भारतीय बेड़े को 5,000 से ज्यादा करने और दिल्ली, पुणे और कोलकाता सहित नए बाजारों में विस्तार करने के लिए किया जाएगा।" मूव के क्षेत्रीय प्रबंध निदेशक बिनोद मिश्रा ने कहा, "हमारे वाहनों ने 4.2 मिलियन से अधिक यात्राएं पूरी की हैं, जिससे भारत के मोबिलिटी सेक्टर पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है। स्ट्राइड वेंचर्स के मजबूत समर्थन के साथ हम अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए, देश भर में वाहन स्वामित्व को बदलने के लिए मजबूती से खड़े हैं।" गुरुग्राम मुख्यालय वाले मूव ने बेंगलुरु, मुंबई और हैदराबाद में अपनी उपस्थिति स्थापित की है। स्ट्राइड वेंचर्स के मैनेजिंग पार्टनर अपूर्व शर्मा ने कहा, 'मूव के साथ हमारा गठबंधन पूरे भारत में वाहन स्वामित्व पहुंच को बदलने के लिए तैयार है, जो सामाजिक और आर्थिक उन्नति की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग है।'

### सरकारी ई-मार्केटप्लेस के माध्यम से रक्षा सौदे एक लाख करोड़ रुपये के पार




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वाणिज्य मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि रक्षा मंत्रालय (एमओडी) द्वारा सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल के माध्यम से दिए गए रक्षा सौदे 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गए हैं। कुल राशि में से लगभग 45,800 करोड़ रुपये के लेनदेन चालू वित्तीय वर्ष में दिए गए हैं। अंडे जैसी जनरल स्टोर वस्तुओं की खरीद से लेकर मिसाइल सिस्टम और महत्वपूर्ण रक्षा अधिग्रहण तक जीईएम ने एमओडी को 5.47 लाख से अधिक ऑर्डर निष्पादित करने में मदद की है। जीईएम के सीईओ पी.के. सिंह ने कहा, 'रक्षा मंत्रालय इस चौंका देने वाले आंकड़े को पार करने वाली पहली केंद्रीय सरकारी इकाई है, जो रक्षा क्षेत्र में सार्वजनिक खर्च की दिशा में दृढ़ प्रतिबद्धता का उदाहरण है। यह मील का पत्थर बदलाव को अपनाने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के प्रमुख प्रचारक के रूप में स्थापित होने के रक्षा मंत्रालय के प्रयास और प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।" सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देते हुए जीइएम के मूल मूल्य के अनुरूप, कुल ऑर्डर का 50.7 प्रतिशत एमओडी खरीदारों द्वारा सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) को प्रदान किया गया है, जिससे भारत की अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भरता के करीब पहुंच गई है। अपनी स्थापना के बाद से एमओडी-जीइएम को प्रारंभिक रूप से अपनाने वाला रहा है। पूर्वोत्तर राज्यों, लेह-लद्दाख और विभिन्न द्वीप क्षेत्रों जैसे दूर-दराज के क्षेत्रों सहित देश भर के लगभग 19,800 एमओडी खरीदारों ने पोर्टल पर अपार भरोसा जताया है। वाणिज्य मंत्रालय के बयान के अनुसार, जीईएम प्लेटफॉर्म पर रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों की भागीदारी ने न केवल खरीद को आसान बनाया है, बल्कि बिक्री को भी सुविधाजनक बनाया है, जो खरीद परिदृश्य में एक आदर्श बदलाव का प्रतीक है।

## युवराज सिंह लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी सीजन 2 में

# न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स के कप्तान बने



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व स्टार ऑलराउंडर युवराज सिंह आगामी लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी सीजन 2 के लिए कप्तान और आइकन खिलाड़ी के रूप में न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स में शामिल हुए। युवराज के शामिल होने से टीम में विशेषज्ञता, कौशल और नेतृत्व की गहराई समृद्ध हो गई है, जिससे टूर्नामेंट के आगामी संस्करण में नेतृत्व करने के लिए न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स की तैयारी मजबूत हो गई है। युवराज की नेतृत्व भूमिका की घोषणा ने लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी सीजन 2 में न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स की भागीदारी को लेकर उत्साह बढ़ा दिया है, जिससे दुनिया भर के प्रशंसकों और क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह बढ़ गया है। बाबर आजम, राशिद खान, कीरोन पोलार्ड इमाम उल हक, नसीम शाह, मथीशा पथिराना, रहमानुल्लाह गुरबाज, आसिफ अली और मोहम्मद आमिर की कुशल टीम के साथ, न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स न केवल प्रबल दावेदार के रूप में उभरे हैं, बल्कि टीम के समर्पण को भी प्रदर्शित करते हैं। टीम के मालिक सागर खन्ना ने युवराज के टीम में शामिल होने पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, 'हम युवराज सिंह को अपने कप्तान और आइकन खिलाड़ी के रूप में पाकर रोमांचित हैं।

# ऑस्ट्रेलिया टी20 के लिए न्यूजीलैंड की टीम में बोल्ट की वापसी; विलियमसन पितृत्व अवकाश पर




**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** अनुभवी तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट को न्यूजीलैंड के टी20 सेटअप में वापस बुला लिया गया है, क्योंकि ब्लैककैप्स ने 21 फरवरी से वेलिंगटन के स्काई स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला के लिए 14 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। जोश क्लार्कसन और रचिन रवींद्र को अगले सप्ताह ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए मिशेल सेंटनर की अगुवाई वाली टीम में चुना गया है। बोल्ट, जो नवंबर 2022 के बाद अपना पहला टी20 मैच खेलने के लिए तैयार हैं, को दूसरे और तीसरे टी20 मैच के लिए चुना गया है, क्योंकि टेस्ट कप्तान टिम साउदी पहले मैच में खेलेंगे और फिर दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज के बीच अपने कार्यभार को प्रबंधित करने के लिए शेष श्रृंखला में आराम करेंगे। डेरिल मिशेल को पैर की चोट और केन विलियमसन को पितृत्व अवकाश के कारण टी20 में अनकैप्ड क्लार्कसन और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट क्षेत्र में अपनी सफल वापसी से तरोताजा होकर आ रहे उभरते सितारे रचिन रवींद्र को टीम में लाया गया है। चयनकर्ता सैम वेल्स ने कहा कि विलियमसन और मिशेल की अनुपलब्धता दूसरों के लिए अवसर प्रस्तुत करती है। वेल्स ने कहा, 'इतनी बड़ी श्रृंखला के लिए आपके दो सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की कमी कभी भी आदर्श नहीं होगी, लेकिन यह कहने में, हमें आने वाले लोगों पर बहुत भरोसा है। जोश और रचिन दोनों इस गर्मी में हमारी सफेद गेंद टीम में हैं और अब यह अवसर पाना उनके लिए वास्तव में रोमांचक होगा।" वेलिंगटन में सोमवार को न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक विज्ञप्ति में कहा,"टी20 टीम का बाकी हिस्सा वही है, जिसने जनवरी में पाकिस्तान को 4-1 से हराया था, जिसमें केवल बेन सियर्स ने लॉकी फर्ग्यूसन के लिए जगह बनाई थी।"

### न्यूजीलैंड टी20 टीम

मिशेल सेंटनर (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट (मैच 2 और 3), मार्क चैपमैन, जोश क्लार्कसन, डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, एडम मिल्ने, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), ईश सोढ़ी, टिम साउदी (मैच 1)

### 2024 आईपीएल भारत में मार्च के अंत से शुरू होगा, चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद ही कार्यक्रम : अध्यक्ष

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के चेयरमैन अरुण सिंह धूमल ने बुधवार को स्पष्ट कर दिया कि लीग का 2024 संस्करण भारत में मार्च के अंत से शुरू होगा और आम चुनावों की तारीखों की पुष्टि होने के बाद ही इसके कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। अरुण धूमल ने आईएएनएस को बताया, 'हम यह सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार, एजेंसियों के साथ काम करेंगे कि लीग भारत में हो। हम आम चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की प्रतीक्षा कर रहे हैं और फिर हम उसके अनुसार योजना बनाएंगे...जैसे कि कौन सा राज्य किस मैच की मेजबानी करेगा।

# खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुडापेस्ट को शतरंज ओलंपियाड मशाल सौंपी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बुधवार को शतरंज ओलंपियाड के 45वें संस्करण के आधिकारिक मेजबान हंगरी के बुडापेस्ट को शतरंज ओलंपियाड मशाल सौंपी। प्रथम शतरंज ओलंपियाड मशाल रिले की शुरूआत 19 जून, 2022 को यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में एक समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई थी। हैंडऑफ समारोह राष्ट्रीय राजधानी के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में हुआ, जहां खेल मंत्री ने भारतीय ग्रैंड मास्टर विश्वनाथन आनंद के साथ फिडे अध्यक्ष और बुडापेस्ट को ओलंपियाड मशाल हैंडऑफ करने से पहले फिडे अध्यक्ष, अरकडी ड्वोरकोविच और हंगेरियन ग्रैंड मास्टर जुडित पोल्गर के खिलाफ शतरंज का एक दोस्ताना मैच खेला। कार्यक्रम के दौरान, खेल मंत्री ने कहा: 'मुझे खुशी है कि हमने कुछ साल पहले जो फैसला किया था (शतरंज ओलंपियाड मशाल रिले का) वह वास्तव में हुआ और मैं यहां शतरंज ओलंपियाड के लिए मशाल के हैंडऑफ समारोह में हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'शतरंज एक बौद्धिक विरासत है जो भारत संभवतः दुनिया को प्रदान करता है, और यह केवल एक खेल नहीं है, बल्कि रणनीतिक गहराई और दार्शनिक ज्ञान का प्रतिबिंब है। सुरुचिपूर्ण खेल न केवल दिमाग को तेज करता है बल्कि धैर्य और लचीलेपन के अमूल्य सबक भी सिखाता है और यह व्यक्ति को रणनीतिक महारत हासिल करने की बौद्धिक खोज के रास्ते पर ले जाता है।"

### बेथ मूनी गुजरात जायंट्स की कप्तान बनीं, स्नेह राणा उपकप्तान

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बेथ मूनी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे सीजन से पहले गुजरात जाइंट्स की कप्तान के रूप में लौट आई हैं और भारतीय ऑलराउंडर स्नेह राणा उनकी डिप्टी होंगी। अडानी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी ने बुधवार को यह घोषणा की। यह जोड़ी मुख्य कोच माइकल क्लिंगर, संरक्षक और सलाहकार मिताली राज और सहायक कोच नूशिन अल खादीर के साथ नेतृत्व समूह का हिस्सा होगी। मूनी को डब्ल्यूपीएल के उद्घाटन सत्र में गुजरात जायंट्स का कप्तान नियुक्त किया गया था। हालांकि, चोट के कारण उन्हें पहले गेम के बाद टूर्नामेंट छोड़ना पड़ा। मूनी ने कहा, 'मैं गुजरात जाइंट्स के साथ वापस आकर खुश हूं और मुझ पर टीम के भरोसे के लिए आभारी हूं। हमारे पास एक शानदार टीम है और मुझे विश्वास है कि हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे। यह अच्छा है कि डब्ल्यूपीएल बेंगलुरु और नई दिल्ली में खेला जाएगा, जो टूनार्मेंट में नए हैं।' मूनी अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं। 2014, 2018, 2020 और 2023 में टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा होने के अलावा, वह 2022 वनडे विश्व कप और बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम में भी थीं। 2014 टी20 विश्व कप विजेता टीम में होने के बावजूद, उन्होंने जनवरी 2016 तक ऑस्ट्रेलिया के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण नहीं किया। दिसंबर 2017 में, उन्होंने आईसीसी टी20 प्लेयर ऑफ द ईयर और इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर दोनों पुरस्कार जीते।

# भारतीय महिलाओं ने चीन को अपसेट किया; पुरुषों ने हांगकांग को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया





**शाह आलम (मलेशिया)।** भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने बुधवार को यहां बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर शक्तिशाली चीनी खिलाड़ियों को हराया, जबकि पुरुषों ने हांगकांग को हराया और क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु के नेतृत्व में महिलाओं ने टीम स्पर्धा में पहली बार चीन को हराया, जिसमें किशोर नवोदित अनमोल खरब ने प्रेरणादायक प्रदर्शन किया और ग्रुप डब्ल्यू में भारतीय के पक्ष में 3-2 की स्कोर लाइन सुनिश्चित की। बाद में, पुरुष टीम ने हांगकांग को 4-1 से हराकर ग्रुप ए से शीर्ष दो में जगह पक्की कर ली। सिंधु ने पिछले अक्टूबर में चोट के कारण फ्रेंच ओपन के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धी बैडमिंटन में वापसी की। सिंधु ने दिखाया कि वह न केवल अपनी फॉर्म हासिल कर रही है बल्कि अपना आत्मविश्वास भी हासिल कर रही है क्योंकि उसने हान यू के खिलाफ शुरूआती गेम आसानी से जीत लिया और फिर अगले 13 में से 11 अंक जीतकर 10-13 से पिछड़ने के बाद भारत को 21-17,21-15 से जीत के साथ बढ़त दिला दी। हालांकि, चीनी टीम ने तेजी से स्कोर 1-1 से बराबर कर लिया क्योंकि युगल जोड़ी अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो 19-21, 16-21 के स्कोर के साथ सीधे गेम में हार गईं। तीसरे मुकाबले में अश्मिता चालिहा को जी यी वांग से 13-21, 15-21 के स्कोर के साथ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। इससे चीन मुकाबले में जीत सुनिश्चित करने के लिए अनुकूल स्थिति में आ गया। ऑल इंग्लैंड सेमीफाइनलिस्ट ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने विश्व नंबर 22 ली यी जिंग और लुओ जू मिन को एक घंटे और नौ मिनट में 10-21, 21-18, 21-17 से हराकर बराबरी हासिल की। तब सभी की निगाहें राष्ट्रीय चैंपियन अनमोल पर टिक गयीं, जो पहली बार प्रतियोगिता में खेल रही थीं। एक करीबी मुकाबले वाले शुरूआती गेम में, किशोरी ने वू लुओ यू के दबाव में अपना दूसरा गेम प्वाइंट बदला और पहला गेम जीत लिया। ऐसा लग रहा था कि अनमोल पर दबाव बढ़ रहा था क्योंकि वह दूसरा गेम हार गई और तीसरे की शुरूआत में 1-5 से पिछड़ गई। हालाँकि, वह शटल को खेल में बनाए रखने के अपने गेम प्लान पर कायम रही और मैच को 22-20, 14-21, 21-18 से समाप्त कर दिया। ग्रुप डब्ल्यू में सिर्फ दो टीमों के साथ, भारत शीर्ष टीम के रूप में क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेगा। टीम की जीत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, 'टीम को चीन को हराते देखना एक विशेष एहसास है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि हमने टीम का चयन करते समय युवाओं पर भरोसा दिखाया और मुझे खुशी है कि उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया।' पुरुष टीम स्पर्धा में, भारतीय टीम ने शुरूआती पुरुष एकल मैच में एचएस प्रणय की हार को पीछे छोड़ते हुए हांगकांग को काफी आसानी से हरा दिया। गुरुवार को ग्रुप विजेता का फैसला करने के लिए उनका सामना चीन से होगा। शुरूआती मुकाबले में प्रणय को एनजी का लॉन्ग एंगस के हाथों 18-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। फिर, दुनिया नंबर 1 पुरुष जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने लुई चुन वाई और येंग शिंग चोई पर 21-16, 21-11 से जीत के साथ बदलाव की शुरूआत की, इससे पहले लक्ष्य सेन ने चान यिन चक को 21-14, 21-9 और एक अन्य पुरुष जोड़ी एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने चाउ हिन लॉन्ग और हंग कुई चुन को 21-12, 21-7 से हराकर भारत को अजेय बढ़त दिला दी। किदांबी श्रीकांत ने जेसन गुनावान को 21-14, 21-18 से हराकर 4-1 से जीत हासिल की। प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमों के क्वार्टर में पहुंचने के साथ, यह जीत भारतीय पुरुषों के लिए अंतिम आठ में जगह की गारंटी देती है क्योंकि हांगकांग ग्रुप चरण में अपने दोनों मैच हार चुका है। मंगलवार को चीन ने उन्हें 5-0 से हरा दिया। भारतीय पुरुष गुरुवार को अपने अंतिम ग्रुप ए मुकाबले के लिए चीन से भिड़ेंगे।

## एक नजर

### द कराटे एकेडमी के विद्यार्थियों ने किया माँ सरस्वती की आराधना

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर रेड़मा, पांकी रोड स्थित द कराटे एकेडमी के खिलाड़ियों ने हर्षोल्लास से सरस्वती माता की आराधना की । मौके पर द कराटे एकेडमी के निर्देशक सुमित बर्मन ने कहा की हर वर्ष माँ की आराधना करते हुए खेल के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बना सके इसकी कमाना करते है। मौके पर पलामू गतका संघ के अध्यक्ष सोनू नामधारी ने राष्ट्र स्तरीय गतका प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि बल, बुद्धि, ज्ञान के बदौलत ही उत्तम खिलाड़ी बना जा सकता है। माँ शारदा आपके जीवन में खुशहाली लाए यही मेरी कामना है। मौके पर द कराटे एकेडमी के सभी खिलाड़ी मौजूद थे।

### कार और बाइक की टक्कर में होमगार्ड घायल

**मेदिनीनगर।** सतबरवा थाना में तैनात होमगार्ड के जवान राम पुकार सिंह बुधवार की सुबह 9:00 बजे सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बारे में घायल राम पुकार सिंह ने बताया कि उन्हें किसी काम से रांची जाना था।इसी बीच बुधवार की सुबह वह बाइक पर सवार होकर सतबरवा थाना से मेदनीनगर पुलिस लाइन कमान लेने जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में अनियंत्रित कार ने उन्हें धक्का मार दिया जिसमें वह बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी पीसीआर हाईवे 3 को दी गई। घटना के जानकारी मिलते ही पीसीआर हाईवे 3 के हवलदार बालेश्वर तुरी घटनास्थल पर पहुंचकर घायल होमगार्ड के जवान को पीसीआर वाहन में बैठाकर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। सदर अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी जवान की हालत गंभीर बनी हुई है।वही इस घटना के बाद सतबरवा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर कार को जप्त कर उसे थाना ले गई है।

### कुकही में बारिश, ओलावृष्टि से कई घर क्षतिग्रस्त

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद व हैदरनगर क्षेत्रों में बीती मध्यरात अचानक तेज आंधी बारिश के साथ करीब आधा घंटा ओलावृष्टि ने किसानों की नींद हराम कर दी है। प्रखंड के कुकही पंचायत अंतर्गत नयकाडीह टोला में घंटों भारी बारिश व ओलावृष्टि से विशुनपत तांतो, आरती कुमारी, विनय चंद्रवंशी, लालबानू राम का घर उस वक्त क्षतिग्रस्त हो गया, जब सभी परिवार चैन की नींद ले रहे थे। शोर शराबा मचने पर ग्रामीणों की मदद से प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थान पर रात में ही लाया गया। बुधवार की सुबह पंसस राजीव कुमार शर्मा के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों का जुमला प्रभावित परिवारों सहित किसानों के बर्बाद फसलों का आकलन भ्रमण कर किया है।उन्होंने बताया कि संपूर्ण कुकही पंचायत क्षेत्र में रवि व तेलहन फसल को काफी नुकसान है। साथ ही कई ग्रामीणों के घरों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्रशासन को देते हुए तत्काल राहत कार्य चलाने का आग्रह किया है।

# धूमधाम व उल्लास के साथ मनाया गया सरस्वती पूजा

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में विद्या की देवी मां सरस्वती की बुधवार को धूमधाम से पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर जिले के सैकड़ों जगहों पर मां की प्रतिमा स्थापित की गई। इसे लेकर बच्चे व युवाओं में खुशी व हर्ष का माहौल दिखा। शहर के मुहल्लों के बच्चों ने मां विद्यादायिनी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की। पूजा के बाद पुरोहितों ने मां के विभिन्न रूपों के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। बताया कि हिन्दू धर्म की प्रमुख देवियों में से एक मां सरस्वती हैं। ब्रह्मा की मानसपुत्री मां सरस्वती विद्या की अधिष्ठात्री देवी मानी गई हैं। उन्हें कई नामों से जाना जाता है। इसमें वीणावपाणि, मां शारदे, बागेश्वरी आदि के नाम से जानी जाती हैं।



माघ शुक्ल पंचमी को इनकी पूजा होती है। इस दिन विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में वसंत पंचमी को सरस्वती का जन्म दिन समारोहपूर्वक मनाया जा रहा है। शिक्षा की गरिमा व बौद्धिक विकास की जरूरत जन-जन को समझाने के लिए सरस्वती पूजा की परंपरा है। पूजा के बाद मां की आरती उतारी गई।वही पड़वा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी व निजी शिक्षण संस्थानों में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना धूम-धाम से की गई।पड़वा प्रखंड के मवि कजरी, गुरुकुल, मवि बटसारा, गाड़ीखास, लोहड़ा, पंडवा, मुरमा, कोकरसा रबदी सहित लगभग सभी गांव में पूजा पंडाल में मूर्ति स्थापित की गई।खासकर स्कूली बच्चों में सरस्वती पूजा को लेकर खासा उत्साह देखा गया।


### पीपरा में सरस्वती पूजा धूमधाम से मनायी गयी

**हरिहरगंज ।** हरिहरगंज व पीपरा प्रखंड में धूमधाम से सरस्वती पूजा मनायी गयी. इस मौके पर शिक्षण संस्थानों सहित कई जगहों पर प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की गयी. तत्पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया. इस दौरान कौवाखोह स्थित नेशनल आईटीआई कॉलेज तथा नेशनल पब्लिक स्कूल में भी हर्षोल्लास के साथ सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया. जहां संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव रंजन ने कहा कि विद्या की देवी मां वीणावादिनी की आराधना से ज्ञान की समृद्धि होती है।

### समाजसेवी श्याम बिहारी सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया

**मेदिनीनगर।** सतबरवा थाना अंतर्गत सरजा निवासी समाजसेवी श्याम बिहारी सिंह के आकस्मिक निधन पर कई लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त किया है। विदित हो कि श्याम बिहारी सिंह का निधन 10 फरवरी को रात्रि 11:00 बजे वाराणसी में इलाज के दौरान हो गया था। वे 70 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार वाराणसी स्थित मणिक्राणिका घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र ब्रजकिशोर सिंह दिए। उनके चाहने वाले कई शुभचिंतको ने उनके आकस्मिक निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त किया है। कहा है कि श्याम बिहारी सिंह हर पल गरीबों के लिए तैयार रहते थे।वे हरदिल अजीज इंसान थे। उनकी कमी हमेशा समाज को खलेगी। शोक व्यक्त करने वालों में प्रदीप सिंह, ललित कुमार सिंह ,अजय कुमार सिंह, संतोष कुमार पांडेय,प्रेम प्रकाश ठाकुर ,उपाध्याय सिंह ,टाइगर कुमार ,मेहनाज आलम ,जलील अंसारी, धर्मेंद्र सिंह, समेत दर्जनो लोग शामिल हैं।

### तस्वीर झूठ न बोले



यह डरावनी तस्वीर है स्थानीय बरालोटा के कमला नगर की। बिजली का यह पोल कई दिनों तार के सहारे लटका हुआ है। हल्के हवा के झोंके से यह गिर सकता है, जो किसी बड़े हादसे का कारण भी बन सकता है। मुहल्ले के लोग इसकी सूचना बिजली विभाग भी दे चुके हैं, लेकिन विभाग के किसी पदाधिकारी ने अब थ नोटिस नहीं लिया है। सवाल है अगर कोई हादसा होता है तो जिम्मेदारी किसकी होगी?

# भाजपा ने लोकसभा के लिए प्रधान कार्यालय का किया उद्घाटन

**प्रधान कार्यालय का उद्घाटन राज्य सभा के सदस्य श्री आदित्य साहू ने किया।**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** इस अवसर पर पलामू लोकसभा 2024 के चुनाव प्रभारी विनय कुमार लाल उपस्थित थे। इस चुनाव के संयोजक विपिन बिहारी सिंह और संयोजक अलख पांडे भी इस अवसर पर मौजूद थे। यह कार्यालय भूतपूर्व मेयर अरुणा शंकर के एक सुसज्जित भवन में खोला गया है। भाजपा नेताओं ने इस बात को दोहराया के पार्टी पूरे दम खम से लोकसभा के चुनाव को लड़ेगी और पलामू सीट पर विजय प्राप्त करेगी। आज के इस प्रधान कार्यालय उद्घाटन में भाजपा की एक नेत्री ममता भुइयां भी मौजूद थी। इनके अतिरिक्त भाजपा के विधायक



आलोक चौरसिया ,भानु प्रताप शाही ,रामचंद्र चंद्रवंशी इत्यादि भी मौजूद थे। यहां यह उल्लेख करना जरूरी है। की पलामू जिले के पांच विधानसभा क्षेत्र में से चार पर भाजपा विधायक प्रतिनिधित्व करते हैं। डाल्टनगंज के भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया हैं। जबकि पांकी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक डॉक्टर शशी भूषण मेहता है। ठीक इसी तरह से अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित छतरपुर विधानसभा का प्रतिनिधित्व भाजपा विधायक पुष्पा देवी छतरपुर के विधायक हैं और विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक हैं। रामचंद्र चंद्रवंशी। भाजपा ने आज अपने प्रधान कार्यालय में आगामी लोकसभा चुनाव के तैयारी को बहुत ही जोश और उत्साह के साथ पेश किया है। यह देखना बहुत ही दिलचस्प है। कि अभी भाजपा ने आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए अपना प्रधान कार्यालय खोल दिया चुनाव से संबंधित भाषण दिए गए लेकिन कांग्रेस , राजत , झामुओ और अन्य पार्टियों कहां है और किस तरह की तैयारी कर रहे हैं। यह जानना दिलचस्प होगा।

### हुसैनाबाद में अवर निबंधक की पदस्थापना कराने की मांग

**हुसैनाबाद।** पलामू डीसी को पत्र भेजकर अवर निबंधन कार्यालय हुसैनाबाद में अवर निबंधक की पदस्थापना कराने की मांग की है।भेजे गये पत्र में कहा गया है कि अवर निबंधन कार्यालय में विगत कई वर्षों से प्रभारी निबंधन का कार्य प्रभार में चल रहा है। वर्तमान में 3 फरवरी 2024 से कार्य प्रभार वर्तमान आईएएस सह एसडीएम को दिया गया है,परन्तु अनुमंडल पदाधिकारी महोदय प्रशिक्षु भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी हैं ,जो निबंधन का भी प्रभार लेकर छुट्टी पर चले गए है। और कार्मिक विभाग ने इन्ही श्रीमान को अवर निबंधन पदाधिकारी का कार्य प्रभार दिया है,। परन्तु आज की तिथि तक इनके अनुपस्थित रहने के कारण अवर निबंधक हुसैनाबाद का प्रभार नहीं लिया गया। जिसके कारण निबंधन का कार्य बाधित हो गया है। साथ ही राजस्व की भी क्षति हो रही है। हम दूर दराज से ग्रामीण निबंधन कार्यालय में जमीन रजिस्ट्री करने आते है और निराश हो कर वापस घर चले जाते है । आठ दिनों से हम जनता निबंधन का कार्य ना होने से काफी त्रस्त है।

# महंगाई चरम सीमा पर, पहली बार लहसुन 400 रुपये पार

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** केंद्र व राज्य सरकार के गलत नीतियों के कारण गरीब मजदूर वर्ग लोगों के थाली से अब सब्जी भी छीन रही हैं । सरकार,देश आजादी के बाद पहली बार लहसुन 400 रुपये के पार हो गई हैं। जिसे आम आदमी की सब्जी की स्वाद बिगड़ गयी हैं। उक्त बातें राष्ट्रीय सामाजिक जनकल्याण संगठन व व्यापार मंडल के अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने प्रेस बयान जारी कर कहीं। उन्होंने कहा हैं कि देश में सब्जियों और अन्य खाद्य सामग्रियों की मंहगाई लगातार योजनाबद्ध तरीके से बढ़ती जा रही हैं। फिर देश भर विरोध होने के बाद सरकार की नींद खुलती हैं।तबतक कालाबजारी लोगों सरकार व गरीबों को खून चूस लेते हैं। वर्तमान में लहसुन 400 रुपए प्रति किलो हो गये है।जिससे माध्यम वर्ग गरीब ,मजदूर के थाली से सब्जी की स्वाद चली गयी है। इधर बाजार के बड़े जमाखोरों ने किसान से खरीद कर कभी टमाटर तो, कभी प्याज से आम जनता को रुलाती हैं।अगर सरकार की यही स्थिति रही तो आने वाले समय में जनता भी सबक सिखाने के लिए तैयारी कर ली हैं।



**सरकार गरीब के थाली से सब्जी छीन रहीं हैं:कृष्णा बैठा**

**देश में सब्जियों और अन्य खाद्य सामग्रियों की मंहगाई लगातार योजनाबद्ध तरीके से बढ़ती जा रही हैं।**

### बेमौसम बारिश व क्षति से किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कहा कि क्षेत्र के आसपास बेमौसम मूसलाधार बारिश और अति ओलावृष्टि के कारण अनुमंडल क्षेत्रों में व्यापक क्षति हुई है। उन्होंने किसानों को हुए नुकसान की उचित मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने बताया कि प्रखंड मोहम्दगंज, हैदरनगर, हुसैनाबाद के करीब 15 पंचायतों में सब्जी एवं रबी फसल पूरी तरह से नष्ट हो गया है । उन्होंने हुसैनाबाद प्रखंड के बैरांव पंचायत के ग्राम बसडीहा, नावाडीह, खजुराही शेखवाडीह, खड़िया, गेड्डराही, झुमरी, महुअरी, खेकसाही ,जमुआ पंचायत के ग्राम जमुआ, विशवसिया, माधे कचहरी, कुर्मिपुर पंचायत के ग्राम कचरा, पचमो ,चौवचतान,कुमीर्पुर में जाकर मौके पर देखा की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गया है।

# शहर थाना में गए थाना प्रभारी ने किया पदभार ग्रहण



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना में नए थाना प्रभारी के रूप में इंस्पेक्टर देवब्रत पोदार ने बसंत पंचमी के शुभ दिन बुधवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान थाना प्रभारी अभय कुमार सिंह से पदभार लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए इंस्पेक्टर देवब्रत पोदार ने कहा कि लोगों के सहयोग से क्षेत्र में अमन चैन कायम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस और पब्लिक के बीच मधुर संबंध स्थापित करने की कोशिश की जाएगी। जनता किसी भी वक्त अपनी समस्याएं लेकर थाना आ सकती है। यथासंभव पुलिस की ओर से उनकी हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में वे चैनपुर थाना में सर्किल इंस्पेक्टर के रूप में तैनात थे। इसके बाद पलामू एसपी के आदेश पर उन्हें शहर थाना का प्रभार सौंपा गया है।

# दस माह बाद भी मनरेगा मजदुरों का भुगतान नहीं,काट रहे चक्कर

नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना में काम कर रहे मनरेगा मजदूरों का समय पर मजदूरी का भुगतान नहीं होने से अब उनका मोह भंग हो रहा है। फिलहाल पिछले दो माह से मनरेगा मजदूरों का भुगतान नहीं हो सका है?। जबकि दो सप्ताह के भीतर मजदुरी भुगतान करने का प्रावधान है। वहीं प्रखंड के सात पंचायत के 439 मजदूरों का अप्रैल 2023 का एक सप्ताह का मजदुरी 6 लाख 2 हजार 148 रू का भुगतान दस महीने बीत जाने के बाद भी नहीं हो सका है। मनरेगा मजदूरों को राज्य सरकार साप्ताहिक मजदुरी 162 रू देती है जबकि केन्द्र सरकार 1368 रू देती है। राज्य सरकार मजदूरों के खाते में 162 रू डीबीटी के माध्यम से एक सप्ताह के भीतर ही खाते में भेज दिया था। लेकिन केन्द्र सरकार अब तक मजदूरों का भुगतान नहीं किया है।



**अप्रैल 2023 का बकाया है मजदुरी :** इनमें मुकुन्दपुर पंचायत में 125 मजदूर का एक लाख 66 हजार 212रू , बलिगढ़.पंचायत का 92 मजदूर का एक लाख 27 हजार 244रू, केतार पंचायत में 78 मजदूर का एक लाख 5 हजार 108रू , लोहरगाडा. पंचायत में 52 मजदूर का 79 हजार 344 रू, पाचाडुमर पंचायत में 44 मजदूर का 60 हजार 192रूपए और परती कूशवानी पंचायत में 48 मजदूर का 64 हजार रूपए बकाया है। मजदूर सिंचाई कूप, मेडबंदी, टीसीबी, बागवानी में कार्य किया था।अब मजदूरी भुगतान को लेकर पंचायत कार्यालय से लेकर प्रखंड कार्यालय के बाबुओं का चक्कर काट रहे लेकिन उनका सुनने वाला कोई नहीं है।नये योजना संचालित नहीं होने और समय पर भुगतान नहीं होने से मजबूरन मजदूर बाहरी राज्यों में पलायन करने को विवश हो रहें हैं।

# महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप**

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर परिषद क्षेत्र के टंडवा पूरन चौक मोहल्ला निवासी सुमित लाल की पत्नी नीतू कुमारी 22 वर्ष की बुधवार को संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गई। इसे लेकर मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर साजिश कर नीतू कुमारी की हत्या करने का आरोप लगाया है। जबकि मृतका के ससुराल वालों के अनुसार नीतू सास ससुर से अलग रहने की जिद कर रही थी। इसी गुस्से में उसने अचानक फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पति सुमित लाल ने बताया कि पत्नी नीतू उस पर माता-पिता से अलग होने के लिए दबाव बना रही थी। इसे लेकर पति-पत्नी में नोकझोंक भी हुई थी। उन्होंने कांडी में उसके मायके वालों को फोन पर पूरी बात बताया था। उसने बुधवार की सुबह घर में खाना बनाकर सभी लोगों को खिलाया। इसके बाद अचानक घर में फांसी लगा ली। इसकी जानकारी मिलने के बाद उसे फांसी के फंदे से उतार कर इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि मृतका के पिता कांडी थाना क्षेत्र के कांडी बाजार निवासी भीम लाल ने बताया कि उसकी पुत्री ने बुधवार की सुबह 10 बजे अपने मायके में फोन लगाकर सबसे हंसी-खुशी से बात की थी। इसके बाद दोपहर 1:30 बजे उसके ससुराल से फोन किया गया कि आप गढ़वा जल्द पहुंच जाइए। कई बार पूछे जाने के बाद भी वे लोग घटना की जानकारी नहीं दिए। जबकि गढ़वा पहुंचने पर नीतू का शव सदर अस्पताल में पड़ा मिला। मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी फांसी लगाकर आत्महत्या नहीं कर सकती है। साजिश के तहत उसकी हत्या कर फांसी का रुप दे दिया गया है। उन्होंने बताया कि शादी के बाद से ही उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। इधर, इस घटना की जानकारी मिलने के बाद गढ़वा थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर मृतका के ससुराल वालों को सौंप दिया है।

# जनता के टैक्स से अपनी संपत्ति बढ़ाने में लगे हैं भाजपा विधायक : रूचिर तिवारी

**निगम का सिर्फ क्षेत्रफल बढ़ा निगम वासियों मूलभूत सुविधाओं से वंचित नक्शा और होल्डिंग टैक्स का मचा हुआ है लूट : अरुणा शंकर**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी उपाध्यक्ष आलोक कुमार तिवारी एवं युवा अधिवक्ता अश्वनी त्रिपाठी ने ग्राम बड़कागांव,रजवाडीह,बारालोटा में जनसंपर्क अभियान चलाया साथ ही साथ बसंत पंचमी की अवसर पर विभिन्न पूजा पंडालों में मां सरस्वती के प्रतिमा रख रहे छात्रों से मुलाकात भी किया। जहां ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं और बुजुर्गों में जिला सचिव श्री रुचिर तिवारी के कार्यों की सराहना किया और कहा कि पिछले 10 सालों से भाजपा के विधायक आलोक चौरसिया ने ग्रामीण क्षेत्र का कभी भ्रमण नहीं किया एवं ग्रामीणों की समस्याओं से कभी भी रूबरू नहीं हुआ ऐसे जनप्रतिनिधि जनता के प्रतिनिधि नहीं



हो सकते हैं बल्कि वह केवल जनता के टैक्स के पैसा से वेतन लेकर अपनी संपत्ति बढ़ाने का काम कर रहे हैं। मौके पर जिला सचिव श्री तिवारी ने मशहूर व्यवसायी श्याम किशोर तिवारी, बैजनाथ शर्मा, एवं अन्य व्यवसायी भाइयों से मुलाकात किया। जहां मेदनीनगर नगर निगम में भी व्याप्त जन समस्याओं से अवगत हुआ। मौके पर जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र का क्षेत्रफल तो बढ़ गया लेकिन निगम क्षेत्र में एक भी काम धरातल पर नजर नहीं आता है बल्कि होल्डिंग टैक्स के नाम पर नक्शा बनाने के नाम पर करोड़ों रुपया की अवैध वसूली आम जनता से की जा रही है और यह वसूली का सिलसिला शहर के पूर्व मेयर अरुण शंकर के समय से ही शुरू होता चला आ रहा है और आज भी जारी है इस पर सारे जनप्रतिनिधि चुप्पी सादे हुए हैं। इन सभी जन समस्याओं के निदान हेतु भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी आम लोगों एवं व्यवसाययों को साथ लेकर आंदोलन करेगी। मौके पर श्याम किशोर तिवारी ने कहा कि सभी व्यवसाय भाइयों से अपील करना चाहते हैं कि इस बार 2024 बदलाव का वर्ष मानकर भाजपा के गुमशुदा विधायक को बदलकर भाजपा के युवा विधायक प्रत्याशी रुचिर तिवारी को समर्थन दे एवं जनता के असली नेता के रूप में इनको चुने। मौके पर ज्ञानी पंडित बैजनाथ शर्मा दीपक कुमार रितेश तिवारी, चंद्रशेखर तिवारी मृत्युंजय तिवारी, रामेश्वर साहू रमेश चौबे सहित कई लोग उपस्थित थे।

# माल गाड़ी ने पटरी पर फांसी बोलोरो गाड़ी को मारी टक्कर

**यह घटना लालगढ़ बिहार हाल्ट स्टेशन से कुछ ही दूरी पर पॉल संख्या 307/ 29 से 31 के बीच में घटी**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** यह मालगाड़ी गढ़वा की ओर जा रही थी। बोलेरो में कोई भी सवार नहीं था। जब यह टक्कर हुई संभवत बोलेरो में बैठे लोग और इसके चालक ने आती मालगाड़ी को देखकर बोलोरो से चलांग लगाकर भाग निकले। मालगाड़ी के इस टक्कर से बोलोरो गाड़ी इंजन में फंस गई और 75 मीटर तक घसीटते हुए रेलवे इंजन ले गया। खुशी की बात यह रही के किसी भी तरह की जान माल की छती नहीं हुई कोई भी जख्मी नहीं हुआ। ट्रैफिक इंस्पेक्टर रेलवे अनिल कुमार तिवारी ने प्रेस को बताया की यह मालगाड़ी 58 वैगन की थी। यह कोयले से लदी ट्रेन थी। जिस स्थान पर यह टक्कर हुई वहां काफी कुहासा था। इस वजह से इस मालगाड़ी के ड्राइवर को सावधानी नोट दिया गया था। यह सावधानी नोट था के इन हिस्सों से मालगाड़ी 30 किलोमीटर प्रति घंटे के रफ्तार से ही चलेगी। ट्रैफिक इंस्पेक्टर तिवारी ने प्रेस को बताया की चुके मालगाड़ी की स्पीड 30 किलोमीटर थी और यह बोलोरो पटरी पर फांसी हुई थी। इसलिए थका उतना भयानक नहीं हुआ क्योंकि ट्रेन की स्पीड 30 किलोमीटर प्रति घंटा थी। यदि यह मालगाड़ी अपने फुल स्पीड में होती तो कहानी ही कुछ और होती। बोलोरो गाड़ी को सख्त कर लिया गया है। इसे गढ़वा रोड रेलवे जंक्शन पोस्ट जहां आरपीएफ की तैनाती है और जहां आरपीएफ का माल खाना है। वहां बोलेरो को शक्ति स्थिति में रखा गया है।आरपीएफ के प्रभारी इंस्पेक्टर बनारसी यादव ने बताया कि इस बोलोरो गाड़ी के चालक और मालिक पर भारतीय रेल अधिनियम 153 और 174 बी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# प्रेमी के घर बच्चे के साथ रहने के लिए पहुंची प्रेमिका


नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** खरौंधी प्रखंड के मझिगावां गांव निवासी अपने प्रेमी के घर में रहने के लिए एक नन्ही बच्ची के साथ प्रेमिका लगभग 20 दिनों से उसके घर का चक्कर लगा रही है। बुधवार को महिला रेणु देवी प्रेमी रुपेश कुमार चंद्रवंशी के घर पूरे गांव समाज को लेकर पहुंची। इसके बाद रुपेश के घर वाले घर में ताला लगाकर भाग खड़े हुए। इससे क्षुब्ध होकर प्रेमिका ने जमकर हंगामा किया। रेणु देवी ने बताया कि वर्ष 2019 में रूपेश चंद्रवंशी के पास उसका रॉन्ग नंबर चला गया था। इसके बाद लगातार फोन पर बात होते रहा। इस बीच एक दूसरे से प्यार भी हो गया। वर्ष 2021 के बाद हम लोगों ने एक-दूसरे से मिलना शुरू किया। इसी बीच उनसे एक बच्ची का भी जन्म हुआ। रुपेश के द्वारा पहले तो बार-बार शादी करने का आश्वासन दिया जा रहा था, लेकिन नवंबर 2023 में जब उनके घर वालों के पास हमने फोन किया तो उनके द्वारा गाली गलौज किया गया।

## पेज एक का शेष

**विनोद सिंह और भानु बन...**

इस दौरान ईडी को विनोद सिंह और हेमंत सोरेन के बीच हुए वॉट्सएप चैट का पूरा ब्योरा मिला था,जिसमें बरियातू की उक्त 8.5 एकड़ जमीन पर बैंक्वेट हाल बनाने का मैप तो मिला ही था इसके अलावा अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग व प्रतियोगी परीक्षाओं के परीक्षार्थियों के लिए अनुशंसाएं व आग्रह भी था। हेमंत सोरेन और विनोद सिंह के बीच 201 पन्नों का चैट निकाला गया है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी ❖ दंत रोपण
❖ पायरिया का ईलाज ❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज ❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## कैलिफोर्निया में भारतीय मूल के जोड़े और चार वर्षीय जुड़वां बच्चों के शव मिले

**न्यूयॉर्क।** भारतीय-अमेरिकियों से जुड़ी एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में कैलिफोर्निया के सैन मेटो में एक दंपति और उनके चार वर्षीय जुड़वां बच्चे अपने घर के अंदर मृत पाए गए। पुलिस 42 वर्षीय आनंद सुजीत हेनरी, उनकी 40 वर्षीय पत्नी एलिस प्रियंका और उनके बेटे नूह और नीथन की मौत को हत्या व आत्महत्या, दोनों पहलुओं से जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि बेडरूम के अंदर दो बच्चों को मृत पाया। उनके शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं थे। पुरुष और महिला बाथरूम के अंदर मिले, उनके शरीर पर बंदूक की गोली के घाव थे।

## पीपीपी, पीएमएल-एन, एमक्यूएम-पी को छोड़कर इमरान बातचीत के लिए तैयार

**इस्लामाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान खान ने कहा है कि वह पीपीपी, पीएमएल-एन और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान के अलावा अन्य सभी राजनीतिक दलों से बात करने को इच्छुक हैं। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि पीटीआई के सूचना सचिव को बातचीत शुरू करने के लिए ऊपर उल्लिखित राजनीतिक दलों को छोड़कर अन्य राजनीतिक दलों से संपर्क करने का काम सौंपा गया है। खान ने जोर देकर कहा कि उनकी पार्टी की प्राथमिकता चुनाव के नतीजों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देना है।


## प्रधानमंत्री मोदी ने यूएई के प्रधानमंत्री से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दुबई में संयुक्त अरब अमीरात के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम से मुलाकात की। मोदी ने मकतूम को भारत यात्रा का निमंत्रण दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान जारी कर कहा कि दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, शिक्षा और लोगों से लोगों के संबंधों सहित द्विपक्षीय सहयोग के व्यापक क्षेत्रों पर चर्चा की। उन्होंने भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच तेजी से बढ़ते आर्थिक और वाणिज्यिक संबंधों पर संतोष व्यक्त किया और विशेष रूप से व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया।

## आयुर्वेद से दिल में 90 प्रतिशत ब्लॉकेज का शत प्रतिशत इलाज

**नई दिल्ली।** आयुर्वेद से जुड़ी एक अच्छी खबर है। अब आयुर्वेद दिल से जुड़ी बीमारी का भी इलाज करने में सफल है। ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद (एआईआईए) में 50 वर्षीय एक व्यक्ति का 90 प्रतिशत ब्लॉकेज का सफल इलाज किया गया है। इसके लिए किसी सर्जरी की आवश्यकता नहीं पड़ी और आयुर्वेद दवाइयों की मदद से वो ठीक हो गया। एआईआईए की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया कि 50 वर्षीय अवधेश कुमार दिल्ली के जैतपुर निवासी हैं और पेशे से आटो ड्राइवर हैं। नवंबर 2022 में इन्हें हार्ट अटैक पड़ा और एंजियोग्राफी में देखा गया कि इनकी आर्टरी में 90 फीसदी ब्लॉकेज था।

## जब एंकर बन स्मृति ईरानी ने लिया महामहिम का इंटरव्यू



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी अक्सर अपने मुखर जवाब के लिए जानी जाती हैं। विपक्ष को करारा जवाब देकर वो बोलती बंद कर देती हैं। लेकिन, केंद्रीय मंत्री इस बार नए अवतार में नजर आई हैं। इस बार स्मृति ईरानी एंकर बनी नजर आईं और उन्होंने देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का इंटरव्यू लिया। इस इंटरव्यू में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने जीवन का अनुभव साझा किया।

बताया कि कैसे वो आदिवासी महिला से लेकर देश के सर्वोच्च पद पर पहुंचीं। राष्ट्रपति का ये इंटरव्यू ऑल इंडिया रेडियो पर 13 फरवरी को प्रसारित किया गया था। यह इंटरव्यू केंद्रीय मंत्री की तरफ से आयोजित विशेष एपिसोड 'नई सोच, नई कहानी' का हिस्सा था। इस इंटरव्यू में राष्ट्रपति ने बताया कि उनका ये सपना नहीं था, क्योंकि मैं एक आम लड़की थी। जैसे गांव में दूसरे लड़के और लड़कियां होते हैं। ऐसे मैं भी थी। उनके साथ खेलती और स्कूल जाती थी। कभी मौका मिलता था तो किसी के गॉर्डन से अमरूद और आम चुराया करती थी। कभी मौका मिलता था तो घंटों तालाब में तैरती थी। राष्ट्रपति ने आगे कहा कि मैंने कभी सपना नहीं देखा था कि कभी देश के सर्वोच्च पद पर पहुंचना है या कोई बड़ा अफसर बनना है। साक्षात्कार में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने पूछा कि जब आपको पता चला कि आपको राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया जा रहा है, आप फोन नहीं उठा रही थी, किसी को साइकिल पर बैठकर आपके पास आना पड़ा।

इस पर महामहिम ने बताया कि उनके घर पर खराब मोबाइल नेटवर्क के कारण फोन नहीं लगता था, लेकिन मुझे मेरे बच्चों ने बताया कि मां तुम्हारा नाम राष्ट्रपति पद के लिए आ रहा है।

# बेहद भव्य और संस्कृतियों को जोड़ने वाला है यूएई का मंदिर

**एजेंसी। अबू धाबी**



यूएई में अबू धाबी के रेगिस्तान के बीच एक भव्य हिंदू मंदिर बना है। बीएपीएस हिंदू मंदिर का उद्घाटन बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। मंदिर लगभग पूरा बन गया है। दुबई-अबू धाबी शेख जायेद हाइवे पर अल रहबा के समीप स्थित बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) द्वारा निर्मित यह हिंदू मंदिर करीब 27 एकड़ जमीन पर बनाया गया है। इस मंदिर को करीब 700 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। मंदिर में मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा बुधवार सुबह शुरू हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने शाम को भव्य मंदिर के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। इसके साथ ही 10 फरवरी को मंदिर में शुरू हुए सद्भावना महोत्सव संपन्न हो गया। मंदिर में सात शिखर बनाए गए हैं इन पर भगवान राम, भगवान शिव, भगवान जगन्नाथ, भगवान कृष्ण, भगवान स्वामीनारायण, तिरुपति बालाजी और भगवान अयप्पा की मूर्तियां हैं। सात शिखर संयुक्त अरब अमीरात के सात अमीरात का प्रतिनिधित्व करते हैं। मंदिर में रामायण और महाभारत सहित भारत की 15 कहानियों के अलावा माया, एजटेक, मिस्र, अरबी, यूरोपीय, चीनी और अफ्रीकी सभ्यताओं की कहानियों को भी दशार्या गया है. मंदिर में ह्यशांति का गुंबद' और ह्यसौहार्द का गुंबद' भी बनाया गया है। मालूम हो कि हाल ही में 42 देशों के राजदूत सपरिवार मंदिर पहुंचे थे। यूएई में भारत के राजदूत संजय सुधीर ने इन्हें आमंत्रित किया था।

### 700 करोड़ में बना मंदिर

यह मंदिर पश्चिम एशिया का पत्थरों से बना सबसे बड़ा मंदिर होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसे बनाने में 700 करोड़ रुपए से ज्यादा की धनराशि खर्च हुई है। इस मंदिर को बेहद सावधानीपूर्ण डिजाइन किया गया है। मंदिर को बनाने में उत्तरी राजस्थान से अबू धाबी तक गुलाबी बलुआ पत्थर पहुंचाया गया। यूएई की भीषण गर्मी से इन पत्थरों को कुछ नहीं होगा।

### हिंदू मंदिर बनना गर्व की बात : मुमताज

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात (वअए) में पहले हिंदू मंदिर में जल्द प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। इसके लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएई के दौरे पर हैं। राम मंदिर के बाद यूएई में पहले हिंदू मंदिर बनने से देश में उत्साह का माहौल है। ऐसे में बॉलीवुड के कई सितारे भी अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं। हिंदी सिनेमा की दिग्गज एक्ट्रेस मुमताज इस वक्त यूएई में हैं और मंदिर के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने के लिए वह अपने पति के साथ आई हुई हैं। मंदिर को लेकर मुमताज ने अपनी खुशी जाहिर की है। एक्ट्रेस ने कहा है कि वह हर धर्म पर विश्वास रखती हैं, उनके लिए गर्व की बात है कि यूएई में पहला हिंदू मंदिर बन रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट ने उमर खालिद को जमानत याचिका वापस लेने की दी इजाजत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पूर्व जेएनयू छात्र और कार्यकर्ता उमर खालिद को अपनी जमानत याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। खालिद दिल्ली दंगों से संबंधित एक यूएपीए केस में सलाखों के पीछे हैं। खालिद की ओर से पेश होते हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली पीठ से परिस्थितियों में बदलाव के कारण जमानत याचिका को वापस लेने की बात कही। सिब्बल ने कहा कि खालिद निचली अदालत में जमानत के लिए नए सिरे से आवेदन करेंगे। हालांकि, वरिष्ठ वकील ने पीठ से यूएपीए के प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली खालिद की याचिका पर फैसला करने का अनुरोध किया। दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल और रजनीश भटनागर की पीठ ने 18 अक्टूबर, 2022 को नियमित जमानत की मांग की खालिद की अपील को खारिज कर दिया था।

## राष्ट्रपति ने बालाजी मंदिर में की पूजा

**दौसा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को उत्तर भारत के बड़े धर्मस्थलों में प्रसिद्ध मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन किए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी उनके साथ रहे। बालाजी महंत डॉक्टर नरेशपुरी महाराज ने मंदिर में राष्ट्रपति की अगवानी की और उन्हें विशेष पूजा-अर्चना करवाई। मुर्मू देश की पहली राष्ट्रपति हैं, जो बालाजी के दर्शन करने यहां पहुंचीं। उनकी यात्रा को लेकर बालाजी मंदिर में विशेष बंदोबस्त किए गए। प्रस्तावित यात्रा कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति सुबह साढ़े नौ बजे सांगानेर एयरपोर्ट से रवाना होकर मीन भगवान मंदिर के पीछे बने हैलीपैड पर हेलीकॉप्टर से लैंड हुई। राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर सहित चार हेलीकॉप्टर कड़ी सुरक्षा के बीच हैलीपेड पर उतरे। एक हेलीकॉप्टर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा यहां पहुंचे। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू बुधवार वायु सेना के हेलीकॉप्टर से मेहंदीपुर बालाजी पहुंचीं।

## प्रचंड बदलेंगे पार्टी का नाम 'माओवादी' शब्द हटा 'समाजवादी' जोड़ेंगे

**एजेंसी। काठमांडू**



नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड ने अपनी पार्टी का नाम बदलने का प्रस्ताव किया है। अब तक माओवादी पार्टी के नाम से पहचानी जाने वाली पार्टी के नाम से अब माओवादी शब्द को हटाकर समाजवादी रखने की तैयारी है। माओवादी पार्टी की काठमांडू में चल रहे विधान अधिवेशन के दौरान पार्टी के अध्यक्ष तथा प्रधानमंत्री प्रचंड ने पार्टी का नाम और झंडा बदलने का प्रस्ताव रखा है। प्रचंड ने कहा कि पार्टी के नाम में माओवादी शब्द से देश के भीतर और अन्तरराष्ट्रीय रूप से भी लोगों के देखने का नजरिया सकारात्मक नहीं है। उन्होंने पार्टी का नाम बदलने के पक्ष में दलील देते हुए कहा कि नाम बदलने से ना सिर्फ हमारी छवि में बदलाव होगा, बल्कि हमें देखने का विश्व का नजरिया बदलेगा और कई दलों के साथ एकता के लिए रास्ता भी खुल जाएगा।

पार्टी का नाम और झंडा बदलने का प्रस्ताव विधान अधिवेशन में रखने से पहले ही इसे पार्टी की स्टैंडिंग कमिटी, पोलिट ब्यूरो और सेंट्रल कमिटी से पारित कराया जा चुका है। पार्टी की उपाध्यक्ष पम्फा भूषाल ने कहा कि पार्टी के नाम में समाजवादी शब्द जोड़ने पर लगभग सहमति बन गई है। माओवादी पार्टी के विदेश विभाग प्रमुख राम कार्की ने कहा कि माओवादी शब्द के कारण हमारी छवि पूरी दुनिया में चाइना के समर्थक जैसी हो रही थी। उन्होंने कहा कि माओवादी नाम के कारण आज तक अमेरिका और यूरोप के कई देशों ने 20 साल पहले लगाए प्रतिबंध को अब तक बरकरार रखा है। पूर्व सांसद खिमलाल देवकोटा ने स्पष्ट रूप से कहा कि पार्टी के ऊपर लगे चाइनीज टैग को हटाने के लिए ही नाम को बदला जा रहा है।

## राजस्थान की धरती उगलेगी सोना

**जयपुर।** वीर भोग्या राजस्थान की धरा अब सोना उगलने की तैयारी में है। बांसवाड़ा के भूकिया जगपुरा में प्रदेश की पहली सोने की खानों की नीलामी की युद्ध स्तर पर तैयारी करते हुए सोने की दो खानों की ई-नीलामी की आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के साथ ही करीब एक माह में नीलामी के लिए भारत सरकार के ई पोर्टल पर निविदा जारी कर दी जाएगी। खान सचिव आनन्दी ने बताया कि बांसवाड़ा के घाटोल तहसील के भूकिया-जगपुरा के 14 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में सोने के विपुल भंडार हैं। भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग के भू-वैज्ञानिकों द्वारा इस क्षेत्र में तांबें की खोज के लिए किये जा रहे एक्सप्लोरेशन के दौरान यहां पहली बार स्वर्ण के संकेत देखे गये। इस क्षेत्र में व्यापक एक्सप्लोरेशन के बाद 113.52 मिलियन टन स्वर्ण अयस्क का आरंभिक आकलन किया गया है, जिसमें सोने के धातु की मात्रा 222.39 टन आंकी गई है।

## नवनिर्मित टर्मिनल भवन का लोकार्पण

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर नवनिर्मित टर्मिनल भवन फेज-2 का लोकार्पण किया। इस मौके पर केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। द्वितीय चरण में जौलीग्रांट एयरपोर्ट के टर्मिनल का 14 हजार वर्ग मीटर विस्तार किया गया। इसके बाद अब एयरपोर्ट के टर्मिनल का कुल विस्तार 42 हजार वर्ग मीटर में हो गया है। जौलीग्रांट एयरपोर्ट का टर्मिनल दो चरणों में 486 करोड़ की लागत से बना है। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार व्यक्त किया। कहा, उनके अनुरोध पर पिथौरागढ़-हिंडन हवाई सेवा की प्रक्रिया शुरू करने और इमरजेंसी मेडिकल सर्विस के लिए हेलीकॉप्टर की उत्तराखंड से शुरूआत करने की बात कहे जाने पर मंत्री का आभार व्यक्त किया।

## भारत के बड़ी भूमिका निभाने से आईईए को होगा फायदा : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की मंत्रिस्तरीय बैठक को वर्चुअली संबोधित करते हुए समावेशिता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत के इसमें बड़ी भूमिका निभाने से आईईए को फायदा होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि समावेशिता किसी भी संस्थान की विश्वसनीयता और क्षमता को बढ़ाती है। 1.4 अरब भारतीय प्रतिभा, प्रौद्योगिकी और नवाचार के साथ तैयार हैं। हम प्रत्येक मिशन में पैमाना और गति, मात्रा और गुणवत्ता लाते हैं। प्रधानमंत्री ने आईईए की मंत्रिस्तरीय बैठक के सफल होने की कामना की और कहा कि हमें एक स्वच्छ, हरित और समावेशी विश्व का निर्माण करना है। जलवायु परिवर्तन के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में विश्व की 17 प्रतिशत आबादी है। हम बिजली उपलब्ध कराने की दुनिया की कुछ सबसे बड़ी पहल चला रहे हैं।

# पाकिस्तान में नवाज प्रधानमंत्री और आसिफ अली जरदारी राष्ट्रपति बनने की राह पर आगे बढ़े

**एजेंसी। इस्लामाबाद**



पाकिस्तान में आम चुनाव के बाद किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिलने के बाद जोड़ तोड़ में जुटी राजनीतिक पार्टियों ने आपसी सहमति से समाधान की तरफ बढ़ रही है। ताजा घटनाक्रम में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी के प्रधानमंत्री पद की दौड़ से पीछे हटने के साथ ही पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के प्रमुख नवाज शरीफ के चौथी बार देश के प्रधानमंत्री बनने की संभावना बढ़ गई है। वहीं दोनों दलों के बीच आपसी सहमति के बीच बिलावल भुट्टो-जरदारी ने आसिफ अली जरदारी को राष्ट्रपति बनाने की वकालत की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह भावना केवल उनके पारिवारिक संबंधों के कारण नहीं है, बल्कि उनके इस विश्वास में निहित है कि, देश के सामने मौजूद मौजूदा महत्वपूर्ण संकट को देखते हुए, आसिफ अली जरदारी के पास चुनौतियों का समाधान करने और उन्हें कम करने की क्षमता है। वहीं जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों की संसद में सबसे अधिक सीटों पर जीतने के बाद भी सत्ता से दूर लग रही है। बिलावल ने अपनी अध्यक्षता में हुई पीपीपी की उच्चाधिकार प्राप्त केंद्रीय कार्यकारी समिति की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनकी पार्टी केंद्र में सरकार बनाने के लिए जनादेश प्राप्त करने में विफल रही। बिलावल (35) ने कहा, इस वजह से मैं खुद को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद की दौड़ के लिए आगे नहीं रखूंगा। इससे पहले, पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक बार फिर पुष्टि की कि पीएमएल(एन) के प्रमुख नवाज शरीफ (74) चौथी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। शहबाज ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैंने कहा था कि नवाज शरीफ चौथी बार प्रधानमंत्री बनेंगे, और मैं आज भी इस बात पर कायम हूं कि वह चौथी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। शहबाज शरीफ ने कहा कि उन्होंने बिलावल और उनके पिता आसिफ अली जरदारी से बात की है और नवाज शरीफ को समर्थन देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, ह्यह्यहमें उम्मीद है कि हम साथ मिलकर पाकिस्तान को सभी राजनीतिक और आर्थिक संकटों से बाहर निकालने में सक्षम होंगे, इंशाल्लाह। सरकार गठन को लेकर पीएमएल-एन और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) ने भी मंगलवार को बैठक की है। दोनों पार्टियां आपसी सहयोग से आगे बढ़ने पर सहमत हुईं और शहबाज शरीफ ने समर्थन के लिए एमक्यूएम-पी को धन्यवाद दिया। एमक्यूएम के संसद में 17 सांसद हैं। शहबाज ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने पीपीपी के साथ गठबंधन करने से इनकार कर दिया, जिसके बाद पीएमएल-एन एकमात्र ऐसी पार्टी रह गई, जिसने पीपीपी को सरकार में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। इमरान खान ने देश में किसी भी मुख्य राजनीतिक दल के साथ गठबंधन की सरकार बनाने के विचार को खारिज कर दिया और दावा किया कि काले धन को सफेद बनाने के काम में बड़े पैमाने पर लगे लोगों को सत्ता में लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक खान (71) ने रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अडियाला जेल में संवाददाताओं से बात की। खान ने कहा कि पीएमएल-एन, पीपीपी और मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम) के साथ कोई बातचीत नहीं होगी लेकिन उन्होंने अन्य सभी पार्टियों और समूहों से संपर्क करने की इच्छा जताई है। बिलावल ने कहा कि पार्टी ने सार्वजनिक महत्व के मुद्दों पर अभियान चलाकर राजनीतिक स्थिरता बहाल करने और मौजूदा विषाक्त राजनीतिक माहौल को समाप्त करने पर ध्यान केंद्रित किया है। पीपीपी पाकिस्तान के पीएम सहित महत्वपूर्ण वोटों का समर्थन करने और स्थिर सरकार के गठन को सुनिश्चित करने के लिए कई मुद्दों को संबोधित करने के लिए तैयार है।

## मोदी ने दुबई में मेडागास्कर के राष्ट्रपति से मुलाकात की



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दुबई में विश्व सरकार शिखर सम्मेलन से इतर मेडागास्कर के राष्ट्रपति एंड्री राजोएलिना से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात थी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान जारी कर कहा कि दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे मैत्रीपूर्ण संबंधों और प्राचीन भौगोलिक संबंधों को मान्यता दी।

उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की और संयुक्त राष्ट्र सहित विभिन्न बहुपक्षीय मंचों पर दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग की सराहना की।

प्रधानमंत्री ने भारत-मेडागास्कर साझेदारी को और मजबूत करने और विजन सागर - क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि हिंद महासागर क्षेत्र में एक साथी विकासशील देश के रूप में, भारत मेडागास्कर की विकास यात्रा में एक प्रतिबद्ध भागीदार बना रहेगा।